

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 338 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 16 सितम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## ओमान तट के पास जहाज पर हमला, भारतीय नाविक लापता

### 13 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचाया गया, एक की तलाश में अभियान जारी

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। ओमान के तट के पास रविवार को एक वाणिज्यिक जहाज पर हुए हमले के बाद एक भारतीय नाविक लापता हो गया। जहाज पर कुल 14 भारतीय नागरिक सवार थे, जिनमें से 13 को सुरक्षित बचा लिया गया है। लापता नाविक की तलाश के लिए ओमानी अधिकारियों के साथ मिलकर बचाव एवं तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित द्वि-साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में बताया कि यह घटना ओमान के तट के पास हुई। उन्होंने कहा कि ओमानी



अधिकारियों की सहायता से 13 भारतीय नाविकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि एक नाविक अभी भी लापता है। उन्होंने बताया कि ओमान स्थित भारतीय दूतावास पूरे मामले पर लगातार नजर बनाए हुए है। दूतावास ओमानी अधिकारियों के साथ संपर्क में है और लापता भारतीय नाविक की तलाश में हरसंभव सहयोग कर रहा है।

**जहाजों और नाविकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य**

विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों, नाविकों, आम नागरिकों और नागरिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जाना भारत के लिए पूरी तरह अस्वीकार्य है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय जलमार्गों में सुरक्षित तथा निर्बाध नौवहन और व्यापारिक गतिविधियों को शीघ्र बहाल किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। विदेश मंत्रालय ने रवि-वार को ओमान के तट के पास एमटी एल गैया नामक वाणिज्यिक जहाज पर हुए हमले की निंदा की थी। मंत्रालय ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव को तत्काल कम करने तथा शांति और स्थिरता के लिए बातचीत एवं कूटनीति का मार्ग अपनाने की अपील दोहराई है।

**समुद्री बारूदी सुरंग से टकराने का ईरान का दावा**

*इस बीच, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की नौसेना ने दावा किया है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने का प्रयास कर रहे एक बड़े तेल टैंकर में समुद्री बारूदी सुरंग से टकराने के बाद विस्फोट हुआ और उसमें आग लग गई।*

*क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। भारत ने सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने तथा समुद्री मार्गों पर सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने की अपील की है।*

## ‘कमला लड़ेंगी तो मैं हट जाऊंगा’, 2028 की दौड़ पर न्यूजम का बड़ा बयान

*कैलिफोर्निया के गवर्नर ने कहा–दोनों के बीच मुकाबले से डेमोक्रेटिक पार्टी को नुकसान हो सकता है*

वाशिंगटन। अमेरिका में 2028 के राष्ट्रपति चुनाव की तैयारियां अभी से चर्चा में आने लगी हैं। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजम ने संकेत दिया है कि यदि पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव मैदान में उतरती हैं तो वह अपनी दावेदारी वापस ले सकते हैं।

न्यूजम ने सीएनएन को दिए साक्षात्कार में कहा कि कमला हैरिस के खिलाफ चुनाव लड़ना मतदाताओं के सामने अनावश्यक मुकाबला खड़ा करने जैसा होगा। उनका मानना है कि दोनों नेताओं के बीच सीधा मुकाबला होने से डेमो क्रेटिक पार्टी में विभाजन बढ़ सकता है.

## पहाड़ों से रेगिस्तान तक भारत-अमेरिका की सेनाओं का शक्ति प्रदर्शन

### ‘युद्ध अभ्यास-2026’ का 22वां संस्करण शुरू, आधुनिक तकनीक और संयुक्त युद्ध कौशल पर जोर

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका की सेनाएं एक बार फिर संयुक्त सैन्य अभ्यास के माध्यम से युद्ध कौशल, तकनीक और आपसी तालमेल की क्षमता को परख रही हैं। दोनों देशों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास युद्ध अभ्यास-2026 का 22वां संस्करण मंगलवार से शुरू हो गया। इस बार अभ्यास की खासियत यह है कि इसे उत्तराखंड के ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्र औली से लेकर राजस्थान के महाजन क्षेत्र तक अलग-अलग भौगोलिक परिस्थितियों में आयोजित किया जा रहा है।

औली में 14वीं पैदल सेना डि-वीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल अमरेश गुंजन ने भारतीय सैनिकों से संवाद किया। वहीं अमेरिकी सेना की 11वीं हवाई डिवीजन की पहली पैदल सेना ब्रिगेड युद्धक दल के कमांडर कर्नल बेंजामिन जैकमैन ने भी सैनिकों को संबोधित किया। अभ्यास में भारत और अमेरिका के लगभग 600-600 सैन्यकर्मी



हिस्सा ले रहे हैं।

अभ्यास के दौरान दोनों देशों की सेनाएं पर्वतीय और अर्ध-पर्वतीय क्षेत्रों में संयुक्त युद्धक दलों के संचालन की क्षमता को मजबूत करेंगी। इसमें विशेष रूप से पैदल सेना आधारित अभियानों पर ध्यान दिया जाएगा। अलग-अलग परिस्थितियों में सैनिक एक-दूसरे के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करते हुए अभियान चलाने की रणनीति और कार्यप्रणाली का अभ्यास करेंगे।

**आधुनिक तकनीक का भी होगा इस्तेमाल**

‘युद्ध अभ्यास-2026’ में आधुनिक तकनीक को भी विशेष महत्व दिया गया है। निगरानी और टोह लेने के लिए मानव रहित विमान तथा स्वचालित प्रणालियों का प्रयोग किया जाएगा। वहीं राजस्थान के महाजन क्षेत्र में आधुनिक हथियार प्रणालियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

अभ्यास के दौरान दोनों देशों के सैन्य विशेषज्ञ उभरती युद्ध तकनीकों और बहु-क्षेत्रीय युद्धकला में हो रहे बदलावों पर विचार-विमर्श करेंगे। रणनीति, तकनीक और सैन्य संचालन की प्रक्रियाओं को साझा करने से दोनों सेनाओं के बीच आपसी तालमेल तथा संयुक्त अभियान चलाने की क्षमता को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

**नौसेनाओं ने भी किया था संयुक्त अभ्यास**

इससे पहले अगस्त में भारत और अमेरिका की नौसेनाओं ने भी संयुक्त अभ्यास किया था। कोच्चि स्थित नौसेना की दक्षिणी कमान में 10 से 14 अगस्त तक आयोजित इस अभ्यास में समुद्र के भीतर छिपे विस्फोटक खतरों की पहचान और उन्हें निष्क्रिय करने का प्रशिक्षण दिया गया था। अभ्यास के दौरान दोनों देशों के नौसैनिक विशेषज्ञों ने अपनी तकनीक और कार्यप्रणाली साझा की। विशेषज्ञों के बीच विचार-विमर्श, संयुक्त प्रशिक्षण, उपकरणों का प्रदर्शन तथा विभिन्न चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों पर आधारित व्यावहारिक अभ्यास भी किए गए।

भारत और अमेरिका के बीच लगातार हो रहे ऐसे संयुक्त सैन्य अभ्यास दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग, समन्वय और संयुक्त अभियान क्षमता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं।

## किरायेदार का एग्रीमेंट सस्ता हुआ, लेकिन किरायेदार की जिंदगी कब सस्ती होगी ?

### सरकार ने पंजीकरण शुल्क घटाया, अब सवाल–मकान का किराया, बिजली और दूसरी लागत पर कब होगी बात ?





समाज जागरण /रमन कुमार झा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने मकान, दुकान और गोदाम किराये पर लेने-देने वालों को राहत देते हुए किरायेदारी अनुबंध के पंजीकरण शुल्क को लेकर नई व्यवस्था को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार अब किरायेदा-री अनुबंध के लिए पहले की तरह संपत्ति के बाजार मूल्य या निर्धारित दर के आधार पर भारी शुल्क नहीं देना होगा। इसके स्थान पर सालाना किराये के आधार पर निर्धारित शुल्क लिया जाएगा।

नई व्यवस्था के तहत यदि किसी मकान, दुकान या गोदाम का सालाना किराया दो लाख रुपये है तो अनुबंध के लिए केवल एक हजार रुपये शुल्क देना होगा। छह लाख रुपये सालाना किराये पर तीन हजार रुपये और दस लाख रुपये सालाना किराये पर 4,500 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। सरकार का मानना है कि इससे किरायेदार और मकान मालिक दोनों के लिए किरायेदारी की प्रक्रिया सरल होगी और आर्थिक बोझ कम होगा।

लेकिन यहां एक बड़ा सवाल भी खड़ा होता है–क्या केवल किरायेदारी अनुबंध सस्ता होने से किरायेदार की वास्तविक समस्या खत्म हो जाएगी?

**समाज जागरण विश्लेषण**

किरायेदारी अनुबंध का शुल्क कम करना निश्चित रूप से स्वागत योग्य कदम है, लेकिन देश के करोड़ों किरायेदारों की सबसे बड़ी समस्या अनुबंध का शुल्क नहीं, बल्कि लगातार बढ़ता मकान किराया और किराये के साथ जुड़ी अतिरिक्त लागत है।

नोएडा जैसे औद्योगिक और रोजगार वाले शहरों में स्थिति को देखा जाए तो कम आय वाले परिवार के सामने चुनौती और बड़ी दिखाई देती है। यदि किसी श्रमिक या निम्न आय वाले कर्मचारी की मासिक आय करीब 16-17 हजार रुपये है, तो परिवार के साथ रहने के लिए पांच से सात हजार रुपये या उससे अधिक केवल मकान के किराये में चले जाते हैं।

इसके बाद बिजली का खर्च अलग समस्या बन जाता है। कई किरायेदारों की शिकायत रहती है कि उन्हें बिजली वास्तविक दर से अधिक दर पर दी जाती है। उदाहरण के तौर पर जहां बिजली की दर लगभग सात रुपये प्रति इकाई पड़ती है, वहीं कुछ स्थानों पर किरायेदारों से 12 रुपये या उससे अधिक प्रति इकाई वसूले जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। मीटर की शुद्धता को लेकर भी किरायेदारों के बीच सवाल उठते हैं।

ऐसे में एक सामान्य परिवार की आय का बड़ा हिस्सा मकान किराया, बिजली, पानी और आवागमन में ही समाप्त हो जाता है। इसके बाद बच्चों की विद्यालय फीस, राशन, दवा, कपड़े और रोजमर्रा के दूसरे खर्च पूरे करने की चुनौती सामने आती है।

**किरायेदार भी है सरकार का नागरिक**

नीति बनाते समय यह भी समझना होगा कि मकान मालिक और किरायेदार दोनों समाज का हिस्सा हैं। मकान मालिक संपत्ति का स्वामी है तो किरायेदार भी किसी न किसी शहर और क्षेत्र का नागरिक तथा मतदाता है।

इसलिए आवश्यकता केवल किरायेदारी अनुबंध को सस्ता बनाने की नहीं, बल्कि किरायेदारों को अनुचित आर्थिक बोझ से बचाने वाली व्यवस्था बनाने की भी है।

सरकार को यह विचार करना चाहिए कि किराये की संपत्तियों में बिजली की दर, मीटर की जांच, अतिरिक्त शुल्क और किराये में मनमानी वृद्धि को लेकर स्पष्ट नियम और शिकायत निवारण की प्रभावी व्यवस्था हो। साथ ही किरायेदार को डिजिटल भुगतान की सुविधा देने और किराये की पारदर्शी रसीद उपलब्ध कराने को भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

किरायेदारों के लिए अनुबंध का शुल्क कुछ हजार रुपये कम होना राहत है, लेकिन यदि हर महीने की आय का बड़ा हिस्सा किराये और दूसरी अनिवार्य लागत में चला जाता है तो असली राहत अभी बाकी है।

सरकार से उम्मीद है कि किरायेदारी अनुबंध को सस्ता करने के बाद अगला कदम किराये और उससे जुड़े खर्चों में पारदर्शिता तथा किरायेदारों के अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में होगा। समाज जागरण विश्लेषण

## अभिषेक-संजू की तूफानी बल्लेबाजी से भारत की धमाकेदार जीत

*अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त*

नई दिल्ली। भारत ने अफगानिस्तान को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 7 विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 159 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर 15वें ओवर में ही जीत हासिल कर ली। दोनों बल्लेबाजों ने चौकों-छक्कों की जमकर बारिश की और अफगानिस्तान के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया।

## भारत में फिर गूंज सकती है फॉमूर्ला वन की रफ्तार

### केंद्र सरकार ने कार्यबल गठित किया, 2028 में ग्रां प्री की वापसी की संभावनाओं का होगा आकलन

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। भारत में फॉमूर्ला वन और मोटर खेलों को फिर से बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए एक कार्यबल का गठन किया है। यह कार्यबल देश में मोटर खेलों से जुड़े ढांचे, कर संबंधी अड़चनों और आयोजन में आने वाली अन्य चुनौतियों का अध्ययन करेगा।

कार्यबल भारत में मोटर खेलों के सतत विकास के लिए नीतिगत उपाय सुझाने के साथ एक समग्र कार्ययोजना भी तैयार करेगा। बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजनों से होने वाले आर्थिक, पर्यटन और निवेश संबंधी लाभों का आकलन करने के अलावा आधारभूत ढांचे और



आवश्यक सुविधाओं की जरूरत भी तय की जाएगी।

कार्यबल मोटर खेलों के लिए व्यापक नीति और सार्वजनिक-निजी भागीदारी की संभावनाओं पर भी सुझाव देगा। सबसे अहम जिम्मेदारी 2028 में भारत में फॉमूर्ला वन ग्रां प्री आयोजित करने की व्यवहार्यता का आकलन करना है।

यदि योजना आगे बढ़ती है तो भारत में एक बार फिर फॉमूर्ला वन कारों की रफ्तार देखने को मिल सकती है। इससे मोटर खेलों के साथ पर्यटन, निवेश और भारत की अंतरराष्ट्रीय पहचान को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## यूपीआई भुगतान पर शुल्क बचाने के ये तरी के जानें दुकानदार

नई दिल्ली। यूपीआई ने दुकानों और छोटे कारोबारियों के लिए भुगतान को आसान बना दिया है। हालांकि बड़े मूल्य के व्यापारिक यूपीआई भुगतानों पर शुल्क लगने की चर्चा के बीच दुकानदार भुगतान लागत को लेकर चिंतित हैं। ऐसे में कारोबारी अपने भुगतान माध्यम और लेनदेन की व्यवस्था को बेहतर तरीके से प्रबंधित कर खर्च कम कर सकते हैं। दुकानदारों के लिए जरूरी है कि वे व्यक्तिगत और व्यापारिक खाते का अंतर समझें, सही भुगतान माध्यम चुनें, बैंक और भुगतान सेवा प्रदाता की शुल्क दरों की तुलना करें, ग्राहकों को अन्य भुगतान विकल्प भी उपलब्ध कराएं और अपने लेनदेन की नियमित समीक्षा करें।

## शारीरिक चुनौतियों को मात देकर भक्ति शर्मा ने जीते दो पदक

### पैरा निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य, टीम स्पर्धा में रजत

समाज जागरण /रमन कुमार झा

नई दिल्ली। दक्षिण कोरिया के चांगवोन में आयोजित पैरा निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप-2026 में भारत की भक्ति शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक जीते। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच-1 की व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य और



टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। बोलने-सुनने और चलने में कठिनाई के बावजूद भक्ति ने अपनी चुनौतियों को सफलता की राह में बाधा नहीं बनने दिया। उनके पिता योगेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि कठिनाइयां बहुत हैं, लेकिन बेटी के अच्छे परिणाम मिलने पर सारी परेशानियां भूल जाती हैं। उन्होंने बच्चों को संदेश दिया कि हार नहीं माननी चाहिए और लगातार प्रयास करते रहना चाहिए।

## नंदीग्राम में ममता बनर्जी की बढ़ी मुश्किलें, भाजपा ने चला भावनात्मक दांव

### तृणमूल में बगावत और कांग्रेस के अलग मैदान में उतरने से मुकाबला हुआ दिलचस्प

**समाज जागरण**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की हाई प्रोफाइल नंदीग्राम विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने दिवंगत पूर्व निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की मां हासीरानी रथ को उम्मीदवार बनाकर भावनात्मक दांव चला है। भाजपा के इस फैसले से



मुकाबला और रोचक हो गया है। नंदीग्राम सीट ममता बनर्जी के लिए पहले से ही राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण रही है। वहीं तृणमूल कांग्रेस में सामने आ रही नाराजगी, कांग्रेस के अलग चुनाव लड़ने और हुमायूं कबीर के तेवरों ने सत्तारूढ़ दल की चुनौती बढ़ा दी है।

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी की ओर से लगाए गए गंभीर आरोपों ने भी चुनावी माहौल को गरमा दिया है। ऐसे में नंदीग्राम उपचुनाव में मुकाबला केवल एक सीट का चुनाव न रहकर पश्चिम बंगाल की राजनीति में प्रभाव और प्रतिष्ठा की लड़ाई बनता दिखाई दे रहा है।

भाजपा के नए उम्मीदवार के जरिए भावनात्मक मुद्दे को चुनावी मैदान में उतारने की रणनीति कितनी प्रभावी रहती है, इसका फैसला मतदाता करेंगे। फिलहाल नंदीग्राम में बढ़ती राजनीतिक हलचल ने ममता बनर्जी के सामने चुनौती जरूर बढ़ा दी है।



# 2024 की कहानी दोहराएगी सपा या योगी फिर लिखेंगे सत्ता की पटकथा

संजय सक्सेना,लखनऊ, वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की आहट के साथ सत्ता की लड़ाई अब धीरे-धीरे अपने असली रूप में सामने आने लगी है। भारतीय जनता पार्टी के सामने सबसे बड़ी चुनौती सरकार की उपलब्धियों को चुनावी वोट में बदलने की है, जबकि समाजवादी पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में मिले अप्रत्याशित बढ़त को विधानसभा की सत्ता तक पहुंचाने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शासन मॉडल और अखिलेश यादव का पीडीए गठजोड़ आमने-सामने है। सवाल सिर्फ यह नहीं कि कौन आगे है, बल्कि यह है कि 2024 में बदला सामाजिक समीकरण 2027 में कितना टिकाऊ साबित होता है। 403 विधानसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में 2022 का जनादेश भाजपा के पक्ष में बेहद स्पष्ट था। भाजपा ने 255 सीटें जीतीं और समाजवादी पार्टी 111 सीटों तक पहुंची। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव ने इस तस्वीर को पूरी तरह झकझोर दिया। भाजपा 33 लोकसभा सीटों पर सिमट गई, जबकि सपा ने 37 सीटें जीतकर प्रदेश की सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया। भाजपा का मत प्रतिशत करीब 41 प्रतिशत था और सपा का लगभग 34 प्रतिशत। अंतर बहुत बड़ा नहीं था, लेकिन सीटों में उसका प्रभाव असाधारण रहा। यही वजह है कि भाजपा 2027 को 2024 की भरपाई का चुनाव मानकर चल रही है। भाजपा की रणनीति का पहला हथियार शासन का रिपोर्ट कार्ड है। पार्टी 2012 से 2017 के सपा शासन और 2017 के बाद योगी सरकार के बीच सीधी तुलना करने की तैयारी में है। कानून व्यवस्था, माफिया पर कार्रवाई, महिला सुरक्षा, बिजली, गरीब कल्याण और बुनियादी ढांचा इस तुलना के प्रमुख आधार होंगे।

भाजपा का तर्क होगा कि 2017 के बाद प्रदेश में अपराधियों पर कार्रवाई की नीति बदली और शासन में प्रशासनिक कठोरता आई।सरकार के आंकड़े भी इस दावे को राजनीतिक ताकत देते हैं। 2017 के बाद हजारों अपराधियों की गिरफ्तारी, गैंगस्टर कानून के तहत कार्रवाई और अरबों रुपये की संपत्तियों की जब्ती को भाजपा चुनावी प्रचार में प्रमुखता से इस्तेमाल कर सकती है। लेकिन यहीं विपक्ष का सवाल भी खड़ा होगा। क्या कठोर कार्रवाई का मतलब अपराध पूरी तरह खत्म हो जाना है? क्या थाने से लेकर अदालत तक आम आदमी को समान सुरक्षा और न्याय मिल रहा है? 2027 में भाजपा को आंकड़ों के साथ इन सवालों का जवाब भी देना होगा।विकास भाजपा का दूसरा बड़ा स्तंभ होगा। उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे का विस्तार, नए हवाई अड्डे, औद्योगिक परियोजनाएं, बिजली व्यवस्था, एक जनपद एक उत्पाद और निवेश को बढ़ावा देने वाली नीतियां सरकार की उपलब्धियों में गिनी जाएंगी। 2026 के बजट में पूंजीगत व्यय के लिए दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान भी विकास की प्राथमिकता को दशार्ता है। सरकार निवेश प्रस्तावों और संभावित रोजगार के बड़े आंकड़े पेश कर सकती है।

लेकिन चुनावी राजनीति में प्रस्ताव और परिणाम के बीच का अंतर बहुत मायने रखता है। निवेश के हजारों प्रस्ताव होना अलग बात है और उन प्रस्तावों से जमीन पर कारखाने और रोजगार पैदा होना अलग। युवा पूछेगा कि नौकरी कहां है, किसान पूछेगा कि आमदनी कितनी बढ़ी, व्यापारी पूछेगा कि कारोबार कितना सुधरा और परिवार पूछेगा कि महंगाई के बीच उसकी बचत कितनी बची। इसलिए भाजपा के लिए विकास का असली रिपोर्ट कार्ड सरकारी विज्ञप्ति नहीं, मतदाता का अनुभव होगा। अखिलेश यादव की सबसे बड़ी ताकत 2024 का सामाजिक संदेश है। सपा ने पीडीए के जरिए पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक मतदाताओं को एक साझा राजनीतिक मंच देने की कोशिश की और लोकसभा चुनाव में उसे महत्वपूर्ण सफलता मिली। अब पार्टी दलित समाज के बीच अपनी पहुंच बढ़ाने और सामाजिक न्याय के सवाल को चुनावी अभियान का केंद्रीय मुद्दा बनाने की तैयारी में है। संविधान, आरक्षण और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के सवालों को भाजपा के खिलाफ व्यापक सामाजिक गोलबंदी में बदलने की कोशिश होगी। लेकिन पीडीए की राह भी आसान नहीं है।

यादव और मुस्लिम मतदाताओं का पारंपरिक आधार सपा के साथ रहा है, लेकिन गैर यादव पिछड़ों और दलितों को स्थायी रूप से जोड़ना अलग चुनौती है। 2024 में किसी मुद्दे या राजनीतिक परिस्थिति के कारण बना गठबंधन 2027 में अपने आप कायम रहेगा, यह मान लेना सपा के लिए जोखिम भरा होगा। उसे टिकट वितरण से लेकर संगठन तक वास्तविक भागीदारी दिखानी होगी। भाजपा इसी कमजोर कड़ी पर चोट करेगी। गैर यादव पिछड़े, गैर जाटव दलित, सवर्ण, महिलाएं और छोटे सामाजिक समूह उसके सामाजिक समीकरण के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। पार्टी का संदेश होगा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जाति देखकर नहीं बल्कि जरूरत के आधार पर दिया गया। मुफ्त राशन, आवास, बिजली, स्वास्थ्य और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी भाजपा के सबसे बड़े प्रचारक बनाए जा सकते हैं। बूथ स्तर पर लाभार्थियों से संपर्क इसी रणनीति का हिस्सा है। 2024 के झटके के बाद भाजपा के लिए सबसे बड़ा सवाल यह है कि उसके सामाजिक आधार में दरार कहां और क्यों आई। यदि वह केवल हिंदुत्व और कानून व्यवस्था के सहारे आगे बढ़ती है और रोजगार, महंगाई तथा सामाजिक प्रतिनिधित्व के सवालों को पीछे छोड़ देती है, तो विपक्ष को हमला करने का मौका मिलेगा।


भाजपा के लिए हिंदुत्व उसका वैचारिक आधार है, लेकिन सत्ता में वापसी के लिए उसे शासन के प्रदर्शन की विश्वसनीयता भी साबित करनी होगी।अखिलेश के सामने भी उतनी ही कठिन परीक्षा है। पीडीए को सत्ता विरोधी भावना से जोड़ना आसान है, लेकिन 403 सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करना और अलग-अलग सामाजिक समूहों को साथ रखना कठिन। सपा को यह बताना होगा कि सरकार बदलने के बाद रोजगार, कानून व्यवस्था, निवेश, किसान और गरीबों के लिए उसकी ठोस नीति क्या होगी। केवल भाजपा विरोधी राजनीति से सत्ता की सीढ़ी पूरी नहीं होगी।यही कारण है कि 2027 की लड़ाई में असली मुकाबला दो नारों का नहीं, दो राजनीतिक मॉडलों का होगा। भाजपा शासन, सुरक्षा, विकास और हिंदुत्व को जोड़कर जनता के सामने जाएगी। सपा सामाजिक न्याय, पीडीए और प्रतिनिधित्व को अपना आधार बनाएगी।

2022 का जनादेश भाजपा की ताकत दिखाता है और 2024 का परिणाम उसकी कमजोर कड़ियां। आखिरकार उत्तर प्रदेश का मतदाता दोनों से एक ही सवाल पूछेगा काम क्या किया और आगे क्या करेंगे। भाजपा के पास नौ साल का शासन रिकॉर्ड है, सपा के पास सत्ता में लौटने की राजनीतिक बेचैनी और 2024 का आत्मविश्वास। अगर भाजपा 2024 की चोट से सबक लेकर अपने सामाजिक समीकरण को फिर मजबूत कर लेती है, तो योगी की राह आसान होगी। अगर अखिलेश पीडीए को जातीय गठजोड़ से आगे बढ़ाकर व्यापक सामाजिक गठबंधन बना लेते हैं, तो मुकाबला बेहद कठिन होगा। 2027 में फैसला इसी बात से होगा कि कौन दल आंकड़ों, संगठन और सामाजिक भरोसे को एक साथ चुनावी ताकत में बदल पाता है।

# टेम्स के तट पर गूंजा भारतीय संस्कृति का शंखनाद

महेन्द्र तिवारी

मानव सभ्यता का इतिहास गवाह है कि दुनिया की महान संस्कृतियां नदियों के किनारे ही पनपी और पल्लवित हुई हैं। नदियां केवल जल का भौतिक स्रोत नहीं हैं, बल्कि वे जीवन, संस्कृति और आध्यात्म का अविरल प्रवाह हैं। भारतीय जनमानस में नदियों को माता का सर्वोच्च दर्जा प्राप्त है और गंगा नदी तो असीम आस्था, मोक्ष तथा पवित्रता का परम प्रतीक मानी जाती है। इसी पावन भावना का एक अभूतपूर्व, विहंगम और ऐतिहासिक दृश्य 13 सितंबर 2026 को ब्रिटेन की राजधानी लंदन में देखने को मिला। लंदन के हृदय से बहने वाली टेम्स नदी के तट पर पहली बार भव्य आरती का आयोजन किया गया। यह एक ऐसा क्षण था जिसने हजारों मील दूर बसे भारतीयों को उनके मूल सांस्कृतिक संस्कारों से गहराई से जोड़ दिया। टेम्स नदी के किनारे गूंजते वैदिक मंत्र और शंख की पवित्र ध्वनि ने एक ऐसा अलौकिक वातावरण निर्मित कर दिया, मानो लोग लंदन में नहीं, बल्कि काशी, हरिद्वार या ऋषिकेश के किसी प्राचीन और पवित्र घाट पर खड़े हों।




इस भव्य और ऐतिहासिक आयोजन को चिन्मय मिशन द्वारा अपने 75 वर्ष पूरे होने के विशेष उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम को लंदन में हर वर्ष मनाए जाने वाले पूर्ण टेम्स उत्सव के साथ जोड़कर एक अत्यंत व्यापक रूप प्रदान किया गया। आयोजन स्थल के रूप में ग्रीनविच स्थित प्राचीन शाही नौसेना महाविद्यालय के पास का क्षेत्र चुना गया था। यह स्थान अपने आप में गहरा ऐतिहासिक महत्व रखता है और वहां भारतीय परंपरा के इस अत्यंत पवित्र अनुष्ठान का होना दो अलग-अलग सभ्यताओं के सुंदर मिलन का प्रतीक बन गया। इस आयोजन का उद्देश्य केवल एक धार्मिक कर्मकांड पूरा करना नहीं था, बल्कि इसके पीछे प्रकृति, जल और संपूर्ण जीवन को पोषित करने वाली शक्तियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अत्यंत गहरा दार्शनिक भाव छिपा था।

आरती का दृश्य अत्यंत विहंगम और मन मोह लेने वाला था। जैसे ही संध्या की बेला आई और सूरज पश्चिम की ओर ढलने लगा, टेम्स नदी का तट अनगिनत दीपों की सुनहरी रोशनी से जगमगा उठा। पुजारियों ने अपनी पारंपरिक भारतीय वेशभूषा में बहुस्तरीय बड़े तेल के दीपकों को हाथों में लेकर जब आरती आरंभ की, तो वहां उपस्थित हजारों लोगों की आंखें असीम श्रद्धा से छलक उठीं। घंटों तक वैदिक मंत्रोच्चारण, शंखनाद और सुमधुर भजनों की गूंज से पूरा वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। टेम्स नदी की शांत लहरों पर जब आरती के दीपकों की सुनहरी रोशनी पड़ी, तो ऐसा लगा मानो पूर्व और पश्चिम की संस्कृतियां अत्यंत प्रेम से एक-दूसरे का अभिवादन कर रही हों। प्रकाश को भारतीय दर्शन में अज्ञान के अंधकार को मिटाने वाला माना जाता है और टेम्स के तट पर जलाई गई वह ज्योति इसी सार्वभौमिक ज्ञान और चेतना का प्रतीक थी। उपस्थित जनसमूह एक स्वर में भजनों को गा रहा था, जिससे उत्पन्न हुई सकारात्मक ऊर्जा ने वहां के पूरे परिवेश को पवित्र कर दिया।

भारतीय संस्कृति और दर्शन में गंगा केवल एक भौगोलिक जलधारा नहीं है, बल्कि वह एक विचार है, एक चेतना है और संपूर्ण मानवता को पवित्र करने वाली एक दिव्य शक्ति है। भारतीय दर्शन में जल को पंचमहाभूतों में से एक प्रमुख तत्व माना गया है। जब हम टेम्स नदी के तट पर आरती करते हैं, तो हम वास्तव में जल तत्व की उस सार्वभौमिक महिमा को नमन कर रहे होते हैं जो हर देश और हर काल में जीवन का एकमात्र आधार है। यह आयोजन भारत के उस प्राचीन सूत्र वाक्य 'वसुधैव कुटुम्बकम' को पूरी तरह से चरितार्थ करता है, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण विश्व एक परिवार है। नदियां भौगोलिक सीमाओं में बंधी हो सकती हैं, लेकिन जल की प्रकृति और उसका जीवनदायी गुण पूरी पृथ्वी पर एक समान है। इसलिए टेम्स के तट पर की गई इस सामूहिक वंदना ने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि ईश्वर और प्रकृति की सत्ता किसी एक भूभाग या एक देश तक सीमित नहीं है।

इस आयोजन की सबसे बड़ी और सर्वाधिक प्रशंसनीय विशेषता इसका पर्यावरण के प्रति पूर्ण रूप से अनुकूल होना था। आधुनिक समय में जब दुनिया भर की नदियां प्रदूषण की गंभीर समस्या से जूझ रही हैं, तब आयोजकों ने अत्यंत समझदारी और जिम्मेदारी का परिचय दिया। टेम्स नदी की स्वच्छता और वहां के स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए यह कड़ा नियम बनाया गया था कि कोई भी पूजा सामग्री, फूल, पत्तियां या दीपक नदी के जल में प्रवाहित नहीं किए जाएंगे। पूरी आरती का अनुष्ठान नदी के किनारे भूमि पर ही सुरक्षित रूप से संपन्न किया गया। यह आधुनिक विश्व के लिए एक बहुत बड़ा संदेश था कि आस्था का प्रदर्शन कभी भी प्रकृति के विनाश या प्रदूषण का कारण नहीं बनना चाहिए। सच्ची भक्ति वही है जो सृष्टि के नियमों का सम्मान करे और पर्यावरण की रक्षा करे। आयोजकों का यह कदम स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि हमारी प्राचीन परंपराओं को आधुनिक समय की पर्यावरण संबंधी चुनौतियों के साथ कैसे बहुत ही सुंदरता से संतुलित किया जा सकता है। प्रवासी भारतीय जब किसी नए देश में जाते हैं, तो वे केवल अपना भौतिक सामान लेकर नहीं जाते, बल्कि वे अपनी पूरी संस्कृति, अपनी मूल्य प्रणाली और अपने संस्कारों को भी अपने हृदय में बसाकर ले जाते हैं। भारत और ब्रिटेन का एक बहुत लंबा और जटिल साझा इतिहास रहा है। लेकिन आज ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय समुदाय ने अपनी कड़ी मेहनत, बुद्धिमत्ता और प्रतिभा से वहां के समाज में एक अत्यंत विशिष्ट और सम्मानजनक स्थान बनाया है। अपनी जड़ों से उनका यह जुड़ाव कभी कम नहीं हुआ। टेम्स नदी के तट पर हुआ यह भव्य आयोजन इस बात का ज्वलंत प्रमाण है कि एक भारतीय चाहे दुनिया के किसी भी कोने में चला जाए, उसके भीतर का आध्यात्म और धर्म कभी नहीं मरता। हजारों की संख्या में उपस्थित स्थानीय ब्रितानी नागरिकों और अन्य समुदायों के लोगों ने भी इस कार्यक्रम में पूरे उत्साह और सम्मान के साथ भाग लिया। यह इस बात का सीधा संकेत है कि प्रेम, शांति और आध्यात्म की भाषा सभी राजनीतिक और भौगोलिक सीमाओं को पार कर जाती है।

इस आयोजन को लेकर डिजिटल मंचों और सार्वजनिक विमर्शों में भी खासी चर्चा हुई। अधिकांश लोगों ने इसे भारतीय संस्कृति के वैश्विक विस्तार और दो देशों के बीच मजबूत होते सांस्कृतिक संबंधों की प्रगाढ़ता के रूप में देखा। कुछ विचारकों ने यह भी तर्क दिया कि चूंकि यह आयोजन टेम्स नदी पर हुआ है, इसलिए इसे स्थानीय नदी का नाम देकर भी संबोधित किया जा सकता था, ताकि उस विशिष्ट नदी के प्रति भी सीधा और स्थानीय सम्मान व्यक्त हो सके। हालांकि, नाम जो भी हो, इसके पीछे की मूल भावना प्रकृति वंदना और आध्यात्मिक जागरण ही थी। टेम्स के तट पर आरती देखने आए स्थानीय ब्रितानी नागरिकों के चेहरों पर जो आश्चर्य, खुशी और शांति का भाव था, वह यह बताने के लिए पर्याप्त था कि भारतीय संस्कृति की समावेशी प्रकृति सबको अपनी ओर आकर्षित करती है। विदेशी नागरिकों ने भी हाथ जोड़कर और सिर झुकाकर इस आरती का पूरा सम्मान किया।

टेम्स नदी के तट पर आयोजित इस आरती ने यह साबित कर दिया कि मनुष्य की सच्ची आस्था को मीलों की भौगोलिक दूरियों से नहीं नापा जा सकता। दीपों की सुनहरी रोशनी, वैदिक मंत्रों की पवित्र गूंज और बहते जल का वह शांत संगीत हमेशा वहां उपस्थित लोगों की स्मृतियों में जीवित रहेगा। यह आयोजन केवल एक दिन का उत्सव नहीं था, बल्कि यह एक मजबूत सांस्कृतिक पुल है जो आने वाली पीढ़ियों को उनकी जड़ों से जोड़े रखेगा। इसने पूरी दुनिया को यह अमूल्य संदेश दिया है कि प्रकृति का सम्मान, जल का संरक्षण और मानवीय एकता ही वास्तव में मानवता का सबसे बड़ा और सच्चा धर्म है।

### तेल के रास्ते बंद

# सऊदी बेबस, ईरान के हाथ में दुनिया की नब्ज

अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार



मध्यपूर्व की इस जंग में अब असली निशाना सिर्फ जमीन, बंदरगाह या सैन्य अड्डे नहीं हैं। असली निशाना तेल के रास्ते हैं। सऊदी अरब की ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन पर ड्रोन हमले ने दुनिया को फिर याद दिला दिया है कि वैश्विक ऊर्जा व्यवस्था कितनी नाजुक है। करीब 1200 किलोमीटर लंबी यह पाइपलाइन फारस की खाड़ी के तेल को लाल सागर के यानबू बंदरगाह तक पहुंचाती है और इसकी अधिकतम क्षमता करीब 70 लाख बैरल प्रतिदिन है। हमले के बाद इसका संचालन रोकना पड़ा।यही इस हमले का सबसे बड़ा अर्थ है। सऊदी अरब ने ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन इसलिए बनाई थी कि फारस की खाड़ी और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर निर्भरता कम हो। सामान्य परिस्थितियों में होर्मुज से प्रतिदिन करीब दो करोड़ बैरल तेल और तेल उत्पाद गुजरते हैं। अब जब होर्मुज युद्ध के कारण दबाव में है और सऊदी का वैकल्पिक पाइपलाइन मार्ग भी चोटिल हो गया, तो बाजार में डर लौटना स्वाभाविक है।कच्चे तेल का दाम 100 डॉलर के पार जाना इसी डर की कीमत है। ब्रेंट 109 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच चुका है। बाजार में भविष्य की कमी की आशंका आज की कीमत बढ़ाती है। यदि पाइपलाइन लंबे समय तक बंद रहती है, तो यानबू से निर्यात प्रभावित होगा और सऊदी अरब को आपूर्ति की नई गणित बनानी पड़ेगी। जिस पाइपलाइन से हाल में लगभग 40 से 50 लाख बैरल प्रतिदिन तेल गुजर रहा था, उसका रुकना वैश्विक बाजार के लिए बड़ा झटका है। यह वैश्विक आपूर्ति का लगभग चार प्रतिशत हिस्सा है।सऊदी अरब की मुश्किल यह है कि उसके सामने सिर्फ एक रास्ते का संकट नहीं है। पूर्व में होर्मुज है, दक्षिण में बाब अल-मंदब है और पश्चिम में लाल सागर। हूती हमलों ने बाब अल-मंदब और लाल सागर की जहाजरानी को जोखिम में डाल रखा है। होर्मुज में ईरान के साथ टकराव ने दूसरा बड़ा रास्ता असुरक्षित कर दिया। अब वह पाइपलाइन भी बंद है जिसे इन्हीं समुद्री जोखिमों का विकल्प माना जाता था।

इस घटना को सिर्फ सऊदी अरब पर हमला मानना भूल होगी। तेल की कीमत केवल उत्पादन से तय नहीं होती; परिवहन, बीमा, भंडार और जोखिम भी उसकी कीमत बनाते हैं। पाइपलाइन बंद होने का मतलब यह नहीं कि दुनिया से अचानक लाखों बैरल तेल गायब हो गया। मतलब यह है कि उपलब्ध तेल को बाजार तक पहुंचाना कठिन और महंगा हो गया।भारत के लिए असली चिंता यहीं से शुरू होती है। घरेलू पेट्रोल और डीजल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार की हर छलांग को उसी दिन नहीं दिखातीं। तेल कंपनियां पुराने स्टॉक और घरेलू परिस्थितियों के आधार पर झटका कुछ समय रोक सकती हैं। लेकिन यदि कच्चा तेल लंबे समय तक 100 डॉलर से ऊपर रहता है, तो दबाव बढ़ेगा। भारत का आयात बिल बढ़ेगा, रुपये पर दबाव आएगा और महंगे परिवहन का असर खाद्य पदार्थों से लेकर उद्योग तक दिखाई देगा।इस संकट का राजनीतिक चेहरा भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। सऊदी अरब ने पाकिस्तान और तुर्की के साथ मक्का रक्षा समझौता किया है। यदि सऊदी के तेल ढांचे पर लगातार हमले होते हैं, तो सवाल उठेगा कि सुरक्षा साझेदारी केवल राजनीतिक बयान है या जरूरत पड़ने पर सैनिक, हथियार और वायु रक्षा भी सामने आएगी।आज सऊदी अरब और हूती एक-दूसरे के कट्टर विरोधी हैं, लेकिन हमेशा ऐसा नहीं था। 1934 में सऊदी-यमन युद्ध के बाद असीर और नजरान जैसे इलाके सऊदी नियंत्रण में आए। फिर 1962 में यमन की राजशाही गिरने के बाद मिस्र के राष्ट्रपति गमाल अब्दुल नासिर ने गणतांत्रिक सरकार के समर्थन में सेना भेजी। एक समय यमन में लगभग 70 हजार मिस्री सैनिक मौजूद थे। सऊदी अरब ने जवाब में जैदी राजशाही समर्थकों को पैसा, हथियार और मदद दी। जिन जैदी परंपराओं से आगे चलकर हूती आंदोलन निकला, उनके पूर्ववर्तियों को कभी सऊदी समर्थन मिला था।आधुनिक हूती आंदोलन ने बाद में सऊदी और यमनी सत्ता दोनों के लिए चुनौती पैदा की। 2004 से 2009 के बीच कई युद्ध हुए और 2009 में सऊदी सेना सीधे संघर्ष में उतरी। पहाड़ी भूगोल और गुरिल्ला युद्ध ने सऊदी सेना को भारी कीमत चुकाने पर मजबूर किया। 2019 में हूतियों के हमले ने इसी ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन के पंपिंग स्टेशनों को निशाना बनाया था।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि ईरान की रणनीति क्या है। यदि होर्मुज को दबाव में रखकर और उसके समर्थक गुटों के जरिए लाल सागर तथा तेल ढांचे पर खतरा बढ़ाकर वह अमेरिका और उसके सहयोगियों की आर्थिक लागत बढ़ाता है, तो युद्ध का मैदान मिसाइलों से निकलकर वैश्विक बाजार में पहुंच जाता है। महंगा तेल अमेरिका के लिए आर्थिक ही नहीं, घरेलू राजनीतिक संकट भी बन सकता है।यहीं ईरान की परोक्ष युद्ध रणनीति का महत्व समझना होगा। ईरान पर सीधे हमला करना एक बात है, लेकिन उसके प्रभाव क्षेत्र में मौजूद सशस्त्र गुटों के जरिए ऊर्जा ढांचे को दबाव में लाना दूसरी। इससे जवाबदेही धुंधली रहती है और विरोधी को एक साथ कई मोर्चे संभालने पड़ते हैं। यही वजह है कि किसी हमले की जिम्मेदारी सामने न आने के बावजूद उसके रणनीतिक असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता अब। सऊदी अरब के लिए खतरा अब केवल सीमा पार से आने वाली मिसाइल नहीं, बल्कि किसी भी दिशा से आने वाला छोटा ड्रोन भी है।अगर पाइपलाइन ही निशाना बन जाए, तो होर्मुज का विकल्प मौजूद होकर भी कमजोर पड़ जाता है। सैकड़ों किलोमीटर लंबे ऊर्जा ढांचे की सुरक्षा किसी सैन्य अड्डे जैसी नहीं की जा सकती। हर किलोमीटर पर सैनिक तैनात करना संभव नहीं। यही इस हमले की असली रणनीतिक ताकत है एक छोटा ड्रोन हजारों किलोमीटर की ऊर्जा रणनीति को अस्थायी रूप से पंगु बना सकता है।आने वाले दिनों में निर्णायक बात यह होगी कि सऊदी अरब पाइपलाइन कितनी जल्दी बहाल करता है और लाल सागर तथा होर्मुज की स्थिति कितनी सुधरती है। अगर एक रास्ता बंद, दूसरा असुरक्षित और तीसरा हमले की जद में रहा, तो 120 डॉलर का तेल भी असंभव नहीं होगा। तब संकट केवल पेट्रोल-डीजल की कीमत का नहीं रहेगा। आयात बिल, महंगाई, मुद्रा और वैश्विक विकास सभी पर असर पड़ेगा। सौ बात की एक बात यही है मध्यपूर्व की जंग अब सीमाओं के भीतर नहीं रही। उसकी असली लपटें तेल के रास्तों तक पहुंच चुकी हैं।

## संजीव-नी।

उनकी खामोशी मुझे रुला कर चली गई,
आँखों की नमी मुझे सुला कर चली गई।
इतनी गमगीन कभी न थीं उनकी खामोश सदाएँ,
मेरी तन्हाइयों को फिर बुला कर चली गई।
कुछ कह न सकीं, होंठ मगर काँपते रहे,
दिल की हर इक बात बता कर चली गई।
जिस दर्द को छुपाया मैंने तमाम उम्र,
मेरी ही जुबां पर ला कर चली गई।

सूनी पड़ी रातें,सितारे भी चुप रहे,
वो चाँद-सी याद दिल में जगा कर चली गई।

रोकना उसे चाहा था बार-बार,
हाथ मेरे हाथों से छुड़ा कर चली गई।
उसके लौटने की कोई उम्मीद नहीं अब ,
फिर भी मुझे उम्मीद दिला कर चली गई।

जिस राह पर कभी हम साथ चले दूर तक,
उस राह को आँसुओं से सजा कर चली गई।

संजीव,उसके बाद भी साँसें तो चल रही ,
वो ज़िंदगी को बेअसर बना कर चली गई।

संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# 'जाणता राजा' महानाट्य को लेकर नोएडा में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण**

दिव्य प्रेम सेवा मिशन के सेवा प्रकल्पों को समर्पित विश्व के ऐतिहासिक महानाट्य 'जाणता राजा' के आगामी आयोजन को लेकर सेक्टर-38 स्थित अदिरा बैंक्वेट में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में नोएडा के लगभग 100 से अधिक प्रमुख प्रबुद्धजनों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

बैठक में 22 से 28 अक्टूबर 2026 तक सनसिटी, गाजियाबाद में आयोजित होने वाले भव्य महानाट्य की तैयारियों, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर नोएडा से 20 हजार लोगों को 'जाणता राजा' महानाट्य दिखाने का संकल्प लिया गया।



पिछले लगभग दो महीनों से नोएडा के विभिन्न सोसाइटियों और सेक्टरों से जुड़े पदाधिकारियों और प्रमुख नाग रिकों से निरंतर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक प रि-वारों एवं नागरिकों को छत्रपति शि वाजी महाराज के जीवन, शौर्य, राष्ट्रभक्ति, संस्कार एवं सुशासन की प्रेरणादायी गाथा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि 'जाणता राजा' केवल एक महानाट्य नहीं, बल्कि छत्रपति शि वाजी महाराज के जीवन, शौर्य, राष्ट्रभक्ति, संस्कार एवं सुशासन की प्रेरणादायी गाथा को जन-जन तक पहुँचाने का एक भव्य सांस्कृतिक प्रयास है।

डॉ. राजेश कुमार गुप्ता, अध्यक्ष आयोजन समिति जाणता राजा ने कहा कि पिछले दो महीनों से चल रहे संपर्क अभियान को समाज के विभिन्न वर्गों से मिल रहा उत्साह और समर्थन अत्यंत उत्साहवर्धक है। उन्होंने कहा कि नोएडा से अधिक से अधिक युवाओं को इस ऐतिहासिक महानाट्य से जोड़ने का लक्ष्य सामूहिक प्रयासों से पूरा किया जाएगा।

*प्रज्ञा पाठक महिला संयोजिका ने सन सिटी गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील की*

सतनारायण गोयल, अध्यक्ष नोएडा इकाई 'जाणता राजा' ने बैठक में उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास और जनभागीदारी से 'जाणता राजा' को एक भव्य एवं यादगार आयोजन बनाया जाएगा।

बैठक के अंत में उपस्थित सभी साथियों ने इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

# साहित्य सुधा साहित्यिक संस्था का संगोष्ठी कार्यक्रम संपन्न

**समाज जागरण**

नोएडा। सेक्टर 34 स्थित एस. पी. गोड़ के आवास पर साहित्य सुधा साहित्यिक संस्था का संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें एनसीआर से लगभग 41 लोगों ने काव्यपाठ किया अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र शर्मा खामोश ने की, मंच पर संस्था के संरक्षक एस.पी. गोड़, बाबा कानपुरी, नरेंद्र शर्मा खामोश, डॉक्टर चन्द्र मणिब्रह्मदत्त, डाक्टर अशोक मधुप, डाक्टर अरुण सागर, डाक्टर संजय जैन, सेक्टर 23 से के. लाल श्रीवास्तव विराजमान रहे।




कार्यक्रम का बहुत ही खूबसूरत संचालन नवांकुर संस्था के अध्यक्ष अशोक कश्यप ने किया कार्यक्रम में डॉक्टर संजय जैन, साहब डॉक्टर उर्वी ऊदल, दीपिका बाल्दिया, डॉक्टर अंजना जैन, श्रीमती जान्हवी सिंह और पूनम सागर, डॉ अशोक मधुप, डॉक्टर अरुण सागर, अटल मुरादाबादी हाशिम देहलवी, गोल्डी गजब, सुरेन्द्र सिफर के सहित लगभग एनसीआर से 41 लोगों ने बहुत ही सुंदर काव्यपाठ किया।

जनता की खोज से असर देहलवी, हिंद की जमीन से इशाक सैफी की उपस्थित रही। कुल मिलाकर कार्यक्रम बहुत सुंदर सुव्यवस्थित और सफल रहा संस्था के संस्थापक/ अध्यक्ष प्रेम सागर प्रेम के द्वारा मंच और कार्यक्रम में उपस्थित सभी साहित्यकार मित्रों का फूल माला अंगवस्त्रम से स्वागत सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का राष्ट्रीय गान एवं बहुत ही स्वादिष्ट जलपान के साथ समापन हुआ

# शराब की दुकानों और ढाबों पर आबकारी विभाग की छापेमारी

## निर्धारित मूल्य, सीसीटीवी और बिक्री व्यवस्था की हुई जांच

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर। जिले में अवैध शराब की बिक्री और आबकारी नियमों के उल्लंघन पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग ने सोमवार को विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीमों ने देशी शराब, कंपोजिट, मॉडल व प्रीमियम शराब की दुकानों के साथ बार और ढाबों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान शराब के विभिन्न ब्रांडों की उपलब्धता, निर्धारित मूल्य पर बिक्री और मशीन से बिक्री दर्ज किए जाने की व्यवस्था परखी गई। विभागीय टीमों ने गोपनीय रूप से खरीदारी कर भी बिक्री व्यवस्था की जांच की। इसके अलावा कैंटीनों की सघन जांच की गई। शराब की दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और वास्तविक समय में हो रही रिकॉर्डिंग




देखी गई। ...धिकारियों ने ...नदारों और विक... ओं को दुकानों के ...सपास सतर्क ...रानी रखने तथा ...सी भी अवैध ...बकारी गतिविधि ... जानकारी तत्काल ...भाग को देने के निर्देश दिए।

आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# 20.30 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**दादरी पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2.03 लाख रुपये कीमत का मादक पदार्थ और नकदी बरामद की**

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर। दादरी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के कब्जे से 20.30 ग्राम स्मैक, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2.03 लाख रुपये, तथा 3,270 रुपये नकद बरामद किए गए।



पुलिस ने आरोपी की पहचान यशपाल रावल उर्फ बड़े (22) निवासी घोड़ी बछेड़ा, थाना दादरी के रूप में की है। उसे 15 सितंबर को बिरयानी पुलिया के पास सेक्टर ज्यू-2 की सर्विस रोड, चौकी अजायबपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ दादरी थाने में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध वर्ष 2025 में भी भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज हो चुका है। मीडिया सेल, पुलिस आयुक्तालय गौतमबुद्धनगर

# 15.20 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

*दादरी पुलिस ने डेढ़ लाख रुपये कीमत का मादक पदार्थ और नकदी बरामद की*

समाज जागरण।

दादरी। अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दादरी थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 15.20 ग्राम स्मैक, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.50 लाख रुपये, और 3,005 रुपये नकद बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 15 सितंबर को आरोपी नाजिम मलिक पुत्र अजीज



मलिक, निवासी घोड़ी बछेड़ा, थाना दादरी को फोर्मी कंपनी के पीछे वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दादरी थाने में मुकदमा संख्या 456/2026, धारा 8/21 एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# 600 ग्राम एमडीएमए के साथ दो विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**सूरजपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 50 लाख रुपये कीमत का मादक पदार्थ और 1.19 लाख रुपये नकद बरामद**

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर। थाना सूरजपुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए दो विदेशी मूल के अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 600 ग्राम सफेद पाउडर (एमडीएमए), जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई गई है, तथा 1 लाख 19 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।




पुलिस के अनुसार 15 सितंबर 2026 को तिलपता चौकी क्षेत्र से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 300-300 ग्राम के दो पैकेटों में कुल 600 ग्राम एमडीएमए, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, दो पासपोर्ट, दो मोबाइल फोन, दो बैग तथा दो प्लास्टिक पॉलिथीन पैकेट भी बरामद किए गए।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पीटर (47 वर्ष), निवासी आइवरी कोस्ट तथा माइकेल (56 वर्ष), निवासी घाना के रूप में हुई है। दोनों वर्तमान में सूरजपुर थाना क्षेत्र स्थित पैरामाउंट सोसायटी के पाइन टावर में रह रहे थे। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सूरजपुर में मुकदमा संख्या 518/2026 के तहत एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/21 में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मीडिया सेल, पुलिस आयुक्तालय गौतमबुद्धनगर।

# एसडीएलजी इंडिया ने निर्माण और खनन क्षेत्र के लिए 10 नए उपकरण किए पेश

## डीजल और विद्युत चालित मशीनों की नई श्रृंखला से भारतीय बाजार में कंपनी का विस्तार

**समाज जागरण**

नई दिल्ली, 15 सितंबर। भारत में तेजी से बढ़ते निर्माण, आधारभूत ढांचे और खनन क्षेत्र की जरूरतों को देखते हुए एसडीएलजी इंडिया ने डीजल और विद्युत चालित निर्माण उपकरणों की नई श्रृंखला पेश की है। कंपनी ने एक साथ 10 नए उत्पाद बाजार में उतारे हैं, जिनमें खुदाई करने वाली मशीनें, पहिया लोडर और मोटर ग्रेडर शामिल हैं।

कंपनी के अनुसार नई मशीनों को भारतीय परिस्थितियों और निर्माण क्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। डीजल चालित मशीनों में बेहतर जलगतिकी, इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रण और सुरक्षा सुविधाओं को शामिल किया गया है। नई खुदाई मशीनों में सकारात्मक प्र-वाह नियंत्रण वाली जलगतिकी प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक जॉयस्टिक दिए गए हैं, जिससे मशीन संचालन में बेहतर नियंत्रण और त्वरित प्रतिक्रिया मिल सके।







एसडीएलजी इंडिया ने पारंपरिक डीजल मशीनों के साथ विद्युत चालित उपकरणों को भी अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में शामिल किया है। कंपनी का कहना है कि कम शोर और शून्य उत्सर्जन जैसी विशेषताओं के कारण विद्युत मशीनें पर्यावरण के अनुकूल निर्माण कार्यों में उपयोगी साबित हो सकती हैं।

### ग्राहकों को बिक्री के बाद सेवा पर जोर

कंपनी ने मशीनों की बिक्री के साथ बिक्री के बाद की सेवाओं, कलपुर्जों और मरम्मत सुविधाओं पर भी जोर दिया है। देशभर में अपने वितरक तंत्र के माध्यम से ग्राहकों को सेवा उपलब्ध कराने और मशीनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

एसडीएलजी के उप महाप्रबंधक वांग शियाओहुई ने कहा कि भारत कंपनी की वैश्विक विकास रणनीति में महत्वपूर्ण बाजार है। कंपनी भारतीय निर्माण और आधारभूत ढांचा क्षेत्र की बदलती जरूरतों के अनुरूप वैश्विक तकनीक और टिकाऊ समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। एसडीएलजी इंडिया के डीलर विकास एवं ब्रांड विपणन प्रमुख सौम्यारंजन दाश ने कहा कि कंपनी का ध्यान ऐसी मशीनरी उपलब्ध कराने पर है, जो भारतीय कार्य परिस्थितियों और ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

कंपनी के मुताबिक, एसडीएलजी वर्ष 2009 से भारत में मौजूद है। इसके उत्पादों का उपयोग सड़क निर्माण, खनन, पत्थर खनन, रेलवे और बंदरगाह जैसी परियोजनाओं में किया जा रहा है। वर्ष 2026 में कंपनी ने भारत में अपनी व्यावसायिक गतिविधियों को और विस्तार देने के साथ स्थानीयकरण, विनिर्माण और सेवा क्षमता मजबूत करने की दिशा में काम शुरू किया है।

# वाहन चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, तमंचा और नकदी बरामद

**बिसरख पुलिस की कार्रवाई, चोरी की मोटरसाइकिल बेचकर मिले 7,400 रुपये बरामद**

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर। थाना बिसरख पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बेचने से मिले 7,400 रुपये नकद तथा एक अवैध देशी तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया है।



पुलिस के अनुसार, 14 सितंबर को जावेद मियां और रिजवान उर्फ बॉबी को गौर वर्ल्ड स्ट्रीट, सेक्टर-16बी से गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि दोनों के पास से बरामद नकदी बिसरख थाना क्षेत्र से चोरी की गई मोटरसाइकिलों की बिक्री से संबंधित है।

पुलिस ने रिजवान के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ बिस-रख थाने में वाहन चोरी से संबंधित मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस के मुताबिक रिजवान के विरुद्ध पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी, लूट, हत्या के प्रयास, हथियार अधिनियम और गैंगस्टर अधिनियम से संबंधित मामले शामिल हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मीडिया सेल, पुलिस आयुक्तालय

# वरिष्ठ नागरिक क्लब ने दिया स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन का संदेश

## सेक्टर-39 के ई ब्लॉक पार्क में नियमित जुटते हैं वरिष्ठ नागरिक, स्वास्थ्य के साथ सामाजिक जुड़ाव पर जोर

**समाज जागरण**

नोएडा। ई ब्लॉक, सेक्टर-39 स्थित वरिष्ठ नागरिक क्लब की ओर से बुजुर्गों को स्वस्थ, सक्रिय और खु-शहाल जीवन जीने के लिए सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है।



क्लब के सदस्य नियमित रूप से पार्क में एकत्र होकर प्रातः भ्रमण, व्यायाम, हास-परिहास और आपसी संवाद सहित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं।

क्लब का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को शारीरिक रूप से सक्रिय रखने के साथ उनके मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक जुड़ाव को मजबूत करना है। सदस्यों का कहना है कि उम्र बढ़ना जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन प्रसन्न रहना व्यक्ति के अपने हाथ में है। मित्रों के साथ समय बिताने और नियमित गतिविधियों में शामिल होने से वरिष्ठ नागरिकों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है। क्लब का संदेश है–"अच्छे मित्र, अच्छे पल, बेहतर स्वास्थ्य और बेहतरीन जीवन।"

क्लब सदस्यों को आपसी सहयोग, मित्रता और सकारात्मक सोच के साथ जीवन के इस पड़ाव का आनंद लेने के लिए प्रेरित कर रहा है।

# सीएम योगी ने दिवंगत विधायक अनिल शर्मा को दी श्रद्धांजलि

**शिकारपुर में शोकसभा में शामिल होकर परिजनों को बंधाया ढांढस, हेलीपैड पर एवन चौधरी ने की शिष्टाचार भेंट**

समाज जागरण / शिकारपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिकारपुर पहुंचे और भाजपा विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री स्वर्गीय अनिल शर्मा के निधन पर आयोजित शोकसभा में शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत विधायक के चित्र पर पुष्प अर्पित किए तथा शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर शि कारपुर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। हेलीपैड पर पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरि-रकों ने उनका स्वागत किया। इसी दौरान बी-पैक्स कर्मचारी संघ बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष एवं भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एवन चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।



एवन चौधरी ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए शिकारपुर की जनता की ओर से उनके आगमन के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने दिवंगत विधायक अनिल शर्मा को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वर्गीय अनिल शर्मा को याद करते हुए कहा कि उनका निधन समाज और पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि अनिल शर्मा का योगदान लंबे समय तक स्मरण किया जाता रहेगा।

मुख्यमंत्री के आगमन और दिवंगत विधायक को श्रद्धांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में लोग शिकारपुर पहुंचे।

# यूसीसी के साथ समान आपराधिक कानून की भी होनी चाहिए मांग: डॉ. नेहा दास

नई दिल्ली। समानता के मुद्दे पर डॉ. नेहा दास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि समानता का सिद्धांत चयनात्मक नहीं होना चाहिए। उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का समर्थन करने वालों से जाति आधारित विशेष आपराधिक कानूनों के संबंध में भी समानता के सिद्धांत पर विचार करने की अपील की।

डॉ. नेहा दास ने अपनी पोस्ट में कहा कि यदि कोई व्यक्ति समान नागरिक कानूनों की मांग करता है, तो उसे ऐसे आपराधिक कानूनों पर भी सवाल उठाना चाहिए, जिन्हें वह असमान मानती हैं।

# कार चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, दो कारें बरामद

**बिसरख पुलिस ने चोरी की स्विफ्ट डिजायर और वारदात में प्रयुक्त बलेनो कार पकड़ी**

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर। थाना बिसरख पुलिस ने कार चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की स्विफ्ट डिजायर कार और घटना में प्रयुक्त बलेनो कार बरामद की है।



पुलिस के अनुसार, 11 सितंबर को बिसरख थाना क्षेत्र से स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूपी 38 एटी 5622 चोरी हुई थी। मामले में पी-ड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने 15 सितंबर को करन उर्फ रौनक (19) निवासी साईं वन सिटी-1, रोजा जलालपुर और पीयूष उर्फ गोलू (20) निवासी महालक्ष्मी गार्डन, रोजा जलालपुर को सेक्टर-3 सी-ब्लॉक से गौशाला की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की स्विफ्ट डिजायर कार के साथ बलेनो कार संख्या एचआर 87 आर 2642 भी बरामद की, जिसे पुलिस के अनुसार वारदात में इस्तेमाल किया गया था।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। मीडिया सेल, पुलिस आयुक्तालय गौतमबुद्धनगर

# वाहन चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, दो बाल अपचारी संरक्षण में

चोरी की स्कार्पियो और अवैध चाकू बरामद, सेक्टर-58 पुलिस की कार्रवाई

समाज जागरण / नोएडा। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके साथ शामिल दो बाल अपचारियों को संरक्षण में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक स्कार्पियो कार और एक अवैध चाकू बरामद किया है।



पुलिस के अनुसार, 15 सितंबर की रात पुलिस टीम सेक्टर-57/58 मध्य मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के सामने गश्त कर रही थी। इसी दौरान राहुल पुत्र देवेंद्र निवासी बिसरख को गिरफ्तार किया गया। उसके साथ मौजूद दो बाल अपचारियों को भी पुलिस ने संरक्षण में लिया। पूछताछ में पुलिस के अनुसार आरोपियों ने बताया कि उन्होंने मिलकर 6 सितंबर को ग्राम बिशनपुरा, सेक्टर-58 स्थित एल-11 के सामने से स्कार्पियो कार संख्या यूपी 16 एफएल 4860 चोरी की थी। इस संबंध में थाना सेक्टर-58 में मुकदमा संख्या 310/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) में मामला दर्ज है।

पुलिस ने बरामद स्कार्पियो को उक्त मामले से संबंधित बताया है। वहीं, राहुल के कब्जे से एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) और 317(2) के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सत्यवती मिश्रा के निधन पर राज्यपाल नंद किशोर यादव और विधायक पंकज सिंह ने दी श्रद्धांजलि

## कलराज मिश्रा के नोएडा स्थित आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से की मुलाकात

**समाज जागरण**

नोएडा। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल पंडित कलराज मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती सत्यवती मिश्रा के निधन पर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन पर नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव और नोएडा विधायक पंकज सिंह ने नोएडा स्थित उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



राज्यपाल नंद किशोर यादव और विधायक पंकज सिंह ने दिवंगत सत्यवती मिश्रा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

इसके बाद उन्होंने पंडित कलराज मिश्रा एवं शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# एम डी जैन इंटर कॉलेज की प्रबंधसमिति ने किया अश्वनी जैन को सम्मानित

**समाज जागरण**

सिरसागंज। जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के लिए विद्यालय की प्रबंधसमिति द्वारा अश्वनी जैन को विद्यालय प्रांगण में सम्मानित किया गया। भव्य कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधसमिति के अध्यक्ष मोहनलाल जैन एवं प्रबंधक अशोक कुमार जैन रपरिया के संयोजन में किया गया। जिसमें उन्हें तिलक लगाकर, माल्यार्पण करके, शॉल ओढ़ाकर एवं गोल्ड प्लेटेड प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।



आमोद कुमार जैन रावत ने गोल्ड प्लेटेड प्रशस्ति पत्र को पढ़ते हुए सभी को बताया कि विद्यालय के 74 वर्षों के इतिहास में जनपद फिरोजाबाद की स्थापना से आज तक माध्यमिक शिक्षा विभाग में राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त करने वाले अश्वनी कुमार जैन प्रथम शिक्षक हैं। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। उनको प्रदेश स्तर से सम्मानित होने से जिले के शिक्षकों और विद्यार्थियों में खुशी की लहर है।

नीरज जैन ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि जैन विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। विद्यालय में नागरिक शास्त्र मेला, संविधान पर विभिन्न कार्यक्रमों को कुशलता पूर्वक संचालित करने के साथ वह जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक भी हैं और उन्होंने अपने विद्यालय व जिले के विभिन्न विद्यालयों में एक हजार से अधिक विज्ञान प्रदर्शनियां एवं गतिविधियां आयोजित की हैं। उनके द्वारा विद्यालय में सभी गतिविधियों में पूर्ण सक्रियता रहती है। पूर्व प्रधानाचार्य साहस कुमार जैन ने बताया कि जिले में माध्यमिक शिक्षा विभाग से पहली बार राज्य स्तर पर शिक्षक सम्मानित हुए हैं। यह जनपद के लिए गौरव का क्षण है।

अश्वनी कुमार जैन ने प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, सोसायटी, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करने के साथ अपने माता पिता, बहन, परिवार, पत्नी पूनम जैन, पुत्र अर्चित जैन एवं पावनी जैन के योगदान का जिक्र करते हुए बताया कि काम ही पहचान है, उनका प्रयास सदैव यह रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक और सृजनात्मक अनुभव मिल सके। उन्होंने कहा कि शिक्षक का कर्तव्य केवल किताबें पढ़ाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करना भी है। कार्यक्रम का संचालन अमित जैन शास्त्री ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार जैन, प्रबंधसमिति अध्यक्ष मोहनलाल जैन, सोसायटी सचिव राकेश कुमार जैन, प्रबंधक अशोक कुमार जैन रपरिया, उपाध्यक्ष आमोद कुमार जैन रावत, उपप्रबंधक प्रवीण कुमार जैन सिंघई, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार जैन सीआईडी, ऑडिटर देवेंद्र कुमार जैन चंदौरिया, सुशील कुमार जैन सिंघई, राकेश कुमार जैन नगला दानी, डॉ सतेन्द्र कुमार जैन, संजीव कुमार जैन रावत, छदामी लाल जैन, कमलेश जैन, संदीप जैन, संजय कुमार जैन, अविनाश चन्द्र जैन एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

# ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देखी 'हनुमान अंश' फिल्म

## फिल्म के माध्यम से मिला आध्यात्मिकता, संस्कार और अनुशासन का संदेश

**समाज जागरण—ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में विद्यालय प्रबंधक सौरभ सिंह के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं को संत नीम करौरी महाराज के जीवन एवं आध्यात्मिक संदेशों पर आधारित फिल्म हनुमान अंश दिखाई





प्रबंधक सौरभ सिंह

गई। फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को आध्यात्मिकता, भारतीय संस्कार, अनुशासन, सेवा, सदाचार एवं मानवीय मूल्यों का संदेश दिया गया। फिल्म के प्रदर्शन के दौरान छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। विद्यार्थियों ने रुचि के साथ फिल्म देखी और संत नीम करौरी महाराज के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों को समझा।

विद्यालय प्रबंधक सौरभ सिंह ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ उन्हें भारतीय संस्कृति, संस्कार और नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ना भी आवश्यक है। प्रेरणादायक फिल्मों के माध्यम से विद्यार्थियों को महापुरुषों के जीवन, उनके विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान को समझने का अवसर मिलता है।

इस अवसर पर संतोष सर, रवि सर, दीपक सर, हिमांशू सर, शिवांगी मैम, राजकुमारी मैम, दिव्या मैम, शशि मैम, पूजा उपाध्याय मैम, पूजा यादव मैम, सोनाक्षी मैम, नीतू मैम, पूजा राठौड़, रूबी मैम, मुस्कान मैम, स्वीटी मैम एवं स्नेहा मैम सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

जैसा कि सभी को पता है कि हनुमान अंश फिल्म हमारे छोटे-छोटे किरदारों द्वारा बहुत ही छोटे बजट में बनाई गई थी उन्हें भी नहीं पता था यह हमारी सनातन धर्म और आस्था पर जो मूवीस बना रहे हैं वह सफल होगी कि नहीं लेकिन कहते हैं कि आस्था में विश्वास होना बहुत जरूरी है जिसका जीता जागता उदाहरण हनुमान अंश फिल्म है जिसने चमत्कारी रूप को दशार्ते हुए 2 करोड़ से बनाई हुई फिल्म 200 करोड़ को पार करेगी यह किसी ने नहीं सोचा यह सब हमारी आस्था और विश्वास पर ही निर्भर है और यह चमत्कार से भी काम नहीं है । ईश्वर कल भी था आज भी है और आगे भी रहेगा।


मैं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का उपाध्यक्ष होने के नाते सभी फिरोजाबाद के स्कूल संचालकों से निवेदन और आग्रह करूंगा ऐसी फिल्मों को अपने बच्चों को जरूर दिखाएं जिससे उनमें आस्था और भक्ति का प्रसार हो।

# किसान नेता की आड़ में डकैती: वन विभाग से ट्रक लूटने वाला भाकियू जिलाध्यक्ष दबोचा

## भाकियू तोमर का जिलाध्यक्ष साथी समेत पुलिस के हत्थे चढ़ा, 5 सितंबर को रेंज कार्यालय से लकड़ी भरा ट्रक छुड़ाकर ले जाने का आरोप

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

बिजनौर वन विभाग के रेंज कार्यालय से लकड़ी से लदा ट्रक कथित रूप से जबरन छुड़ाकर ले जाने के मामले में कोतवाली शहर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे कथित किसान नेता सचिन गुप्ता और अमरकांत शर्मा को गिरफ्तार किया है। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुकदमे में धारा 303(2) बीएनएस को हटाकर डकैती की धारा 310(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की है पुलिस के अनुसार, 5 सितंबर 2026 को रेंज कार्यालय बिजनौर में प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी से लदा एक ट्रक वन विभाग द्वारा पकड़ा गया था। आरोप है कि ट्रक को छुड़ाने के लिए कई लोग रेंज कार्यालय पहुंचे और वहां वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर रौब झाड़ते हुए दबाव बनाया। तहरीर के मुताबिक आरोपियों ने कार्यालय में हुड़दंग किया, धमकी दी और सरकारी कार्य में बाधा डाली। इसके बाद ट्रक को लकड़ी समेत जबरन



ले जाने का आरोप है इस मामले में वनरक्षक मोहित कुमार की तहरीर पर कोतवाली शहर में मुकदमा अपराध संख्या 713/2026 दर्ज किया गया था। विवेचना और साक्ष्य संकलन के बाद पुलिस ने मुकदमे में डकैती की धारा 310(2) बढ़ाई है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों सचिन गुप्ता और अमरकांत शर्मा ने पूछताछ में बताया कि 5 सितंबर को वे अपने साथियों के साथ क्षेत्रीय कार्यालय रेंज बिजनौर पहुंचे थे और उनका उद्देश्य लकड़ी से लदे ट्रक को छुड़ाना था। वन विभाग के अधिकारियों द्वारा ट्रक नहीं छोड़े जाने पर आरोपियों ने कथित रूप से उन्हें डराया-धमकाया और ट्रक को लकड़ी समेत जबरन कार्यालय से ले गए। आरोपियों ने यह भी बताया कि वे यूनियन का फायदा उठाकर इस तरह के काम करते हैं। ट्रक चालक ग्रामीण और मालिक फैसल बताया गया है पुलिस की विवेचना में रोशन ठाकुर, बाबू भाई निवासी भोपा मुजफ्फरनगर, आविद निवासी नहटौर और अकबर ठेकेदार निवासी अफजलगढ़ के नाम भी प्रकाश में आए हैं। इसके अलावा मुकदमे में अजय त्यागी, शादाब उर्फ साह, जफर इकबाल उर्फ चिटर, अफसर, विशाल, फैसल और शमीम समेत अन्य लोगों के नाम भी शामिल हैं। पुलिस अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है कोतवाली शहर पुलिस ने सचिन गुप्ता पुत्र स्व. हरिओम गुप्ता निवासी स्टेट बैंक कॉलोनी रामपुर तिराहा और अमरकांत शर्मा पुत्र सुनील कुमार शर्मा निवासी मोहल्ला जोशियान नहटौर को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आवश्यक कार्रवाई जारी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अवनीत मान, उपनिरीक्षक राहुल कुमार, कांस्टेबल केशव कुमार और रिजर्व कांस्टेबल नकुल शामिल रहे।

# सपा के राष्ट्रीय महासचिव पीड़ित परिवार से मिलने के बाद थाने में धरने पर बैठे

- एसपी ग्रामीण जांच कर तीन दिन बाद दोषियों पर कार्यवाही का दिया आश्वासन
- आश्वासन मिलने के बाद सपा के राष्ट्रीय महासचिव कार्यकताओं के साथ हुए रवाना





**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

शिकोहाबाद। मंगलवार सुबह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मृतक महिला के स्वजनों से उनके आवास पर लभौआ जाकर मिले। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया और फिर वहां से सीधे अपने कार्यकताओं के साथ कोतवाली पहुंचे। यहां वह सपा कार्यकताओं के साथ दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने और उन्हें गिरफ्तार करने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गये। लगभग ढाई घंटे तक थाने में हाई बोल्टेज ड्रामा चलता रहा। थाने में बैठ कर सपा कार्यकर्ता पुलिस विभाग के विरुद्ध नारेबाजी करते रहे। बाद में एसपी और एसपी ग्रामीण ने राष्ट्रीय महासचिव से वार्ता की और तीन दिन का समय मांगा। तीन दिन में पूरे मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आश्वासन दिया। इसके बाद राष्ट्रीय महासचिव अपने कार्यकताओं के साथ रवाना हुए। इसके बाद ही थाना पुलिस ने राहत की सांस ली।

रविवार रात 12 बजे के करीब थाना पुलिस ने लभौआ गांव में हुई परचून की दुकान में चोरी की जांच एवं संदेह के आधार पर गौरव निगम के घर पर दबिश दी। पुलिस ने रात में गौरव और गांव के ही एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लिया। पूरी रात दोनों को थाने में बैठैया। इस दौरान गौरव की पत्नी अंजली निगम की हालत बिगड़ गई और स्वजन उसको लेकर अस्पताल आए। यहां चिकित्सकों ने उसका प्रसव कराया और उसने एक बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के कुछ देर बाद ही उसकी हालत बिगड़ गई और महिला अस्पताल में तैनात स्टाफ ने उसे रेफर कर दिया, लेकिन कुछ देर बाद ही उसकी मृत्यु हो गई।

सोमवार सुबह दस बजे के करीब स्वजनों ने गौरव की पत्नी की मृत्यु की खबर थाना पुलिस को दी और गौरव को छोड़ने के लिए अनुरोध किया, लेकिन पुलिस ने उसे नहीं छोड़ा। इसके बाद जब ग्रामीण और स्वजनों में आक्रोश बढ़ा तो थाना पुलिस ने गौरव और उसके साथी को छोड़ दिया। सोमवार को महिला के स्वजनों ने थाने पर काफी हंगामा किया। पुलिस ने किसी तरह उन्हें समझा बुझा कर मामला शांत कराया और रात 12 बजे महिला के शव को पोस्टमार्टम के बाद गांव ले गए और अंत्येकिष्ट करा दी।

घटना के बाद मंगलवार सुबह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन आगरा से चलकर फिरोजाबाद सपा कार्यालय आए। यहां से पार्टी कार्यकताओं को साथ लेकर पीड़ित गौरव निगम के घर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। स्वजनों ने पुलिस पर दबिस के दौरान महिला के साथ मारपीट करने, धक्का मुक्की करने का आरोप लगाया। आरोप था कि अंजली के पेट में लात लगने से उसकी हालत बिगड़ गई और जिसकी बजह से उसकी जान चली गई। स्वजनों को सांत्वना देने के बाद राष्ट्रीय महासचिव अपने काफिले के साथ थाना परिसर पहुंचे और यहां पर कार्यकर्ता फर्स बिछा कर धरने पर बैठ गये। उन्होंने मांग की कि दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। इस दौरान काफी देर तक वह नारेबाजी करते रहे। लगभग ढाई घंटे तक सपाई थाने पर धरना प्रदर्शन करते रहे। इसके बाद एएसपी राजेश गुनावत ने काफी प्रयास किया, लेकिन कोई बात नहीं बनी। बाद में एसपी ग्रामीण अनुज चौथरी ने वार्ता की और राष्ट्रीय महासचिव से तीन दिन का समय मांगा। उन्होंने कहा कि तीन दिन में हम जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय महासचिव संतुष्ट हुए और सभी कार्यकताओं के साथ रवाना हो गये।

### ढाई घंटे तक थाना पुलिस की अटकी रहीं सासें

शिकोहाबाद। जब तक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन अपने सैकड़ों कार्यकताओं के साथ कोतवाली परिसर में धरने पर बैठे रहे, तब तक थाना पुलिस की सासें अटकी रहीं। लगभग ढाई घंटे तक राष्ट्रीय महासचिव अपने पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ थाने पर बैठे और पीड़िता को न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि जब तक पीड़िता अंजली को न्याय नहीं मिलेगा, वह यहां से नहीं उठेंगे। इस दौरान सपा कार्यकर्ता जमकर नारेबाजी भी करते रहे। बाद में एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद ही थाना पुलिस ने राहत की सांस ली।

### धरने पर यह रहे मौजूद

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के साथ जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेवक यादव, पूर्व एमएलसी डा. दिलीप यादव, पूर्व विधायक अजीम भाई, मीना राजपूत, राजकुमार राठौर, अब्दुल वाहिद, प्रोफेसर अजब सिंह, डा. धर्मेन्द्र यादव, शिवम यादव, जगमोहन यादव, छुट्टन खां सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संगठन की मजबूती के लिए कार्यकताओं में संवाद जरूरी

## भाजपा की प्रदेश महामंत्री गीता शाक्य ने पदाधिकारियों, पूर्व पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से किया संवाद

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। भाजपा की प्रदेश महामंत्री, राज्यसभा सांसद एवं ब्रज क्षेत्र प्रभारी गीता शाक्य मंगलवार को फिरोजाबाद पहुंचीं। जिला भाजपा कार्यालय पर उनके आगमन पर संगठनात्मक बैठकों के तीन सत्र आयोजित किए गए। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकताओं से संवाद कर संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया।





पहले सत्र में जिला व महानगर पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और विभिन्न मोर्चों के जिलाध्यक्षों के साथ संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई। दूसरे सत्र में पूर्व विधायकों, पूर्व जिलाध्यक्षों, पूर्व जिला पदाधिकारियों और पूर्व मंडल अध्यक्षों से संवाद कर उनके अनुभव लिए गए। तीसरे सत्र में विधायकों, ब्लॉक प्रमुखों और चेयरमैन के साथ बैठक हुई। इसमें संगठन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय बनाने पर मंथन किया गया।

गीता शाक्य ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है। कार्यकताओं के आपसी संवाद, समन्वय और लगातार जनसंपर्क से संगठन मजबूत होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं को बूथ और प्रत्येक परिवार तक पहुंचाना कार्यकताओं की जिम्मेदारी है।

उन्होंने आगामी संगठनात्मक अभियानों को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं से सेवा, संगठन और जनसंपर्क को और गति देने का आह्वान किया।

बैठक में महापौर कामिनी राठौर, सदर विधायक मनीष असीजा, विधायक प्रेमपाल धनगर, जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर, पूर्व जिलाध्यक्ष नानक चंद्र अग्रवाल, कन्हैया लाल गुप्ता, राकेश शंखवार, अरविंद पचौरी, प्रमोद पाल बघेल, आनंद अग्रवाल, देवेश भारद्वाज, आकाश शर्मा, आकाश गुप्ता सहित जिला व महानगर के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पति की गला घोंटकर हत्या, पत्नी गिरफ्तार

## शराब के नशे में घर पहुंचा था शिवम, कमरे में पत्नी से हुआ विवाद; पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुला राज

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

सिरसागंज। गुरैया सोहेलपुर गांव में संदिग्ध हालात में हुई शिवम उर्फ राहुल की मौत का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी प्रीति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, घटना वाली रात शराब के नशे में घर पहुंचे शिवम का पत्नी से विवाद हुआ था। इसी दौरान प्रीति ने उसका गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।



गुरैया सोहेलपुर निवासी शिवम उर्फ राहुल की 11 सितंबर की रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। घटना के बाद पत्नी प्रीति द्वारा अलग-अलग बातें बताए जाने पर परिजनों को शक हुआ। मृतक के पिता बलवीर सिंह की सूचना पर पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई।

इसके बाद मृतक की मां मुन्नी देवी की तहरीर पर पुलिस ने 15 सितंबर को प्रीति के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस जांच में सामने आया कि 11 सितंबर की रात करीब आठ बजे शिवम शराब के नशे में घर आया था। पहली मंजिल के कमरे में उसका पत्नी प्रीति से विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान प्रीति ने अपने हाथों से शिवम का गला दबा दिया।

शेरपुरा तिराहे से दबोचा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को आरोपी प्रीति को शेरपुरा तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

यह पुलिस टीम रही शामिल प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अरुण अधाना, महिला उपनिरीक्षक नीतू सिंह, महिला कांस्टेबल पल्लवी और कांस्टेबल मनीष कुमार शामिल रहे।

# पेड़ के नीचे खड़ी तीन महिलाओं पर गिरी आकाशीय बिजली, तीनों झुलसी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर चांदपुर तहसील क्षेत्र के गांव धींवरपुरा में मंगलवार को मौसम खराब होने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला, एक युवती और एक किशोरी झुलस गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने तीनों को उपचार के लिए सीएचसी स्याऊ पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने तीनों को हायर सेंटर बिजनौर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें उपचार के लिए बिजनौर ले गए हैं। धींवरपुरा निवासी 35 वर्षीय ऊषा पत्नी प्रमोद, 20 वर्षीय राखी पुत्री चरन सिंह और 11 वर्षीय रौनक पुत्री प्रमोद जंगल गई थीं। इसी दौरान अचानक मौसम बदल गया। आसमान में बादल छाने के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए तीनों एक पेड़ के नीचे खड़ी हो गईं।बताया गया कि इसी दौरान तेज गड़गड़ाहट के साथ अचानक आकाशीय बिजली पेड़ पर गिर गई। बिजली की चपेट में आने से ऊषा, राखी और रौनक झुलस गईं। तेज आवाज के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण और खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे। हादसे में कुछ लोग घबराकर सड़क की ओर चले गए, जबकि आसपास मौजूद लोगों में भी अफरातफरी का माहौल बन गया।

ग्रामीणों ने तत्काल तीनों को संभाला और गांव पहुंचाया। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे और उन्हें सीएचसी स्याऊ में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर बिजनौर रेफर कर दिया।घटना के बाद गांव में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं, मौसम खराब होने के दौरान ग्रामीणों से खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े न होने की अपील की गई है।

# कच्छा धारी युवक साइकिल लेकर भाग पुलिस ने किया चालान

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। मंगलवार की सुबह गांव सीमला कलां निवासी सत्यवीर सिंह मोहिद्दीनपुर गांव में सड़क किनारे अपनी साइकिल खड़ी करके किसी से बातचीत कर रहे थे। तभी एक युवक, जिसने सिर्फ कच्छा पहना हुआ था, उनकी साइकिल पर बैठकर भाग निकला। साइकिल के मालिक ने जैसे ही उसे देखा तो शोर मचाया और पीछे दौड़ा  तब तक वह युवक शेखपुरा नई बस्ती के ट्रांसफार्मर के पास पहुंच चुका था। वहाँ खुद को घिरा हुआ पाकर उसने साइकिल सड़क किनारे छोड़ दी और गन्ने के खेत में घुस गया। आसपास के लोगों ने उसे खेत से बाहर निकाला और मंडावर पुलिस को सूचना दी। सूचना  पर पहुँची पुलिस ने कच्छा पहने युवक को अपने साथ ले लिया। जब थाना प्रभारी विपिन कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि आरोपी का चालान कर दिया गया है।

# बजरंग पटाखा फैक्ट्री पर छापा, बारूद का जखीरा बरामद; यूसुफ और गुफरान गिरफ्तार

## फैक्ट्री में अवैध रूप से तैयार किए जा रहे थे कारतूस, चार अन्य आरोपी भी नामजद

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर  हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम चौकपुरी स्थित बजरंग फायर वर्क्स पटाखा फैक्ट्री में पुलिस, राजस्व विभाग, एफएसएल और जनपदीय फील्ड यूनिट की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर विस्फोटक पदार्थों का बड़ा जखीरा बरामद किया है। फैक्ट्री में लाइसेंस में निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में विस्फोटक सामग्री का भंडारण किया गया था। इतना ही नहीं, यहां सुतली बम वाले पटाखों के साथ अवैध रूप से कारतूस तैयार किए जाने का भी खुलासा हुआ है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है पुलिस के अनुसार 13 सितंबर को थाना हीमपुर दीपा पुलिस अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के लिए गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम चौकपुरी स्थित बजरंग फायर वर्क्स पटाखा फैक्ट्री की राजस्व विभाग, एफएसएल और जनपदीय फील्ड यूनिट की टीम के साथ संयुक्त रूप से जांच की गई तलाशी के दौरान



फैक्ट्री में भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ और तैयार पटाखे मिले। जांच में कच्चे विस्फोटक पदार्थ के रूप में 130 किलोग्राम एल्युमिनियम पाउडर, 559 किलोग्राम गंधक और 548 किलोग्राम पोटेशियम नाइट्रेट बरामद हुआ। इसके अलावा 39 क्विंटल 59 किलोग्राम निर्मित सुतली बम वाले पटाखे भी मिले। इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिलने से मौके पर हड़कंप मच गया। सुरक्षा के मद्देनजर बरामद विस्फोटक पदार्थ और तैयार पटाखों को सुरक्षित स्थान पर रखवाकर राजस्व अधिकारियों ने ताला लगाकर सील कर दिया, जबकि फील्ड यूनिट ने सामग्री के नमूने सुरक्षित किए। पुलिस ने मौके से मो. यूसुफ पुत्र बुंदू हसन निवासी पीर शहीद कॉलोनी नहटौर और गुफरान अहमद अंसारी पुत्र गुलाम मोहम्मद निवासी शाहदरा नहटौर को गिरफ्तार किया है इस मामले में थाना हीमपुर दीपा में विस्फोटक अधिनियम, आयुध अधिनियम और बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमे में कुल चार अन्य आरोपियों के नाम भी शामिल किए गए हैं। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रविकरण सिंह, उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, तहसीलदार सदर आशीष सक्सेना, उपनिरीक्षक संदीप कुमार, एफएसएलओ शशिपाल सिंह, फायरमैन नितिन सिंह व सौरभ सिंह समेत थाना पुलिस, राजस्व विभाग, अग्निशमन विभाग और जनपदीय फील्ड यूनिट की टीम शामिल रही। उधर पटाखा फैक्ट्री में इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक के साथ कारतूस और उन्हें बनाने के उपकरण मिलने से सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि फैक्ट्री में तैयार विस्फोटक और कारतूस कहां-कहां सप्लाई किए जाते थे तथा इस पूरे नेटवर्क से और कौन-कौन लोग जुड़े हैं पुलिस ने मौके से 315 बोर के 11 भरे हुए कारतूस, 16 खोखा कारतूस, 32 बोर के 7 खोखा कारतूस और 32 बोर के 2 जिंदा कारतूस बरामद किए। इसके अलावा कारतूस बनाने में इस्तेमाल होने वाले मेकअप, कटर, पीतल की पत्ती, पीतल के टुकड़े और लोहे का टुकड़ा समेत अन्य उपकरण भी मिले। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे फैक्ट्री को किराए पर लेकर सुतली बम वाले पटाखे और कारतूस बनाने का काम करते थे। उनके अनुसार अहमद पुत्र यासीन निवासी अमगढ़ उर्फ यासीन कच्चा माल उपलब्ध कराता था और तैयार माल भी खरीदता था आरोपियों के मुताबिक गुफरान का भाई रिजवान असलहा अंसारी, जो वर्तमान में सऊदी अरब में रहता है, कारोबार में पैसा लगाता था। तैयार माल की बिक्री से होने वाले मुनाफे को आपस में बांटा जाता था। पुलिस के अनुसार कच्चे माल और तैयार माल का क्रय-विक्रय बिना बिल और दस्तावेजों के किया जाता था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि कच्चे माल के मिश्रण से कारतूस तैयार किए जाते थे।

# ओजोन परत की रक्षा मानव जीवन की सुरक्षा है: संजय राणा

**समाज जागरण**

बड़ौत। विश्व ओजोन दिवस की पूर्व संध्या पर एनवायरनमेंट एंड सोशल रिसर्च ऑगेर्नाइजेशन (एस्त्रो) के तत्वावधान में दयानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में ओजोन संरक्षण पर संगोष्ठी हुई। अध्यक्षता डॉ. ओमबीर सिंह ने की और संचालन राजकुमार आर्य ने किया। एस्त्रो के निदेशक संजय राणा ने कहा कि ओजोन परत पृथ्वी का प्राकृतिक सुरक्षा कवच है। यह सूर्य की




हानिकारक पराबैंगनी किरणों से मानव, जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की रक्षा करती है। इसलिए ओजोन की रक्षा वास्तव में जीवन की रक्षा है। उन्होंने कहा कि मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल इसका उदाहरण है कि जब दुनिया एकजुट होकर कदम उठाती है तो पर्यावरण संकट का समाधान संभव है। ओजोन संरक्षण और जलवायु परिवर्तन को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। शीतलन में इस्तेमाल होने वाली HFCs जैसी गैसें ग्रीनहाउस प्रभाव बढ़ाती हैं, इसलिए ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों की ओर बढ़ना होगा। राणा ने विद्यार्थियों से हर दिन पर्यावरण के लिए एक जिम्मेदार कदम उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर देशवीर नैन ने कहा कि ओजोन संरक्षण वैश्विक प्रयासों की सफलता की मिसाल है। डॉ. ओमबीर सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की शुरूआत विद्यालयों से होनी चाहिए।अंत में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने ओजोन संरक्षण, ऊर्जा बचत और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान सत्यपाल सिंह पथोलिया, हरवीर सिंह, जसबीर मलिक सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# गन्ना बकाया ब्याज भुगतान को लेकर किसानों ने दिया धरना

**समाज जागरण**

बड़ौत। तहसील क्षेत्र के सहकारी गन्ना समिति लिमिटेड मलकपुर पर अंतर्राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव संजीव दांगी लुहारी के नेतृत्व में किसानों ने धरना दिया। किसानों ने हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार गन्ना पेराई सत्र 1996-97 से 2025-26 तक 14 दिन से अधिक विलंबित



गन्ना मूल्य भुगतान पर वर्षवार ब्याज सहित भुगतान की मांग की। इस मौके पर मलकपुर चीनी मिल गन्ना समिति के चेयरमैन अंकित वीर ने किसानों को आश्वासन दिया कि सभी किसानों का डाटा तैयार किया जा रहा है। जैसे ही मिल पर पैसा आएगा, तुरंत किसानों के खातों में भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह मामला पूरे उत्तर प्रदेश का है, केवल मलकपुर मिल का नहीं, इसलिए समय लग रहा है। पूर्व विधायक वीरपाल राठी ने किसानों के साथ धरने में शामिल होकर कहा कि रालोद किसानों के साथ है और उनकी लड़ाई लड़ेगा। धरने में युवा जिलाध्यक्ष कमलदीप तोमर, जयवीर मलिक, चौधरी जयभगवान, प्रमोद पोली, सुधीर बड़रखा, राकेश त्यागी, नीतू, प्रेमपाल, प्रमोद पूनिया, जितेंद्र तोमर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# ढिकौली में पशु चिकित्सालय पर कब्जा, लेखपाल ने दी तहरीर

**समाज जागरण**

बागपत। ढिकौली गांव में बंद पड़े पशु चिकित्सालय पर गांव के ही दो परिवारों द्वारा कब्जा करने का मामला सामने आया है। लेखपाल ने थाने में तहरीर देकर कब्जा मुक्त कराने और कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि



ढिकौली का पशु चिकित्सालय बंद है और अब उपयोग में नहीं आता। गांव के ही मीनू पुत्र खचेडू और जमील पुत्र मीनू ने चिकित्सालय परिसर में अपना सामान रखकर कब्जा कर लिया है और अवैध रूप से वहां रहने लगे हैं। स्थानीय लोगों की शिकायत पर लेखपाल विवेक सिंह ने मौके पर पुलिस बुलाकर मुआयना कराया और थाना चांदीनगर में तहरीर देकर कब्जा हटवाने और दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# जागौश गांव का आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंद, मरीज परेशान

**समाज जागरण**

छपरौली। जागौश गांव में बना आयुष्मान आरोग्य मंदिर (मिनी सरकारी अस्पताल) लंबे समय से बंद पड़ा है। सामान्य बीमारी के इलाज के लिए भी ग्रामीणों को शहर के अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। परेशान ग्रामीणों ने डीएम और सीएमओ स्तर पर धरना-प्रदर्शन की तैयारी शुरू कर दी है।




ग्रामीणों का कहना है कि एक साल पहले यहां से एएनएम का ट्रांसफर हो गया था, तब से कोई नई तैनाती नहीं हुई है। अस्पताल पर हमेशा ताला लगा रहता है। बुखार जैसी सामान्य बीमारी के लिए भी मरीजों को शहर जाना पड़ता है। बुजुर्ग मरीज रोज सुबह से शाम तक चक्कर लगाकर थक जाते हैं, लेकिन दवा नहीं मिलती। बताया गया कि अस्पताल की तरफ से एक महिला कभी-कभार आती है, जिससे काम नहीं चल रहा।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लवकुश शर्मा ने बताया कि अस्पताल में न डॉक्टर की ड्यूटी है, न एएनएम मौजूद रहती है। ग्रामीणों ने अस्पताल में एएनएम की नियमित तैनाती की मांग की है।

# वाजिदपुर में ब्राह्मण समाज की पंचायत, यूजीसी बिल वापस लेने की मांग

**समाज जागरण**

बड़ौत। वाजिदपुर गांव में यूजीसी बिल वापस लेने की मांग को लेकर ब्राह्मण समाज की पंचायत हुई। पंचायत में देश खाप चौधरी पंडित सुभाष शर्मा का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे बड़ौत विधानसभा क्षेत्र के बसपा विधायक प्रत्याशी सचिन शर्मा का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर सचिन शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज और क्षेत्र की जनता जो सम्मान दे रही है, उसे वह हमेशा बरकरार रखेंगे। क्षेत्र की जनता के साथ 24 घंटे कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और मौका मिला तो क्षेत्र की समस्याओं को



विधानसभा में उठाएंगे।पंचायत में ब्राह्मण समाज ने आरक्षण को जातिगत आधार के बजाय आर्थिक आधार पर लागू करने, यूजीसी बिल वापस लेने और स्वर्ण आयोग के गठन की मांग की। वरिष्ठ समाजसेवी थांबा चौधरी ओंकार भारद्वाज गुराना ने कहा कि सभी ब्राह्मणों को मिलकर यूजीसी बिल और जातिगत आरक्षण का विरोध करना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने की और संचालन सतीश शर्मा ने किया। इस दौरान नीतीश शर्मा, रमेश शर्मा, शिवकुमार शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# समाज सेवी सुरेंद्र तुगाना ने नाग मंदिर में किया पौधों का वितरण

**समाज जागरण**

बागपत। गाँव तुगाना में स्वर्गीय हरि सिंह मुखिया के खेत में नाग महाराज के मंदिर का नव निर्माण किया गया। मंगलवार को सुबह नाग मंदिर पर एक यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया तथा मंदिर में नाग महाराज की मूर्ति स्थापित की गयी। इस शुभ अवसर पर पर्यावरण एवं जलवायु संरक्षण दल भारत वर्ष के चेयरमैन सुरेंद्र सिंह तुगाना ने श्रद्धालुओं को पौधों का वितरण किया। दल के सदस्यों ने नाग महाराज मंदिर के प्रांगण में आँवले के पौधे का रोपण किया। नाग मंदिर में यज्ञ पर उपस्थित सभी भक्त जनों को दल के चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह तुगाना ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के बारे में जानकारी दी। दल के चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह



तुगाना ने कहा की वैदिक धर्म ही हमारी परम्परा है। सभी देवी-देवताओं का सम्मान करना हमारी संस्कृति है। देवी देवताओं में हमारी अस्था है। जिस प्रकार हम अपने देवी- देवताओं की पूजा अर्चना करते है, ठीक उसी तरह हमे प्रकृति की पूजा वंदना कर हरियाली को बढ़ाकर प्रकृति का श्रंगार एवं संवर्धन करना चाहिए, तभी हम स्वस्थ जीवन जी सकते है। इस अवसर पर आये सभी श्रद्धालुओ ने पौधरोपण के कार्य को ईश्वरीय कार्य बताते हुए पौधरोपण अभियान की प्रसंशा की। इस अवसर पर मास्टर चौहप सिंह, बीरपाल मुखिया, धर्मवीर,राजवीर, प्रेम मुखिया, महिपाल मुखिया, धर्मेन्द्र प्रधान आदि उपस्थित रहे।

# अग्रवाल मंडी टटीरी में धूमधाम से निकाली भगवान श्रीकृष्ण की वार्षिक रथयात्रा

**समाज जागरण**

बागपत। अग्रवाल मंडी टटीरी में भगवान श्रीकृष्ण की वार्षिक रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में धूमधाम के साथ निकाली गई। श्री राधाकृष्ण ठाकुरद्वारा मंदिर से विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर रथयात्रा का शुभारंभ किया गया। रथयात्रा में दिल्ली-एनसीआर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और धार्मिक आयोजन में सहभागिता की। रथयात्रा के शुभारंभ अवसर पर श्री राधाकृष्ण ठाकुरद्वारा समिति के अध्यक्ष लाला विनोद कुमार गुप्ता पूर्व चेयरमैन, उपाध्यक्ष लाला प्रमोद कुमार गुप्ता पूर्व चेयरमैन, कोषाध्यक्ष लाला प्रमोद कुमार खांड वाले, सचिव राजीव कुमार गोयल सभासद भाजपा सहित समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विधि-विधान से पूजन किया। इसके बाद सुसज्जित रथ के साथ



यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई पुन मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। रथयात्रा में बैंड-बाजों, शहनाई वादकों और कीर्तन मंडलियों ने भक्तिमय वातावरण बना दिया। धार्मिक एवं देशभक्ति विषयों पर आधारित आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर रथयात्रा का स्वागत किया। समिति की ओर से बाहर से आए श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों का पटका पहनाकर अभिनंदन किया गया। मेले में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, गुब्बारे, खेल-खिलौनों की दुकानें तथा चाट-पकौड़ी सहित विभिन्न खान-पान की दुकानें लगी थी। रथयात्रा के आयोजन में अरुण कुमार मित्तल, अंकुर शर्मा उर्फ पिंटू, सोनू गुप्ता मीतली वाले तथा अखिल गुप्ता मोंटू मेला संयोजक के रूप में सक्रिय रहे। इस अवसर पर भाजपा सभासद एवं श्री राधाकृष्ण ठाकुरद्वारा समिति के सचिव राजीव कुमार गोयल ने यात्रा में पहुंचे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रोबिन गोयल, मास्टर राकेश मोहन गर्ग, सचिन गर्ग, दीपक गोयल, संजय गोयल बेस्टो वाले बड़ौत, हंसराज गुप्ता बड़ौत, प्रवीण गुप्ता बड़ौत, कपिल गुप्ता उर्फ कन्हैया बागपत सहित सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# क्रोध को मौन से जीता जा सकता है : आर्जव सागर

**समाज जागरण**

बागपत। श्री अजितनाथ सभागार बडौत में आचार्य भगवन्‍ श्री 108 आर्जवसागर महामुनिराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि क्रोध को मौन से जीता जा सकता है।उन्होंने कहा कि तामसिक भोजन तथा उत्तेजना उत्पन्न करने वाले गरिष्ठ आहार से भी मन में उत्तेजना बढ़ सकती है और क्रोध उत्पन्न हो सकता है। अतः ऐसे भोजन का त्याग करना चाहिए।क्रोध न करते हुए समाधान-चित्त रहना ही क्षमा-धारी व्यक्ति की पहचान है। क्रोध के परिणाम बताते हुए आचार्य श्री ने कहा कि क्रोध के कारण बड़े-बड़े युद्ध तक हो जाते हैं। आपस का प्रेम नष्ट हो जाता है और स्मरण शक्ति भी कमजोर होने लगती है। इसलिए क्रोध को जीतना केवल व्यक्तिगत शांति के लिए ही नहीं, बल्कि पारिवारिक एवं सामाजिक सौहार्द के लिए भी आवश्यक है। क्रोध को किस प्रकार



छोड़ा जाए, इसका उपाय बताते हुए आचार्य श्री ने कहा कि क्रोध जीतने के लिए मौन धारण करना चाहिए। मौन धारण करने से अच्छे से अच्छे शत्रु भी जीते जा सकते हैं। पूज्य पुरुषों को याद करने, भगवान का स्मरण करने तथा सामने वाले के प्रति माध्यस्थ भाव रखने से भी क्रोध शांत किया जा सकता है। आचार्य श्री ने कहा कि मौन से बड़ी कोई शक्ति नहीं है। मौन से ही क्रोध को जीता जा सकता है।उन्होंने कहा कि जब तक हम जवाब देते चले जाते हैं, तब तक क्रोध बढ़ता रहता है और लड़ाई-झगड़े होते रहते हैं। जब हम शुद्ध भाव रखते हुए क्रोध का शमन करेंगे तो अपने आप ही सरल और सहज बन जाएंगे। इस प्रकार आचार्य श्री ने क्रोधरूपी शत्रु का नाश करके क्षमारूपी मित्र को अपनाने का मार्ग बताया तथा उत्तम क्षमा धर्म को जीवन में धारण करने की प्रेरणा दी।सभा में मुकेश जैन, प्रदीप जैन, वरदान जैन, नवीन जैन, राकेश जैन, संजीव जैन, विकास जैन, अनुज जैन, ऋषभ जैन आदि उपस्थित थे।

# श्रीकृष्ण शोभायात्रा पर विशाल भंडारा, 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद

**समाज जागरण**

अग्रवाल मंडी टटीरी। भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा के अवसर पर मंगलवार को ठाकुरद्वारा मंदिर से निकली शोभायात्रा के दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। स्वर्गीय लाला मूलचंद जी के परिवार की ओर से आयोजित भंडारे में 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गोयल परिवार द्वारा आयोजित इस सेवा कार्य में श्री मंगूलाल गोयल, प्रमोद गोयल, लायन राजकुमार गोयल और लायन अमन गोयल सहित परिवार के सदस्यों ने



श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस समिति के महासचिव अभिमन्यु गुप्ता, ठाकुरद्वारा मंदिर समिति के अध्यक्ष विनोद गुप्ता, लायन दीपक गोयल, डॉ. मयंक गोयल, मनोज मित्तल, बृजेश गोयल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अभिमन्यु गुप्ता ने गोयल परिवार को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी। लायन अमन गोयल ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में सेवा और भाईचारे की भावना बढ़ती है।

# संवत्सरी पर्व पर आत्मशुद्धि और क्षमापना का संदेश

**समाज जागरण**

बड़ौत। नगर के मंडी स्थित जैन स्थानक में महासाध्वी सुप्रज्ञा महाराज के सानिध्य में संवत्सरी पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। पर्यूषण महापर्व के अंतिम दिन मनाए जाने वाले संवत्सरी पर्व का जैन धर्म में विशेष महत्व है। इस दिन श्रद्धालु वर्षभर में जाने-अनजाने हुई गलतियों का आत्मावलोकन कर प्रायश्चित करते हैं।महासाध्वी सुप्रज्ञा महाराज ने कहा कि यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि स्वयं के भीतर झांकने और जीवन में सुधार का अवसर है। मनुष्य को अपने कर्मों का चिंतन कर गलतियों के लिए प्रायश्चित करना




चाहिए। क्षमा मांगना और क्षमा करना दोनों ही आत्मशुद्धि के मार्ग हैं। मन में वैर-द्वेष न रखकर मैत्री और सद्भाव की भावना अपनानी चाहिए। इस अवसर पर समाज के लोगों ने उपवास, सामायिक, प्रतिक्रमण और स्वाध्याय किया। एक-दूसरे से 'मिच्छामि दुक्कड़म' कहकर भूलों के लिए क्षमा मांगी। कार्यक्रम में डॉ. अमित राय जैन, शिखरचंद जैन, संजय जैन, प्रवीण जैन, अमरचंद जैन, वीरेंद्र जैन, पूनम जैन, मूलचंद जैन, मनोज जैन, भूषण जैन सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पंचवटी मंदिर बड़ौत में हुआ श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

**समाज जागरण**

बागपत। पंचवटी मंदिर समिति बड़ौत के तत्वावधान में पंचवटी मंदिर के सभागार में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के शुभारंभ से पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा पंचवटी मंदिर से प्रारंभ होकर बड़ौत नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुन पंचवटी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कलश यात्रा के उपरांत कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान किया गया। इसके बाद कथा व्यास दीपक जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का वाचन प्रारंभ किया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ कथा का श्रवण किया। आयोजक पंचवटी मंदिर समिति बड़ौत की ओर से सुनील मित्तल ने बताया कि पंडित श्री रामलखन त्रिपाठी जी की प्रेरणा से इस धार्मिक आयोजन को किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 14 सितंबर से 21 सितंबर तक किया जाएगा। कथा व्यास दीपक जी महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को







श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों का रसपान कराया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष मोहित गुप्ता, संयोजक नितिन मित्तल, सचिव मनोज सिंघल, कार्यकारिणी अध्यक्ष संदीप गर्ग, कोषाध्यक्ष मनोज गर्ग सहित समिति के सभी सदस्य सक्रिय रूप से सेवा प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर नीरज जैन कश्मीरी स्वीटस बड़ौत, राजीव कुमार गुप्ता रैलीसन फूटवीयर, सुनील मित्तल पैट्रोल पम्प वाले, एड़वोकेट आकाश बंसल, हंसराज गुप्ता, डाक्टर दीपक गौतम, डाक्टर योगेश जिंदल सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

# अब्या प्रोडक्शन ने किया 10 कदम आगे सीजन-32 कराओके शो का भव्य आयोजन

**समाज जागरण**

बागपत। ट्रिप्ल एस स्टूडियो में अब्या प्रोडक्शन के बैनर तले 10 कदम आगे सीजन-32 कराओके शो का भव्य आयोजन किया गया। संगीत, सुर और मनोरंजन से सजे इस कार्यक्रम में दिल्ली के अनेक प्रतिभाशाली सिंगरों और कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में समर खान, आशु वर्मा, रूप सरकार, अजहर फिरदौस, राजन अय्यर, प्रवेश राठी, उपेंद्र चौधरी, उपमा दुआ, धर्मेंद्र तोमर, रितेश तोमर, अलका शर्मा, हरप्रीत, डॉ प्रिंस गुप्ता, सोनू चंदेल और ललित राजोरा सहित अनेक सिंगरों ने हिस्सा लिया। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर माहौल को संगीतमय बना दिया। उनकी प्रस्तुतियों पर उपस्थित दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोमित नारंग भल्ला रहे। वहीं कविता




अरोरा, देवेंद्र राठी (दिल्ली पुलिस), अविनाश सैनी, शिल्पी बहादुर (जानी-मानी मॉडल एवं एंकर), दक्ष गोयल, संजय नारायण (प्रसिद्ध गायक उदित नारायण के भाई) तथा मशहूर डांसर सिमरन अरोड़ा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान सिमरन अरोड़ा ने अपनी शानदार डांस प्रस्तुति से दर्शकों को खूब प्रभावित किया। उनकी प्रस्तुति को उपस्थित लोगों ने काफी सराहा और तालियों के साथ उनका उत्साह बढ़ाया। शो का संचालन अब्या प्रोडक्शन की सीबीओ, एंकर एवं आर्टिस्ट उपमा दुआ ने अपने चुलबुले और आकर्षक अंदाज में बखूबी किया। उनकी एंकरिंग ने कार्यक्रम में ऊर्जा और मनोरंजन का रंग भर दिया। वहीं, पहली बार अब्या प्रोडक्शन के बैनर तले समर खान ने भी एंकरिंग के क्षेत्र में अपनी शुरूआत की और अपने अंदाज से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के सफल एवं शानदार आयोजन के लिए अब्या प्रोडक्शन के सीईओ योगेश मलिक और सीबीओ उपमा दुआ की जमकर प्रशंसा हुई।

# सुभारती विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर विशेष व्याख्यान

**समाज जागरण**

बागपत/मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। सत्यजीत रे ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु के प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो. गौतम आर. देसिराजू ने व्याख्यान दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान प्रति-कुलाधिपति मेजर जनरल (डॉ.) जी.के. थपलियाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) वी.के. मित्तल सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी और शोधार्थी मौजूद रहे। अपने व्याख्यान में प्रो. देसिराजू ने कहा कि 'भारतीय ज्ञान परंपरा' केवल तीन शब्दों का समूह नहीं, बल्कि भारत की सभ्यता, संस्कृति और जीवन-दृष्टि का व्यापक दर्शन है। उन्होंने कहा कि भारत को केवल भौगोलिक सीमाओं से नहीं



समझा जा सकता। भारत हमारी सोच, संस्कार और जीवन-पद्धति में मौजूद है। 'भारत वह है, जो हम हैं।' उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का उद्देश्य अतीत को जानने के साथ-साथ उसमें निहित ज्ञान को वर्तमान में उपयोगी बनाना है। प्रति-कुलाधिपति मेजर जनरल प्रो. थपलियाल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हजारों वर्षों से विकसित होती रही है। भारत ने गणित, खगोल, चिकित्सा, दर्शन और योग सहित कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विश्वविद्यालय युवाओं को आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कारों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी और डॉ. प्रीति सिंह रहे। अंत में वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# श्रीअन्न मिलेट्स आज की जरूरत, फाइबर और रोग प्रतिरोधक क्षमता का भंडार: डॉ. मनीष तोमर

**समाज जागरण**

बड़ौत। कृषि विभाग द्वारा मिलेट्स पुनरुद्धार के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम महर्षि दयानंद सरस्वती वैदिक महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. मनीष तोमर ने कहा कि श्रीअन्न मिलेट्स आज के समय की जरूरत है। इनमें पाए जाने वाले पोषक तत्वों के कारण ही इन्हें पोषक अनाज कहा जाता है। गेहूं और चावल की तुलना में मिलेट्स में फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन और फोलिक एसिड अधिक मात्रा में होता है, जो बच्चों के लिए जरूरी है। कृषि उपनिदेशक विभाति चतुर्वेदी ने कहा कि सभी को ज्वार, बाजरा, सांवा, रागी, कोदो, कंगनी, कुटकी, रामदाना आदि की खेती करनी चाहिए, जिससे फसल चक्र भी अच्छा रहेगा और पोषक भोजन मिलेगा। जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव ने कहा कि बाजरा बिस्किट, बाजरा केक, ज्वार के गुलाब जामुन, चना बर्फी, सांवा कलाकंद जैसे उत्पाद बनाकर संतुलित आहार प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन रवि शास्त्री ने किया।

# ड्रग तस्करों की ढाल बनी अकाली लीडरशिप ने खुद ही अपने पंथिक अंत को पक्का कर लिया है - ब्रह्मपुरा

## जब राजनीति माताओं के कातिलों के सामने घुटने टेक देती है, तो बगावत सिर्फ अधिकार नहीं, बल्कि धर्म बन जाती है

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



चंडीगढ़ /पंजाब,15 सितंबर : पॉलिटिकल साइंस और इतिहास का यह हमेशा रहने वाला नियम है कि बड़ी संस्थाएं और पॉलिटिकल पार्टियां कभी भी अपने विरोधियों के हाथों खत्म नहीं होतीं, बल्कि उनकी अपनी लीडरशिप का अंदरूनी खोखलापन, दूर की न सोच और नैतिक दिवालियापन उन्हें बबार्दी की ओर ले जाता है। मुझे पार्टी की प्राइमरी मेंबरशिप से निकालने का आदेश मेरे खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं है, बल्कि मौजूदा लीडरशिप का ड्रग तस्करों और क्रिमिनल माफिया के सामने 'सैद्धांतिक सरेंडर' का ऑफिशियल ऐलान है। जब कोई शासक अपने आइडियोलॉजिकल पिलर छोड़कर क्रिमिनल्स और दागी लोगों को अपनी ढाल बनाने लगे, तो समझ लेना चाहिए कि उसके राज का अंत पक्का है। मेरे खिलाफ इस्तेमाल किया गया तथाकथित 'डिसिप्लिन' का हथियार असल में उस आवाज को दबाने की एक इंटेलेक्चुअल और पॉलिटिकल नाकाम कोशिश है जो पुलिस स्टेशन की डायरियों में दर्ज तीन पीढ़ियों के काले रिकॉर्ड को पब्लिक कर रही थी। लीडरशिप की पॉलिटिकल इनसिक्योरिटी इतनी बढ़ गई है कि सच का सामना करने के बजाय, उन्होंने पार्टी की बची-खुची इज्जत को माफिया के पास गिरवी रखना सही समझा है। जिस पॉलिटिकल पार्टी की नींव हमारे बुजुर्गों ने दशकों के बिना किसी स्वार्थ के संघर्ष, जेलों और पंथिक परंपराओं की नींव पर रखी थी, आज उसकी मौजूदा लीडरशिप ने उस नींव पर खुद ही कुल्हाड़ी मार ली है। जो लोग जड़ें काटकर पत्ते हरे रखने का भ्रम पाल रहे हैं, वे पॉलिटिक्स के बेसिक उसूलों से भी बेखबर हैं। क्रिमिनल बैकग्राउंड वाले लोगों को पार्टी प्लेटफॉर्म पर रखकर पारंपरिक सोच को बाहर करने का फैसला पार्टी की पहली मौत है। मेरे पॉलिटिकल वजूद और उसूलों को किसी कागजी ऑर्डर या ऑफिस सर्कुलर की जरूरत नहीं है। यह फैसला मुझे नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि मुझे उन ऑर्गेनाइजेशनल बेड़ियों से पूरी तरह आजाद करता है जो मुझे स्मगलरों के खिलाफ कोई बड़ा हमला करने से रोक रही थीं। मौजूदा लीडरशिप ने मुझे पार्टी से निकालकर मेरे हाथ नहीं बांधे हैं, बल्कि मेरी पॉलिटिकल और मोरल स्ट्रेटेजी को और ज्यादा आजाद कर दिया है।

पुलिस थानों के काले रिकॉर्ड, कोर्ट के फैसले और इतिहास की सच्चाई को कागज के फरमानों की स्याही से नहीं मिटाया जा सकता। माफिया और उनके पॉलिटिकल संरक्षकों के नेक्सस को बेनकाब करने की स्ट्रेटेजी अब और ज्यादा तेज, साफ और निर्णायक दौर में जाएगी।

# रेलवे द्वारा अमृतसर-कोलकात और अमृतसर-बरौनी आरक्षित स्पैशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियां चलाने का निर्णय

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,15 सितंबर : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक बसंत कुमार ने मंगलवार को कहा कि आगामी त्यौहारों के मद्देनजर रेलयात्रियों की सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे ने अमृतसरझकोलकाताझ अमृतसर और अमृतसर-बरौनी-अमृतसर के बीच त्यौहार स्पैशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इन त्यौहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन निम्नानुसार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 04624/04623 अमृतसर-कोलकाता-अमृतसर आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस।

आरक्षित स्पैशल एक्सप्रेस 04624 अमृतसर से कोलकाता के लिए 07.10.2026 से 25.11.2026 (08 ट्रिप) के बीच प्रत्येक बुधवार को खुलगी। यह आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी 04624 अमृतसर से रात्रि 20:10 बजे प्रस्थान करके 42 घंटे 50 मिनट बाद दोपहर 15:00 बजे कोलकाता पहुँचेगी।



आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस 04623 कोलकाता से अमृतसर के लिए 10.10.2026 से 28.11.2026 (08 ट्रिप) के बीच प्रत्येक शनिवार को खुलेगी। यह आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस 04623 कोलकाता से सुबह 04:45 बजे प्रस्थान करके 40 घंटे 20 मिनट बाद रात्रि 21:05 बजे अमृतसर पहुँचेगी। मार्ग में ये आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस ब्यास, जालंधर सिटी, फगवाड़ा, ढंडारी कलां, अंबाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर,कप्तानगंज,पनियहवा,बगहा,नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुज्जफरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर और बर्द्धमान स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी। इसमें वातानुकूलित 2 टियर (1 कोच), वातानुकूलित 3 टियर (2 कोच), स्लीपर (09 कोच) एवम् जनरल श्रेणी (6 कोच) के कोच लगे हुए है।

ट्रेन 04668/04667 अमृतसर-बरौनी-अमृतसर आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस।

आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस 04668 अमृतसर से बरौनी के लिए 04.10.2026 से 29.11.2026 (09 ट्रिप) के बीच प्रत्येक रविवार को खुलगी। यह आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस 04668 अमृतसर से रात्रि 20:10 बजे प्रस्थापन करके 30 घंटे बाद सुबह 02:10 बजे बरौनी पहुँचेगी।

आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस 04667 बरौनी से अमृतसर के लिए 06.10.2026 से 01.12.2026 (09 ट्रिप) के बीच प्रत्येक मंगलवार को खुलेगी। यह आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस 04667 बरौनी से सुबह 05:05 बजे प्रस्थान करके 32 घंटे 45 मिनट बाद दोपहर 13:50 बजे अमृतसर पहुँचेगी। मार्ग में ये आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस ब्यास, जालंधर सिटी, फगवाड़ा, ढंडारी कलां, अंबाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, आलमनगर, राय बरेली, माँ बेलहा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, औंड़िहार, गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर और शाहपुर पटोरी स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी। इसमें वातानुकूलित 2 टियर (1 कोच), वातानुकूलित 3 टियर (2 कोच), स्लीपर (09 कोच) एवम् जनरल श्रेणी (6 कोच) के कोच लगे हुए है रेलयात्रियों से आग्रह है कि वे त्योहार स्पेशल ट्रेन का लाभ उठाये और अपनी यात्रा सुगम और आसान बनाए।

# सम्भल में यातायात पुलिस का विशेष अभियान, 268 वाहनों पर कार्रवाई

## उपशीर्षक : 22 ओवरलोड वाहनों को किया गया जब्त, 30 टेम्पो और ई-रिक्शा से अवैध पायदान व अतिरिक्त सीटें हटवाई गईं



समाज जागरण / सम्भल। पुलिस अधीक्षक सम्भल विकास चन्द्र त्रिपाठी के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात अजीत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात जगरोशन सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर विशेष अभियान चलाया।

अभियान के दौरान ओवरलोडिंग करने वाले पिकअप, ई-रिक्शा और टेम्पो सहित कुल 22 वाहनों के विरुद्ध जब्ती की कार्रवाई की गई। इसके अलावा 30 टेम्पो एवं ई-रिक्शा में अवैध रूप से लगाए गए पायदान और अतिरिक्त सीटों को हटवाया गया। वाहन चालकों को भविष्य में इस प्रकार के अवैध परिवर्तन नहीं करने के लिए जागरूक किया गया।

यातायात पुलिस के अनुसार, अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 268 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस दौरान वाहन चालकों और आमजन को निर्धारित क्षमता के अनुसार ही सवारी बैठाने तथा वाहनों में अवैध रूप से अतिरिक्त सीट या पायदान नहीं लगाने के संबंध में जागरूक किया गया।

**सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक**

यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। साथ ही पैदल यात्रियों को भी सड़क पर आवागमन के दौरान सावधानी बरतने और निर्धारित नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

यातायात पुलिस का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के साथ आमजन की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना है। पुलिस ने सभी वाहन चालकों और पैदल यात्रियों से यातायात नियमों का पालन कर स्वयं तथा अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

# अभियंता दिवस पर जनपद के अभियंताओं ने ई.एम. विश्वेश्वरैया को किया नमन

## दीप प्रज्वलित कर महान अभियंता के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल।अभियंता दिवस के शुभ अवसर पर जनपद सम्भल के विभिन्न विभागों में कार्यरत अभियंताओं द्वारा चन्दौसी स्थित लेमन ट्री होटल में कार्यक्रम आयोजित कर भारत के महान अभियंता एवं भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया (ई.एम. विश्वेश्वरैया) को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत उपस्थित अभियंताओं ने ई.एम. विश्वेश्वरैया जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम, जिला पंचायत सहित विभिन्न विभागों के अभियंताओं एवं अवर अभियंताओं ने प्रतिभाग किया। वक्ताओं ने ई.एम. विश्वेश्वरैया के देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान तथा अभियंत्रण क्षेत्र में उनके आदर्शों और कार्यशैली को याद करते हुए अभियंताओं से अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग हिमांशु वार्ष्णेय, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग राकेश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार, सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग रामगोपाल बंसल सहित जल निगम, जिला पंचायत एवं अन्य विभागों के अभियंता तथा अवर अभियंता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ तथा उपस्थित अभियंताओं ने ई.एम. विश्वेश्वरैया के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए जनपद के विकास में अपनी भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम लोगों को संवत्सरी की दी शुभकामनाएं

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



चंडीगढ़ /पंजाब,15 सितंबर : मंगलवार को प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने संवत्सरी के पावन अवसर पर आम लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने कहा कि संवत्सरी हमें याद दिलाती है कि क्षमा और करुणा हर बंधन को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने सभी से विनम्रता अपनाने और दया और सद्भावना को अपने कार्यों में मार्गदर्शक बनाने का आह्वान किया।प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में लिखा है ।संवत्सरी हमें याद दिलाती है कि क्षमा और करुणा हर बंधन को मजबूत बनाते हैं।इस पवित्र अवसर पर विनम्रता हमारा मार्गदर्शन करे और दया एवं सद्भावना हमारे हर कार्य को आकार दें।

# सम्भल में 4.50 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति

## उपशीर्षक : राज्य वित्त से 3.60 करोड़ और अनटाइड मद से 89.88 लाख रुपये के 55 विकास कार्य स्वीकृत

**समाज जागरण / सम्भल।**

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने विकास खण्ड सम्भल में क्षेत्र पंचायत के प्रस्तावों के आधार पर विभिन्न विकास कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत 55 कार्यों की कुल अनुमानित लागत 4 करोड़ 50 लाख 52 हजार रुपये है। इनमें राज्य वित्त मद से 3 करोड़ 60 लाख 64 हजार रुपये तथा अनटाइड मद से 89 लाख 88 हजार रुपये के कार्य शामिल हैं।

जिलाधिकारी द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार स्वीकृत कार्यों में सड़क एवं सीसी टाइल्स निर्माण, नाली निर्माण, विद्यालयों में पोषण शेड, महिला शौचालय, मध्याह्न भोजन शेड, चहारदीवारी, सौर पैनल, पिंगल स्टोर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जलशीतक की स्थापना, अंतरलॉकिंग सहित विकास खण्ड कार्यालय से संबंधित निर्माण एवं मरम्मत कार्य शामिल हैं।

**इन गांवों में होंगे विकास कार्य**

मेहराना, शाहपुर चमरान, अबूनगर, रहटौल तथा भडवाड़ा में पोषण शेड का निर्माण कराया जाएगा। मुकर्रबपुर में मुख्य मार्ग से आदर्श दुकान तक अंतरलॉकिंग तथा भदरौला व हरामपुर बुजुर्ग में विद्यालय के सामने अंतरलॉकिंग का कार्य होगा।

सिंहपुर सानी में पिंगल स्टोर का निर्माण तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जलशीतक की स्थापना की जाएगी। पंसुखा, हजरतनगर गढ़ी, मिठौली, मवई ठाकुरान, हिसामपुर, शरीफपुर तथा रूकनुद्दीन सराय में महिला शौचालय और मध्याह्न भोजन शेड बनाए जाएंगे।

भारथल सिरसी तथा जालबस सराय स्थित पीएम श्री विद्यालयों में पांच-पांच किलोवाट क्षमता के सौर पैनल लगाए जाएंगे। वाजिदपुर सराय (सीतापुर), कैमा तथा चमरौआ में सड़क, खड़ंजा और सीसी कार्य कराए जाएंगे। मौपुर विशनपुर में विभिन्न स्थानों पर सीसी कार्य तथा चहारदीवारी का निर्माण कराया जाएगा। ततारपुर रोड, मुकर्रबपुर, दौलतपुरी, फतेहपुर देव, बराही, नबाड़ा, मण्डलाई, बैटला, बझेड़ा, रामपुर उर्फ यारपुर तथा देहपा में सड़क एवं सीसी टाइल्स से संबंधित कार्य होंगे।

मिठौली में राजेन्द्र के मकान से कुंवरपाल के मकान तक सीसी कार्य तथा फतेहउल्लागंज में मिल्क से तालाब तक नाला निर्माण कराया जाएगा।

**विकास खण्ड कार्यालय में भी होंगे कार्य**

विकास खण्ड सम्भल परिसर में प्रेरणा कैंटीन का निर्माण, कार्यालय की छत की मरम्मत तथा अन्य आवश्यक निर्माण कार्य भी स्वीकृत किए गए हैं।

**वित्तीय नियमों के पालन के निर्देश**

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित वित्तीय नियमों के अनुसार कराए जाएंगे। वित्तीय हस्तपुस्तिका में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार भुगतान के समय वस्तु एवं सेवा कर, आयकर तथा श्रम उपकर की नियमानुसार कटौती की जाएगी।

इसके साथ ही क्षेत्र पंचायत के कार्यकाल से संबंधित शासनादेश के अनुरूप स्वीकृत कार्यों के संबंध में निर्धारित शर्तों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बीएसपी ने गुजैनी में लगाया स्वास्थ्य परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर , उमड़ी भीड़

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**




कानपुर । यहां दक्षिण क्षेत्र के गुजैनी सब्जी मंडी में बहुजन समाज पार्टी की ओर से विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया ।इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में बहुजन समाज पार्टी के आशीष कश्यप ने बीपी की जांच कराकर किया। शिविर में आंखों की निःशुल्क जांच करने वाले डाक्टर एस के पाण्डेय को अधिकांश मरीजों की शुगर बढ़ी मिली। साथ ही 13 मरीजों को मोतियाबिंद की भी शिकायत मिली,जिसके लिए उन्हें उचित परामर्श भी दिया गया। शिविर में मौजूद रमेश सिंहवानी ने बताया गया कि गणेश महोत्सव के बाद मोतियाबिंद का आपरेशन बिना टांका, बिना चीरा के फेंको विधि से लेंस आपरेशन डाक्टर शरद बाजपेई द्वारा कनिका हॉस्पिटल हर्ष नगर में होगा।

गुजैनी में लगाए गए इस शिविर में नोवल हॉस्पिटल स्वरूप नगर के रोहित शुक्ला की मौजूदगी में डाक्टर दीपक ,डाक्टर दिव्या और लेब टेक्नीशियन पुष्पांजलि ने मरीजों की जांच करने के बाद बताया कि अधिकांश मरीजों में ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर बढ़ी मिली। इसबीच शिविर प्रबंधक ओमप्रकाश व अरविन्द जायसवार ने बताया कि 19 सितम्बर को गुजैनी गांव और विशम्बर नाथ स्कूल में भी नि : शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मुख्य रूप से पन्ना लाल जायसवार ,ओमप्रकाश पप्पू ,अरविंद जायसवार, शिविर व्यवस्थापक जितेंद्र ,सतीश रोचलानी, दीपक चौरसिया और समाज सेवा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रमेश सिंहवानी आदि मौजूद रहे।

# जबरौली गांव में कजरी तीज पर सजा कुश्ती का अखाड़ा

**समाज जागरण संवाददाता**





मोहनलालगंज, लखनऊ। सोमवार को मोहनलालगंज क्षेत्र के जबरौली गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कजरी तीज के शुभ अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि गौरव अवस्थी के नेतृत्व में विशाल दंगल का भव्य आयोजन किया गया। दंगल में दूर-दराज से पहुंचे महिला एवं पुरुष पहलवानों ने अपने शानदार दांव-पेंच और दमखम का प्रदर्शन कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

दंगल में हिस्सा लेने पहुंचे पहलवानों का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, समाजसेवी अमित तिवारी महाराज एवं भगवंत नगर विधायक प्रत्याशी अविचल शुक्ला शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, समाजसेवी अमित तिवारी महाराज, अविचल शुक्ला, सभासद शुभम सिंह, प्रधान प्रतिनिधि गौरव अवस्थी, करन शुक्ला एवं हरिओम तिवारी ने पहलवानों से हाथ मिलाकर कराया। दंगल में पहलवानों के बीच एक से बढ़कर एक रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। महिला पहलवान पूजा दिल्ली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। वहीं पुरुष वर्ग की आखिरी और सबसे रोमांचक कुश्ती लकी थापा और बाबा नागेंद्र दास अयोध्या के बीच हुई। दोनों पहलवानों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली और मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद कमेटी ने दोनों पहलवानों को विजयी घोषित किया। आयोजन के अंत में विजेता पहलवानों को नकद धनराशि एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने सभी विजेता पहलवानों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला के पुत्र अर्जुन शुक्ला, श्यामू सिंह, सोनू साहू, सूरज तिवारी, शक्ति तिवारी, राजकुमार सिंह, बीडीसी प्रत्याशी रवि सिंह, प्रधान हरिनाम यादव, सचिव मनोज कुमार, पत्रकार आशीष द्विवेदी, प्रधान निगोहां अभय दीक्षित उर्फ टिंकू, सर्वेश रावत, पत्रकार धीरज तिवारी, पत्रकार विवेक कुमार राम जी फूल कुमार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय सम्मानित जनता मौजूद रही।

# अयोध्या में बनेगा एनएसजी का क्षेत्रीय केंद्र, योगी कैबिनेट ने 26 हेक्टेयर भूमि निशुल्क देने को दी मंजूरी

**- 16.90 करोड़ की भूमि निशुल्क गृह मंत्रालय को हस्तांतरित होगी, राम मंदिर ही नहीं पूरे यूपी की बढ़ेगी सुरक्षा**

**- आवंटित भूमि का अगले तीन वर्षों में करना होगा उपयोग, किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं होगी उपयोग**

**- देश-विदेश से बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं, अतिथियों और पर्यटकों की सुरक्षा से जुड़ा अहम फैसला**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 15 सितंबर। अयोध्या धाम-राम मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में अयोध्या की तहसील मिल्कीपुर में 26 हेक्टेयर यानी करीब 65 एकड़ बंजर भूमि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना के लिए गृह मंत्रालय को निशुल्क हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इससे अयोध्या में किसी भी संभावित सुरक्षा चुनौती से निपटने और आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि राम मंदिर निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामरिक केंद्र के रूप में स्थापित हुआ है। यहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, विशिष्ट अतिथियों और पर्यटकों का लगातार आना हो रहा है। ऐसे में क्षेत्र की सुरक्षा संवेदनशीलता भी काफी बढ़ी है। इसी को देखते हुए अयोध्या में एनएसजी क्षेत्रीय केंद्र की स्थायी तैनाती जरूरी हो गई है।

कैबिनेट ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के उपयोग के लिए एनएसजी क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने के लिए गृह मंत्रालय के पक्ष में मिल्कीपुर तहसील के ग्राम पूरे लालखां की 26 हेक्टेयर बंजर भूमि निशुल्क हस्तांतरित करने की औपचारिक स्वीकृति प्रदान की है। संबंधित भूमि का बाजार मूल्य 16.90 करोड़ रुपये बताया गया है।

**केवल एनएसजी क्षेत्रीय केंद्र के लिए होगा भूमि का उपयोग**

हस्तांतरित की जाने वाली भूमि का उपयोग केवल एनएसजी क्षेत्रीय हब की स्थापना के लिए किया जाएगा। इसका किसी अन्य उद्देश्य के लिए इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। भूमि आवंटन को लेकर राजस्व विभाग के शासनादेश में निर्धारित प्रावधानों के तहत अयोध्या की विशेष सुरक्षा संवेदनशीलता और राष्ट्रीय सुरक्षा के सर्वोच्च महत्व को देखते हुए अपवादस्वरूप शिथिलता प्रदान की गई है।

# पनीर के नाम पर बेचे जाने वाले एनालॉग/गैर-डेयरी पनीर पर एक वर्ष के लिए प्रतिबंध तुरंत प्रभाव से लागू : डीसी

**डीसी ने जिले में आदेशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के दिए कड़े निर्देश**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी**

भिवानी, 15 सितंबर। प्रदेश सरकार ने आमजन के स्वास्थ्य के दृष्टिगत हरियाणा राज्य में पनीर के नाम से बेचे जाने वाले एनालॉग (गैर-डेयरी) पनीर के विनिर्माण, भंडारण, वितरण (परिवहन सहित) एवं विक्रय पर एक वर्ष की अवधि के लिए तुरंत प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगाया है।

डीसी साहिल गुप्ता ने इस संबंध में जारी आदेशों की जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, हरियाणा द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 30(2)(क) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह अधिसूचना जारी की गई है। इसके अनुसार खाद्य मानकों एवं लेबलिंग अपेक्षाओं का उल्लंघन कर बेचे जा रहे किसी भी प्रकार के गैर-डेयरी/एनालॉग पनीर के विनिर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री पर एक वर्ष की अवधि के लिए रोक रहेगी। यह आदेश खाद्य सुरक्षा में संलग्न सभी खाद्य कारोबारियों पर अनिवार्य रूप से लागू होगा।

# भांग के ठेके पर गांजा बिकने का वीडियो वायरल, आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**समाज जागरण**



बागपत। नगर में स्थित सरकारी भांग के ठेके से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में ठेके पर भांग की आड़ में खुलेआम प्रतिबंधित गांजा बेचे जाने का दावा किया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद हड़कंप मचा हुआ है और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि शहर के मुख्य भांग के ठेके पर लंबे समय से भांग के नाम पर गांजा बेचा जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेके पर गांजा महंगे दामों पर दिया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के युवाओं में नशे की लत तेजी से बढ़ रही है। शाम होते ही ठेके के आसपास नशेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है ।नागरिकों का कहना है कि कई बार इसकी शिकायत आबकारी विभाग से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर ठेके का लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है।

# प्रदीप जैन को प्रधान बनने पर दी बधाई, मार्केट कमेटी में लड्डू बांटकर किया स्वागत

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) आढ़ती एसोसिएशन कालांवाली के नवनियुक्त प्रधान प्रदीप जैन के मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी कालांवाली के चेयरमैन सतपाल शर्मा ने प्रदीप जैन को प्रधान बनने पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।



प्रदीप जैन के मार्केट कमेटी पहुंचने पर चेयरमैन सतपाल शर्मा ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया तथा प्रदीप जैन को अपने हाथों से लड्डू खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाया। इस दौरान आढ़ती एसोसिएशन कालांवाली की पूरी टीम का भी स्वागत किया गया।

चेयरमैन सतपाल शर्मा ने कहा कि आढ़ती एसोसिएशन कृषि क्षेत्र से जुड़े किसानों और आढ़तियों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदीप जैन अपने कार्यकाल के दौरान आढ़तियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके समाधान के लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी को मिल-जुलकर क्षेत्र के किसानों और व्यापारियों के हित में कार्य करना चाहिए।

इस मौके पर प्रदीप जैन ने स्वागत और बधाई के लिए चेयरमैन सतपाल शर्मा सहित सभी आढ़तियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने आढ़तियों की समस्याओं के समाधान के लिए सभी को साथ लेकर चलने की बात कही।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष महेश झोरड़,सुखराम फत्तेवाले, हरिश कुमार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद में पिता पर पुत्र की गोली मारकर हत्या का आरोप

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) कालांवाली थाना क्षेत्र के गांव खोखर में मंगलवार अल सुबह जमीनी विवाद को लेकर एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। आरोप है कि पिता ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर अपने ही पुत्र को गोलियां मार दीं। गोली लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान जसवंत सिंह पुत्र जलविंदर सिंह निवासी गांव खोखर के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद कालांवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मृतक की पत्नी जश्नदीप कौर के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।





मृतक की पत्नी जश्नदीप कौर ने पुलिस को दिए बयानों में आरोप लगाया है कि उसके ससुर जलविंदर सिंह और उसके बहनोई गुरजंट सिंह निवासी कमालू, पंजाब सहित 2 से 3 अन्य लोग घर में घुसे और जसवंत सिंह पर गोलियां चला दीं। गोली लगने से जसवंत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। जश्नदीप कौर ने कहा कि जब तक उसके पति की हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक वह अपने पति का पोस्टमार्टम नहीं करवाएगी और न ही अंतिम संस्कार करेगी।

**वहीं, पुलिस ने मृतक की पत्नी के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस वारदात के पीछे रहे जमीनी विवाद समेत अन्य कारणों की भी जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।**

# ढाणी कतवार में प्लॉट में बकरियां घुसाने को लेकर विवाद

- दंपती से लाठी-जेली से मारपीट का आरोप, दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज
- चोट लगने के बाद अस्पताल में कराया उपचार, एक्स-रे में दो फ्रैक्चर मिलने पर बढ़ाई गई धाराएं

**समाज जागरण, ( जावला )**

बहल । ढाणी कतवार में खाली प्लॉट में बकरियां घुसाने को लेकर हुए विवाद में पति-पत्नी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर बहल थाना पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 115(2), 117(2), 351(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला 14 सितंबर 2026 को दर्ज किया गया।

प्राथमिकी में दर्ज शिकायत के अनुसार, 1 सितंबर को सुबह करीब 10:30 से 11 बजे के बीच शिकायतकर्ता की पत्नी घर के नजदीक स्थित खाली प्लॉट में गोबर डालने गई थी। वहां गोबर के उपले बनाए हुए थे। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला व्यक्ति अपनी भेड़-बकरियां प्लॉट में ले आया, जिससे गोबर के उपले खराब हो गए। महिला ने इस पर आपत्ति जताई तो कथित तौर पर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई।

महिला के शोर मचाने पर उसका पति मौके पर पहुंचा। इसी दौरान आरोपी का पिता भी वहां पहुंच गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि एक आरोपी ने लाठी से शिकायतकर्ता के पैर और हाथ की उंगलियों पर चोट मारी, जबकि दूसरे आरोपी ने जेली से उसके दोनों हाथों और सिर पर वार किया। बीच-बचाव करने पहुंची महिला के हाथ और पैर पर भी लाठी से चोट मारने का आरोप लगाया गया है।

शिकायत के अनुसार दोनों आरोपी मौके से जाते समय दंपती को जान से मारने की धमकी देकर गए। घटना के बाद घायल पति-पत्नी को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल तोशाम ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सामान्य अस्पताल भिवानी रेफर कर दिया गया।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार घायल व्यक्ति की चिकित्सकीय रिपोर्ट में सात चोटें दर्ज की गईं, जिन्हें कुंद वस्तु से लगी चोट बताया गया। बाद में एक्स-रे रिपोर्ट में दो फ्रैक्चर सामने आने के बाद पुलिस ने मामले में संबंधित धाराएं जोड़ीं। बहल थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल देवेंद्र सिंह को सौंपी गई है। पुलिस द्वारा शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# लोहारू में हत्या के मामले की जांच के दौरान 73 बोतल देशी शराब बरामद

- प्लॉट में बने कमरे के बेड से मिली शराब, अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आबकारी अधिनियम में केस
- 7 पेटियों में मिली 73 बोतलें, 7 नमूने अलग कर 66 बोतलें पुलिस ने कब्जे में लीं

**समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी**

लोहारू। गांव गोठड़ा में हत्या के मामले की जांच के दौरान पुलिस ने एक प्लॉट में बने कमरे से 73 बोतल देशी शराब बरामद की है। शराब बरामदगी के बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आबकारी अधियनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार थाना लोहारू में दर्ज मुकदमा नंबर 170/2026 में मृतक और आरोपी के बीच विवाद से जुड़ी घटना की जांच चल रही है। इसी जांच के सिलसिले में 14 सितंबर 2026 को पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। तलाशी के लिए प्लॉट मालिक को मौके पर बुलाया गया और उसकी मौजूदगी में कमरे में रखे बेड की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बेड के अंदर 7 पेटियां देशी मार्का मस्ती माल्टा शराब बरामद हुई। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार पेटियों से कुल 73 बोतलें मिलीं। कार्रवाई के दौरान शराब में से 7 बोतलें नमूने के तौर पर अलग की गईं, जबकि शेष 66 बोतलों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। कार्रवाई के दौरान स्वतंत्र गवाहों के हस्ताक्षर भी करवाए गए।

पुलिस ने प्लॉट मालिक से शराब के संबंध में पूछताछ की। उसने बताया कि 11 सितंबर 2026 को उसके बेटे की हत्या हुई थी और मृतक का इस प्लॉट पर अक्सर आना-जाना रहता था। प्लॉट मालिक ने पुलिस को बताया कि उसे जानकारी नहीं है कि शराब वहां कौन लेकर आया और किसने कमरे में रखी।

पुलिस के अनुसार बरामद शराब निर्धारित सीमा से अधिक पाए जाने पर थाना लोहारू में धारा 61-4-20 आबकारी अधिनियम के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बरामद शराब को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

जांच के दौरान पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कमरे में शराब किस व्यक्ति ने रखी थी और इसका संबंध किससे है। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है।

# टेलीग्राम पर ऑनलाइन टास्क का झांसा, 4.43 लाख की साइबर ठगी

- रेटिंग और घर बैठे कमाई का लालच देकर पहले जमा करवाई रकम, निकासी के नाम पर मांगे और पैसे
- अलग-अलग बैंक खातों व यूपीआई के जरिए 4,43,916 रुपये ट्रांसफर करवाए, साइबर क्राइम थाना भिवानी में केस दर्ज

**समाज जागरण**
**जिला संवाददाता भिवानी**

भिवानी। टेलीग्राम के माध्यम से ऑनलाइन टास्क, रेटिंग और घर बैठे कमाई का झांसा देकर एक व्यक्ति से 4 लाख 43 हजार 916 रुपये की साइबर ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर दर्ज शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम थाना भिवानी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत के अनुसार पीड़ित को टेलीग्राम के माध्यम से ऑनलाइन रेटिंग और टास्क करने पर लाभ कमाने का झांसा दिया गया। शुरूआत में उसे टास्क पूरा करने के नाम पर कुछ राशि जमा करने के लिए कहा गया। इसके बाद अलग-अलग कारण बताकर कथित साइबर ठगों ने उससे लगातार अधिक रकम जमा करवानी शुरू कर दी।

शिकायत के मुताबिक जब पीड़ित ने अपनी जमा राशि वापस निकालने का प्रयास किया तो कथित आरोपियों ने रकम निकालने से रोक दिया और निकासी के लिए अतिरिक्त राशि जमा करने की मांग की। इसके बाद 9 सितंबर 2026 को अलग-अलग बैंक खातों और यूपीआई के माध्यम से पीड़ित से कुल 4,43,916 रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए।

पीड़ित के अनुसार अलग-अलग लेनदेन के माध्यम से रकम भेजी गई। इनमें एक लेनदेन में 2,29,800 रुपये, दूसरे में 15,000 रुपये और तीसरे में 1,28,000 रुपये सहित अन्य छोटी-बड़ी रकम शामिल थी। पीड़ित ने पुलिस को टेलीग्राम चैट, स्क्रीनशॉट और यूपीआई लेनदेन से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करवाए हैं।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने आपस में मिलकर सुनियोजित तरीके से उसे टेलीग्राम पर ऑनलाइन टास्क, रेटिंग और लाभ कमाने का लालच दिया तथा अलग-अलग बैंक खातों एवं यूपीआई माध्यमों में रकम ट्रांसफर करवाई। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर अपनी रकम वापस दिलाने की मांग की है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार एनसीआरपी शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम थाना भिवानी में मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत दर्ज किया गया है। मामले की जांच एएसआई कर्मबीर सिंह को सौंपी गई है। पुलिस लेनदेन और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# तोशाम बस स्टैंड से 19 वर्षीय युवती लापता

**रोहतक जाने के लिए बस में बैठाया, लेकिन गंतव्य तक नहीं पहुंची**

12 सितंबर को दोपहर करीब 3 बजे की घटना, पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू की

**समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी**

तोशाम। तोशाम बस स्टैंड से करीब 19 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर तोशाम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत के अनुसार युवती 12 सितंबर 2026 को अपनी मौसी के पास खानक आई हुई थी। दोपहर करीब 3 बजे परिवार के एक सदस्य ने उसे तोशाम बस स्टैंड से रोहतक जाने वाली बस में बैठाया था। हालांकि युवती रोहतक नहीं पहुंची। इसके बाद परिजनों ने अपने स्तर पर संभावित स्थानों और परिचितों के यहां उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजनों ने पुलिस से युवती की तलाश कर उसे सुरक्षित बरामद करने की गुहार लगाई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 127(6) के तहत थाना तोशाम में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा युवती की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा मामले की जांच जारी है।

# लोहारू में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

- खेत से घर लौटते समय हुआ हादसा, अस्पताल पहुंचते ही तोड़ा दम
- इंडियन ऑयल पंप के पास बाइक को मारी टक्कर, अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी**

लोहारू। लोहारू-बाढ़ड़ा रोड पर इंडियन ऑयल पंप के पास रविवार रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। अज्ञात वाहन चालक बाइक को टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने परिजन की शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत के अनुसार बिसलवास निवासी रणबीर रात करीब 10 बजे मोटरसाइकिल से गांव से खेत में बने मकान की ओर जा रहे थे। जब वह इंडियन ऑयल पंप से करीब 200 मीटर लोहारू की तरफ पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन चालक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में रणबीर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल को उपचार के लिए पहले सरकारी अस्पताल बाढ़ड़ा ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें भिवानी स्थित कदाम मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल रेफर कर दिया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। परिजन के अनुसार हादसा अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ और वाहन चालक दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार शिकायत के आधार पर थाना लोहारू में भारतीय न्याय संहिता की धारा 281/106 के तहत मामला दर्ज किया गया है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की जांच के साथ फरार वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई है।

# सिवानी में 19 वर्षीय युवती घर से लापता

- रात करीब डेढ़ बजे बिना बताए निकली, परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शुरू की तलाश
- काफी तलाश के बाद भी नहीं मिला सुराग, पुलिस टीम जुटी जांच में

**समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी**

सिवानी। सिवानी थाना क्षेत्र में 19 वर्षीय युवती के घर से लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार युवती रात करीब 1:30 बजे परिवार के सदस्यों के सोने के दौरान बिना बताए घर से निकल गई। परिजनों ने अपने स्तर पर आसपास और संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद पुलिस को सूचना देकर उसकी तलाश करवाने की गुहार लगाई गई। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार शिकायत के आधार पर मुकदमा भारतीय न्याय संहिता की धारा 127(6) में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने युवती की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है।

गोपनीयता के मद्देनजर युवती का नाम, गांव और अन्य पहचान संबंधी व्यक्तिगत विवरण सार्वजनिक नहीं किए जा रहे हैं।

# अंत्योदय परिवारों द्वारा भी जलाया जाएगा आशीर्वाद का दीया

**समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी**

भिवानी, 15 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर के साथ प्रदेशभर में 17 सितंबर शुरू हो रहे सेवा संकल्प अभियान में जिला के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भी दीये जलाए जाएंगे। इसके अलावा अंत्योदय परिवारों द्वारा भी आशीर्वाद का दीया जलाया जाएगा। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के सभी 941 बूथों पर आशीर्वाद के दीये जलाए जाएंगे। इस दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के बूथ क्षेत्र के लाभार्थियों की भी सहभागिता होगी। डीसी साहिल गुप्ता ने लघु सचिवालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सेवा संकल्प अभियान के तहत आशीर्वाद के दीय जलाने को लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने भिवानी, लोहारू, सिवानी व तोशाम एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम शहर में श्री कृष्ण प्रणामी आश्रम में आयोजित होगा, जहां पर जनता से जुड़े विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। यह विशेष शिविर 17 सितंबर को सुबह नौ बजे से शाम तक आयोजित होगा, जिसकी शुरूआत आयुष विभाग द्वारा योगासन एवं प्राणायाम द्वारा की जाएगी। उसके पश्चात आशीर्वाद के दीए जलाए जाएंगे।

डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग को सेवा एवं राष्ट्र निर्माण की भावना से जोडड़्ा है। उन्होंने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत निर्धारित 12 प्रमुख मॉड्यूल के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें आशीर्वाद का दीया/रक्तदान, मेरे सपनों का भारत-चित्र सेवा, नमो सेवा-अनकही कहानियां, आंगन मिलन सेवा, सेवा की कहानी, सेवा ज्योति कलश यात्रा, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान, सेवा के रंग-राष्ट्र के संग, सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज तथा सुशासन सेवा संवाद अभियान, शामिल हैं, जिनमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित होंगी।

उन्होंने बताया कि सेवा मेरा योगदान के तहत शहरी स्थानीय निकाय द्वारा विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में नागरिकों को जरूरी सेवाएं देने के साथ-साथ स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, डिजिटल लिटरेसी, रोड़ सेफ्टी, वेस्ट मैनेजमेंट, साइबर क्राइम से बचाव आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के घर द्वार पर जाकर सरकारी सेवाओं का लाभ देना है। उन्होंने निर्देश देते हुए बताया कि अभियान के दौरान स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय आदि शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को पेंटिंग, रंगोली आदि प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाएंगी। इसी प्रकार से प्रत्येक आंगनवाडी केंद्रों पर भी कार्यक्रम आयोजित होंगे।

डीसी ने निर्देश देते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल कार्यक्रमों तक सीमित न रहकर जनसेवा, सुशासन और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का माध्यम बने। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने के लिए कार्य करें। सभी विभाग समय रहते अपनी-अपनी कार्ययोजना तैयार करें।

**इन बड़े मुख्य स्थानों पर भी जाएंगे आशीर्वाद के दीये**

जिला के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर आशीर्वाद के दीये जलाए जाएंगे। इनमें भिवानी सचिवालय सहित अन्य सब डिवीजन ऑफिस, पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज, चौ. बंसी लाल हवाई पट्टी पर नव निर्मित हेंगर परिसर, नेशनल हाई-वे,चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय परिसर, चौ. बंसीलाल पार्क भिवानी, राजकीय कन्या विद्यालय, शहीद भगत सिंह चौक, तोशाम रोड़ फ्लाई ओवर, दिनोद रोड़ फ्लाई ओवर, भीम स्टेडियम, महाराज दक्ष प्रजाप्रति पार्क नूनसर जोहड़ भिवानी, नव निर्मित किरोड़मल पार्क, फ्लाई ओवर लोहारू सब्जी मंडी, लोहारू उपमंडल के गांव खरकड़ी स्थित महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय रीजनल सेंटर, गांव गिगनाउ स्थित इंडो इजराइल बागवानी केंद्र, कृषि अनुसंधान केंद्र गोकुलपुरा, हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र बहल, निर्माणधीन मछली पालन अनुसंधान केंद्र, गरवा, सीएचसी कैरू, तोशाम

# आज के आधुनिक जीवन इंजीनियरिंग और तकनीकी विकास के बिना संभव नहीं है : प्रोफेसर नसीब सिंह गिल

- मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा तकनीकी प्रदर्शनी के विजेता विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर कराया गया सम्मानित
- बीआरसीएम इंजीनियरिंग कॉलेज बहल में मनाया गया इंजीनियर्स डे

**समाज जागरण, (महेन्द्र जावला बहल)**

बीआरसीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, बहल में मंगलवार को इंजीनियर्स डे के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर नसीब सिंह गिल, सीनियर प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक तथा विशिष्ट अतिथि बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ. एस.के. सिन्हा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए तकनीकी प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 47 तकनीकी प्रोजेक्ट्स के माध्यम से लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 6G नेटवर्किंग, डिफेंस टेक्नोलॉजी, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर सहित विभिन्न उभरती तकनीकों पर आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए।







मुख्य अतिथि प्रोफेसर नसीब सिंह गिल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का आधुनिक जीवन इंजीनियरिंग और तकनीकी विकास के बिना संभव नहीं है। इंजीनियरों की जिम्मेदारी केवल नई तकनीक विकसित करना ही नहीं, बल्कि उसका उपयोग समाज और देश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए करना भी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ऑटोमेशन, रोबोटिक्स और 6G जैसी तकनीकों में तेजी से बदलाव हो रहा है। आने वाला समय अक आधारित तकनीकों का है, इसलिए विद्यार्थियों को इन तकनीकों को समझने के साथ-साथ इनके जिम्मेदार एवं सकारात्मक उपयोग पर भी ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे बदलती तकनीकी दुनिया की चुनौतियों को अवसर के रूप में स्वीकार करें और समस्याओं के व्यावहारिक समाधान विकसित करने की क्षमता पैदा करें। उन्होंने कहा कि एक सफल इंजीनियर के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ कम्युनिकेशन स्किल्स, सॉफ्ट स्किल्स, टीम वर्क, क्रिएटिविटी, समस्या समाधान क्षमता तथा प्रतिस्पर्धात्मक कौशल भी आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखते रहने और नई तकनीकों के साथ स्वयं को अपडेट रखने के लिए प्रेरित किया।

बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ. एस.के. सिन्हा ने कहा कि इंजीनियर्स डे मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र से जुड़े युवाओं को नवाचार और तकनीकी विकास के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया अक और डिजिटल तकनीक के दौर से गुजर रही है और भारत के युवा इंजीनियर इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे केवल नौकरी प्राप्त करने तक सीमित न रहें, बल्कि नई तकनीक, स्टार्टअप, रिसर्च एवं इनोवेशन के माध्यम से रोजगार सृजनकर्ता बनने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि देश को ऐसे कुशल इंजीनियरों की आवश्यकता है जो तकनीकी ज्ञान के साथ सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों को भी समझते हों।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने इंजीनियर्स डे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष 15 सितंबर को भारत के महान अभियंता एवं भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के अवसर पर इंजीनियर्स डे मनाया जाता है। सर एम. विश्वेश्वरैया ने इंजीनियरिंग एवं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया और उनका जीवन देश के युवा इंजीनियरों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपनाते हुए देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

इस अवसर पर कॉलेज की वर्ष 2008 बैच की कंप्यूटर साइंस शाखा की दिवंगत छात्रा योगिता खरब की स्मृति में उनके अभिभावकों द्वारा प्रतिवर्ष कंप्यूटर साइंस के प्रथम वर्ष की टॉपर छात्रा को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। इस वर्ष योगिता खरब के पिता रामकुमार खरब एवं माता संतोष खरब द्वारा सत्र 2025-26 की टॉपर छात्रा तनु को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

तकनीकी प्रदर्शनी में 6G नेटवर्किंग से संबंधित प्रोजेक्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसे फाइनल ईयर की छात्राओं राज लक्ष्मी एवं राधा कुमारी ने तैयार किया था। डिफेंस टेक्नोलॉजी पर आधारित 'वज्र' प्रोजेक्ट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिसे ज्ञानकुंज के विद्यार्थियों प्रीतम, युवराज एवं मान्या ने तैयार किया। स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर पर आधारित प्रोजेक्ट के लिए डेविड, राहुल, मनीष एवं स्वेक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा तकनीकी प्रदर्शनी के विजेता विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक एवं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने सभागार में उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, संस्थान के अधिकारियों, स्टाफ सदस्यों एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन अक्सीना द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. अनुज कुमार शर्मा, प्राचार्य; डॉ. सुनील शुक्ला, प्राचार्य बीआरसीएम लॉ कॉलेज; डॉ. विवेक कुमार; अमित फोगला; सुरेश जांगड़ा; डॉ. ललित गौड़; अमित रंजन तथा रजिस्ट्रार पवन पंघाल सहित कॉलेज के अनेक शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# लोहारू क्षेत्र से 18 वर्षीय युवती लापता

- **सुबह करीब 4 बजे बिना बताए घर से निकली, परिजनों ने की काफी तलाश**
- **एक युवक पर जताया संदेह, पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू की**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी**

लोहारू। लोहारू थाना क्षेत्र में 18 वर्षीय युवती के घर से लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत के अनुसार युवती 14 सितंबर 2026 की सुबह करीब 4 बजे परिवार को बिना बताए घर से निकल गई। परिजनों ने अपने स्तर पर आसपास के संभावित स्थानों और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद पुलिस को सूचना देकर उसकी तलाश करवाने और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। शिकायत में युवती की पहचान के लिए उसकी सामान्य हुलिया संबंधी जानकारी पुलिस को दी गई है। परिजनों ने एक युवक पर युवती के संबंध में जानकारी होने का संदेह जताया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा भारतीय न्याय संहिता की धारा 127(6) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच एएसआई रविंद्र को सौंपी गई है। पुलिस ने युवती की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है तथा संबंधित अधिकारियों को भी सूचना भेजी गई है। निजता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए युवती का नाम, मोबाइल नंबर, गांव का नाम, पूरा पता तथा अन्य पहचान संबंधी व्यक्तिगत विवरण खबर में प्रकाशित नहीं किए गए हैं।

# सफाई कार्य नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी। सेवापुरी विकास खंड के तमाम गांवों में एंटी लार्वा का छिड़काव और फॉगिग न होने से मच्छरों का आतंक बढ़ गया है। जिसके कारण ग्रामीणों का जीना दूभर हो गया है। दिनभर तो अपेक्षाकृत इनका प्रकोप कम रहता है, लेकिन शाम ढलते ही इनका तांडव शुरू हो जाता है। मच्छरों के आतंक से बचने के लिए लोग अपने स्तर से कीटनाशक का उपयोग करते हैं, बावजूद राहत नहीं मिल पाती है। ज्यादातर गांवों में तैनात सफाईकर्मी आते है लेकिन ठीक से सफाई कार्य नहीं करते जिससे गांव में जगह जगह कूड़े का ढेर दिखाई पड़ता हैं। ऐसे में सरकार का स्वच्छता अभियान धराशायी हो गया है।वही ग्रामीणों ने बताया बीडीओ और एडीओ पंचायत से कई बार शिकायत करने के बाद भी सफाई कार्य पूरी नहीं की जा रही जिससे हम सभी को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा हैं।वही डीपीआरओ आलोक सिंहा ने कहा मामला संज्ञान में आया है जल्द ही सभी गावों में सफाई कार्य के साथ साथ एंटी लार्वा और फॉगिंग कार्य किया जाएगा जिससे क्षेत्र स्वच्छता बनी रहे।इस बाबत बीडीओ शिव नारायण सिंह ने कहा सफाई कर्मचारी की टीम लगा कर गांवों में सफाई कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

# पंचायती राज व्यवस्था से ग्रामीण महिलाओं को किया गया जागरूक

**समाज जागरण अनिल कुमार**




हरहुआ वाराणसी।जन कल्याण सोशल सोसायटी के तत्वावधान में मंगलवार को हरहुआ ब्लाक के ग्राम पंचायत शिवरामपुर में पंचायती राज व्यवस्था विषयक समूह से जुड़ी महिलाओं की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षक महेंद्र कुमार ने ग्रामीणों को पंचायती राज व्यवस्था, ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली एवं ग्रामीणों के अधिकारों ,ग्राम पंचायत के माध्यम से गांव के विकास कार्यों को आगे बढ़ाना तथा ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी ही लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाती है।

पंचायती राज व्यवस्था में वार्ड सदस्य की अहम भूमिका होती है वह अपने क्षेत्र की समस्याओं जैसे आवास, शौचालय, सड़क, नाली, पेयजल, पेंशन एवं राशन आदि से संबंधित समस्याओं को ग्राम पंचायत के समक्ष रखकर उनके समाधान के लिए प्रयास कर सकते हैं।

प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत की विभिन्न समितियों, उनके दायित्वों तथा ग्राम पंचायत और ग्राम सभा की बैठकों के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि ग्राम सभा की बैठकों में ग्रामीण विकास कार्यों, योजनाओं और पंचायत से जुड़े विषयों पर सवाल पूछ सकते हैं तथा जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे ग्राम सभा की बैठकों में नियमित रूप से भाग लेकर अपने अधिकारों एवं जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

पंचायत स्तर पर समस्या का समाधान न होने पर संबंधित सरकारी शिकायत व्यवस्था का उपयोग किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में सुरेन्द्र कुमार ने उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, ग्रामवासियों एवं प्रशिक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गांव के विकास में ग्रामीणों की जागरूकता और ग्राम सभा में सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं एवं ग्रामवासियों में पंचायती राज व्यवस्था के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्थानीय शासन में उनकी भागीदारी को मजबूत करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का संचालन अशोक पटेल ने सफलता पूर्वक जिम्मेदारी के साथ किया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# डेनमार्क के राजदूत ने नरैना कला जल शोधन संयंत्र का किया निरीक्षण

## दुहौआ में जल अर्पण समारोह में हुए शामिल, ग्रामीण जलापूर्ति योजना समुदाय को सौंपी गई

**समाज जागरण / मीरजापुर।**



भारत में डेनमार्क के राजदूत रासमुस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन ने मीरजापुर के लालगंज क्षेत्र स्थित नरैना कला गांव में जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने जल स्रोत से ग्रामीणों के घरों तक पानी पहुंचाने की पूरी व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों से जलापूर्ति व्यवस्था की जानकारी ली।

निरीक्षण के बाद राजदूत लालगंज के दुहौआ गांव में आयोजित ह्यजल अर्पणह्व समारोह में शामिल हुए। यहां जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित ग्रामीण जलापूर्ति योजना को औपचारिक रूप से स्थानीय समुदाय को सौंपा गया।

समारोह के दौरान राजदूत ने ग्रामीणों से संवाद कर जलापूर्ति व्यवस्था और योजना से मिलने वाले लाभों की जानकारी ली। उन्होंने जल क्षेत्र में भारत और डेनमार्क के बीच सहयोग तथा जल सेवाओं को लंबे समय तक प्रभावी बनाए रखने में सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता सहित 400 से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीण जलापूर्ति योजना के संचालन, रखरखाव और सामुदायिक सहभागिता से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ जलापूर्ति व्यवस्था के संचालन में स्थानीय समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देना रहा।

# सेवा संकल्प अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर

**समाज जागरण**




मीरजापुर / जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, यूट्यूबर्स, इंस्टाग्राम, डिजिटल मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर दिनांक 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले "सेवा संकल्प अभियान" के बारे में प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रमों की बिन्दुवार जानकारी दी।जिलाधिकारी ने बताया कि 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प पखवाड़ा का आयोजन शासन के निर्देश के क्रम में जनपद मीरजापुर में आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियां, नीतियों को गांव के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाना और जन सहभागिता के साथ सेवा कार्यों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अलावा सोशल मीडिया जन जागरूकता का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज का युवा वर्ग सोशल मीडिया से जुड़ा है तथा काफी संख्या में लोग इसे देखते हैं इसलिए इन्फ्लुएंसर की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि सभी सोशल मीडिया/इन्फ्लुएंसर अपने-अपने प्लेटफार्म के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं, जनपद में निमार्णाधीन परियोजनाओं, विकास कार्यक्रमों, सक्सेस स्टोरी व अनकही कहानियां, पर्यटन व धार्मिक स्थलों जैसे कार्यक्रमों को अपने माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें ताकि जनपद मीरजापुर प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश में लोकप्रियता हासिल कर सके और योजनाएं जन-जन तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि अपने-अपने गांव, क्षेत्र, मोहल्ले, वार्ड आदि में चलाए जाने वाले सेवा कार्यों, योजनाओं को अपने सोशल मीडिया पर अपलोड करें ताकि अन्य लोग भी इससे प्रेरित हो सकें और जनपद की लोगों के सामने एक अच्छी छवि उभरकर सामने आए।कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने सेवा संकल्प अभियान के बारे में प्रतिदिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिनांक 17 सितम्बर को सायं 07 बजे सेवा दिवस-आशीर्वाद दीया थीम पर कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमें मण्डलीय अस्पताल में रक्तदान शिविर, दिव्यांग कल्याण कार्यक्रम, लाभान्वित परिवारों द्वारा सायं 07 बजे घरों में दीप प्रज्ज्वलन, प्रमुख स्थलों पर विशेष दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।17 सितम्बर से 07 अक्टूबर तक जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा ड्राइंग प्रतियोगिता, क्विज/निबंध प्रतियोगिता तथा उच्च शिक्षा/कॉलेज स्तर पर भी क्विज व निबंध प्रतियोगिता आयोजित किए जायेंगे। कार्यक्रम के तहत नमो सेवा-अनकही कहानियां के तहत ग्राम पंचायत, सामुदायिक केन्द्रों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर 25 से 30 मिनट की मानकीकृत रिकॉर्डेड प्ले/ऑडियो के माध्यम से नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति, सक्सेस स्टोरी आदि कार्यक्रम सम्पन्न होंगे।25 सितम्बर से 07 अक्टूबर तक आंगन मिलन सेवा थीम पर जिला कार्यक्रम अधिकारी/आंगनबाड़ी विभाग व स्वास्थ्य विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर हेल्दी बेबी प्रतियोगिता एवं सम्मान कार्यक्रम, माताओं का पोषण, स्वास्थ्य व महिला सम्बंधी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# न्याय पंचायत देईपुर की शिक्षक संकुल बैठक संपन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी। न्याय पंचायत देईपुर की शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय बसुहन सेवापुरी वाराणसी पर निर्धारित एजेंडा के अनुसार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता संजय कुमार यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी ने की एवं विद्यालय परिसर स्थित मां सरस्वती की प्रतिमा का मल्यार्पण कर बैठक की शुरूआत की।

कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह द्वारा माल्यार्पण कर खण्ड शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया, नोडल शिक्षक संकुल संतोष मिश्रा ने अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। बैठक निर्धारित समय तक अपने सम्पूर्ण एजेंडा के अनुसार संचालित हुई। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी, वाराणसी भूपेन्द्र सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से बैठक को संबोधित करते हुए बैठक के उद्देश्यों एवं निर्धारित बिंदुओं का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह ने शैक्षिक गतिविधियों एवं विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को प्रभावी बनाने से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। बैठक में संकुल देईपुर के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय सहभागिता की तथा शैक्षिक उन्नयन एवं विद्यालयी व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर विचार-विमर्श किया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संकुल योगेश उपाध्याय ने किया। अंत में शिक्षक संकुल एवं प्राथमिक विद्यालय बसुहन के प्रधानाध्यापक रामपाल सिंह ने सभी उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# सेठ गोपालदास अखाड़े में गूंजे दांव पेच

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**





वाराणसी। सारनाथ क्षेत्र के वार्ड नंबर 32 लेढुपूर अंतर्गत आशापुर गांव में मंगलवार को 200 वर्ष पुराने ऐतिहासिक सेठ गोपालदास अखाड़ा-व्यायामशाला ट्रस्ट के तत्वावधान में विराट कुश्ती दंगल का भव्य आयोजन किया गया। दंगल में वाराणसी समेत आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पहलवानों ने अपने शानदार दांव-पेच और दमखम से दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

### हजारों दर्शकों से गुलजार रहा अखाड़ा

विराट कुश्ती दंगल देखने के लिए अखाड़ा परिसर में हजारों की संख्या में दर्शक पहुंचे। पहलवानों के बीच एक के बाद एक रोमांचक मुकाबले हुए।दंगल में सारनाथ अखाड़ा, गया सेठ अखाड़ा, गोराडीह अखाड़ा और चंद्र चौराहा अखाड़ा समेत कई प्रमुख अखाड़ों के पहलवानों ने प्रतिभाग किया। वाराणसी, मुगलसराय, चमाव, वरियानपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए पहलवानों ने अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन किया।

### अतिथियों ने पहलवानों का बढ़ाया उत्साह

दंगल का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामप्रकाश दुबे, नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, विशिष्ट अतिथि अभय पाण्डेय, पार्षद सारनाथ, संजय मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तथा चौकी प्रभारी आशापुर दीक्षा पाण्डेय ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर कराया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए पारंपरिक कुश्ती को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

### बड़ी कुश्तियां बराबरी पर छूटीं, नागेश्वर ने दर्ज की जीत

दंगल की सबसे बड़ी कुश्ती मृत्युंजय (मुगलसराय) और सुनील (सारनाथ) के बीच हुई। दोनों पहलवानों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली और मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ।

वहीं नागेश्वर (गज सेठ अखाड़ा) ने शानदार प्रदर्शन किया।इसके अलावा रामजनम (वरियानपुर)-आशीष (चमाव), अजय (चमाव)-चंदन (बेलवार), बहादुर (नवापुरा)-शिवाजी (वरियानपुर), देवदास (डढ़िया)-सूर्यभान (चकिया), पप्पू (बरियानपुर)-अशोक (हरहुआ), हिमांशु (गज सेठ)-गोलू (मुगलसराय), विशाल-अंकुश, सिपाही (डोमरी)-कृष्णकांत तथा तनय-किशन सेठ के बीच हुए मुकाबले बराबरी पर समाप्त हुए।

### विजेताओं को मिले 20 और 25 हजार रुपये के नकद पुरस्कार

दंगल में शानदार प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को आयोजकों की ओर से नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बड़ी कुश्तियां जीतने वाले पहलवानों को 20 हजार और 25 हजार रुपये तक के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार पाकर पहलवानों के चेहरे खिल उठे।

### 200 साल पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प

अखाड़े के मुख्य आयोजक एवं अध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय ने कहा कि सेठ गोपालदास अखाड़े की कुश्ती परंपरा करीब 200 वर्षों से चली आ रही है। इस परंपरा को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से पारंपरिक कुश्ती से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि अखाड़ा ट्रस्ट युवाओं को हरसंभव प्रोत्साहन देगा, ताकि वे कुश्ती में अपना करियर बना सकें और देश-प्रदेश का नाम रोशन करें।

आयोजन में अखाड़ा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय और उदयशंकर पाण्डेय, व्यवस्थापक संतोष पाण्डेय (पूर्व ग्राम प्रधान) और सुधांशु सिद्धार्थ, उपाध्यक्ष अनिल सिंह और प्रमोद पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं संतोष पाल (पहलवान) ने विशेष सहयोग किया। मुख्य सहयोगियों में नितेशराज, ओमप्रकाश, सत्य प्रकाश, बृजेश पाण्डेय, लालमन पाल, रामजी, सुनील यादव और मुन्ना पाण्डेय शामिल रहे।

# जुआ खेलते पांच लोग हुए गिरफ्तार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। जंसा पुलिस ने जुआ खेलते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सोमवार रात हरसोस बिंद बस्ती में 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान के तहत की गई। पुलिस ने मौके से 4,400 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके बाद हरसोस बिंद बस्ती में छापेमारी की गई। वहां आरोपित हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान लक्ष्मण राजभर (29) निवासी भैरवनाथ हरपुर, फूल कुमार (27) निवासी हरसोस, रमेश कुमार (32) निवासी हरपुर, विशाल बिंद (19) और इंद्रप्रताप राजभर (19) निवासी हरसोस के रूप में हुई है। लक्ष्मण और रमेश मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं, जबकि फूल कुमार, विशाल और इंद्रप्रताप जंसा थाना क्षेत्र के हरसोस के निवासी हैं।पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ जुआ अधिनियम और संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सत्यजीत सिंह, कस्बा जंसा चौकी प्रभारी मयंक सिंह, उपनिरीक्षक अंकुर कुशवाहा, उपनिरीक्षक अंशु पांडेय, कांस्टेबल अनिल कुमार रजक, कांस्टेबल सुशील चौरसिया और रिजर्व कांस्टेबल भानू प्रताप शुक्ला शामिल थे।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट,जान से मारने की मिली धमकी।

## घायलों का मंडलीय अस्पताल में चल रहा इलाज।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के अनौरा गांव में सोमवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में दो महिला समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गये। बड़ागांव पुलिस सभी घायलों का उपचार स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराते हुये मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है।

उपरोक्त गांव निवासी सुनील कुमार द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के अनुसार उनकी स्टे की जमीन पर विपक्षी गोविंद, पप्पू चौहान सहित आधा दर्जन लोग गड्ढा खोदने लगे जिसका विरोध करने पर मां उत्तरा देवी एवं चाचा छोटे लाल, पन्नालाल को हमलावरों ने लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करते हुए जान से मारने की धमकी भी दिये। विपक्षी अब तक कई मारपीट की घटना में शामिल रहे हैं।मंगलवार से घायलों का उपचार मंडलीय अस्पताल कबीर चौरा में चल रहा है।घायलों की स्थिति को देखते हुए हमलावरों के खिलाफ पुलिस फौरी कार्यवाही में जुटी हुई है।

# मोबाइल से सोलर तक, युवाओं को मिलेगा रोजगार का हुनर

## दूसरे चरण में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में 14 नए ट्रेड जोड़े गए

**समाज जागरण**

मीरजापुर /बेरोजगार युवाओं को हुनरमंद बनाकर अपने पैरों पर खड़ा करने की दिशा में शासन ने विश्वकर्मा श्रम योजना 2.0 की शुरूआत की है। योजना के दूसरे चरण में 14 नए ट्रेड शामिल किए गए हैं। इनका युवा प्रशिक्षण ले सकेंगे। उद्योग विभाग के इस योजना का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं बल्कि युवाओं को हुनर से स्वरोजगार तक पहुंचाना है। चयनित अभ्यर्थियों को 10 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशिक्षण में युवाओं को सम्बंधित व्यवसाय की बारीकियां, काम करने की तकनीक, उपकरणों के इस्तेमाल और व्यवसाय को बेहतर ढंग से संचालित करने की जानकारी दी जाएगी। इससे प्रशिक्षण लेने वाले युवा नौकरी तलाशने के बजाय अपना काम शुरू करने के लिए तैयार हो सकेंगे।

**ये ट्रेड योजना में थी शामिल–**

योजना के पहले चरण में बढ़ई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, नाई, राजमिस्त्री, सुनार, टोकरी बुनकर, हलवाई, मोची और धोबी समेत 11 परम्परागत ट्रेड शामिल थे। इन ट्रेडों में प्रशिक्षण देकर पारम्परिक हुनर को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा था।

**नए ट्रेड हुए शामिल–**

नए ट्रेडों में मूर्तिकार, मालाकार, भड़भूजा, दूधवाला, मछुआरा, मोबाइल मरम्मत, ऑटोमोबाइल मरम्मत, इलेक्ट्रॉनिक सामान की मरम्मत, विद्युत सामान की मरम्मत, प्लंबर, कम्प्यूटर मरम्मत, सोलर इंस्टॉलेशन, डिजिटल फोटोग्राफी और सौंदर्य एवं वेलनेस जैसे कार्य शामिल हैं।

उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 में परम्परागत व्यवसायों के साथ बाजार की वर्तमान मांग को ध्यान में रखते हुए नए ट्रेड शामिल किए गए हैं। चयनित युवाओं को 10 दिन का प्रशिक्षण देकर सम्बंधित कार्य में दक्ष बनाया जाएगा। विभाग का उद्देश्य प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है ताकि वे अपने हुनर के आधार पर स्थायी आय का साधन तैयार कर सकें। प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को श्रर 2.0 के तहत 10 लाख तक के ऋण की सुविधा भी उपलब्ध करायी जायेगी।

# डेनमार्क के राजदूत ने मीरजापुर में ग्रामीण जलापूर्ति योजना का समुदाय को हस्तांतरण किया

## दुहौआ गांव में जल अर्पण समारोह में शामिल हुए राजदूत रासमुस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसनय ग्रामीण जल सेवा की जिम्मेदारी समुदाय के हाथों में

**समाज जागरण**



मीरजापुर /भारत में डेनमार्क के राजदूत, महामहिम श्री रासमुस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन ने आज उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर जिले के दुहौआ गांव का दौरा किया और ह्यजल अर्पणह्व समारोह में भाग लिया। यह समारोह जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव की ग्रामीण जलापूर्ति योजना को औपचारिक रूप से स्थानीय समुदाय को सौंपे जाने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 विनोद सिंह, कंट्री मैनेजर, यूएनओपीएस इंडिया सहित 400 से अधिक समुदाय के सदस्यों, विशेष रूप से महिलाओं, ने सहभागिता की। राजदूत ने दिन की शुरूआत लालगंज के नरैना कला गांव स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट डब्लूटीपी) के भ्रमण से की। उन्होंने संयंत्र का निरीक्षण किया और इसके संचालन तथा पर्यवेक्षी नियंत्रण एवं डेटा अधिग्रहण (एस0सी0ए0डी) प्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने जल के स्रोत से लेकर घरों में नल तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया को समझा।

यह जल शोधन संयंत्र एक बहु-ग्राम योजना (एम0वी0एस0) का हिस्सा है, जिसमें बेलन नदी से जल प्राप्त किया जाता है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत इस संयंत्र से उपचारित जल 258 गांवों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करा रहा है। इनमें तीन गांव-अमरावती, भवानीपुर और दुहौआ, यूएनओपीएस इंटरवेंशन वाले गांव हैं। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल दुहौआ गांव पहुंचा, जहां यूएनओपीएस के सहयोग से प्रशिक्षित जल सखियों ने पारंपरिक तरीके से राजदूत का स्वागत किया। इसके पश्चात गांव में पदयात्रा के माध्यम से ग्रामीण जलापूर्ति योजना के संचालन का अवलोकन किया गया और समुदाय के सदस्यों से संवाद किया गया।

परसिया स्थित ओवरहेड टैंक में राजदूत ने पंप संचालक से बातचीत की और ह्यजल बंधनह्व गतिविधि में भाग लिया, जो जल संरक्षण के प्रति समुदाय की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने परिसर में पौधारोपण भी किया। इन सभी गतिविधियों जल शोधन संयंत्र से लेकर गांव और स्थानीय स्तर पर जल संबंधी बुनियादी ढांचे के अवलोकन, ने जल स्रोत से नल तक की पूरी यात्रा और इसे लंबे समय तक बनाए रखने के लिए आवश्यक सामुदायिक स्वामित्व की एक समग्र झलक प्रस्तुत की। यही सामुदायिक स्वामित्व की भावना इसके बाद आयोजित ह्यजल अर्पणह्व कार्यक्रम का केंद्र रही। जल अर्पण सामुदायिक स्वामित्व का उत्सव जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालक विद्यालय, परसिया में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन तथा ग्राम प्रधान, दुहौआ के संबोधन के साथ हुआ। इस अवसर पर जल गुणवत्ता परीक्षण का लाइव प्रदर्शन किया गया और समुदाय के सदस्यों के साथ संवाद भी किया गया। डेनमार्क के महामहिम राजदूत के मिजार्पुर आगमन पर उनका स्वागत करते हुए, यूएनओपीएस इंडिया के कंट्री मैनेजर विनोद मिश्रा ने जल जीवन मिशन के समर्थन में यूएनओपीएस और डेनमार्क के बीच साझेदारी तथा एक ह्लआदर्श गांवह्व मॉडल विकसित करने की परिकल्पना पर प्रकाश डाला। उन्होंने जल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए तीन प्रमुख आयामों-जल की उपलब्धता, पहुंच और गुणवत्ता, पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पीछे न छूटे। उन्होंने फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) के माध्यम से समुदाय स्तर पर जल गुणवत्ता की निगरानी के महत्व को भी रेखांकित किया और मिजार्पुर के अधिक से अधिक गांवों तक यूएनओपीएस का सहयोग विस्तार करने में रुचि व्यक्त की। उत्साहपूर्ण जनसमूह को संबोधित करते हुए, भारत में डेनमार्क के महामहिम राजदूत श्री रासमुस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन ने कहा जल के क्षेत्र में डेनमार्क और भारत के बीच लंबे समय से चली आ रही और बेहद मजबूत साझेदारी है। दोनों देश इस साझा समझ पर एकमत हैं कि जल संसाधनों का सतत और कुशल प्रबंधन किया जाना चाहिए तथा इसमें उन समुदायों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए, जो इन जल संसाधनों पर निर्भर हैं।

उन्होंने कहा, ह्लभारत के साथ सहयोग के माध्यम से, डेनमार्क को जल जीवन मिशन का समर्थन करने पर गर्व है। इस दिशा में यूएनओपीएस के साथ मिलकर ग्रामीण परिवारों तक विश्वसनीय और सुरक्षित पेयजल पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है। डेनमार्क को इस बात पर भी गर्व है कि वह जल जीवन मिशन का समर्थन करने वाला एकमात्र अंतरराष्ट्रीय साझेदार देश है। डेनमार्क इसे भारत के साथ अपनी साझेदारी में निहित विश्वास और उसकी गहराई का प्रतिबिंब मानता है। जल अर्पण कार्यक्रम में जल वंदना, अर्थात जल के प्रति बच्चों की प्रार्थना, के बाद जल श्रृंगार का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से जलापूर्ति योजना को औपचारिक रूप से समुदाय को सौंपा गया। बच्चों ने जल संरक्षण के महत्व पर आधारित (जल बिना भविष्य) विषय पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम का समापन सामूहिक जल शपथ के साथ हुआ, जिसमें जल के संरक्षण और उसके जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग के प्रति सभी ने अपनी साझा जिम्मेदारी दोहराई। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा जल वंदना प्रस्तुत की गई, जिसके बाद ह्यजल श्रृंगार के माध्यम से जलापूर्ति योजना को औपचारिक रूप से समुदाय को सौंपने का समारोह आयोजित किया गया। बच्चों ने जल संरक्षण पर आधारित एक लघु नाटक ह्यजल बिना भविष्य प्रस्तुत की। कार्यक्रम का समापन सामूहिक जल शपथ के साथ हुआ, जिसमें जल संरक्षण तथा जल के जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग के प्रति साझा दायित्व को दोहराया गया। ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति (वीडब्लूएससी) की सदस्य सुश्री अमृता ने योजना के संचालन एवं प्रबंधन में समुदाय की भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जल सेवाओं की निरंतर और टिकाऊ आपूर्ति सुनिश्चित करने वाली स्थानीय संस्थाओं के रूप में वीडब्लूएससी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। ह्यजल अर्पणह्व कार्यक्रम ने यह प्रदर्शित किया कि टिकाऊ ग्रामीण जल सेवाएं केवल बुनियादी ढांचे पर निर्भर नहीं करतीं, बल्कि इनके लिए सामुदायिक स्वामित्व, स्थानीय संस्थाओं की सक्रिय भूमिका, महिलाओं की भागीदारी, जागरूकता तथा जल के जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग का भी उतना ही महत्व है।

अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) ने कहा कि मिजार्पुर की ऊबड़-खाबड़ एवं दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां जिले में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष चुनौतियां प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कार्यक्रम के समर्थन में यूएनओपीएस और उसकी टीम द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा कहा कि अब जिले के अधिकांश हिस्सों में जल की उपलब्धता और पहुंच में सुधार हुआ है।

# स्वामित्व योजना से पटवारी रहेंगे विरत, कलमबंद आंदोलन की चेतावनी

## पटवारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन; 15 सितंबर से निष्पादन-पंजीयन के दायित्व से अलग रहने का ऐलान

**समाज जागरण**

अनूपपुर। स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 योजना को लेकर मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने सख्त रुख अपनाया है। संघ ने योजना के निष्पादन, ी-ड उ, पंजीयन और व्यक्तिगत दायित्व वाले कार्यों से पटवारी संवर्ग को पूरी तरह अलग रखने की मांग की है। इस संबंध में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने स्पष्ट किया है कि 15 सितंबर 2026 से पटवारी स्वामित्व योजना में निष्पादक के कार्यदायित्वों से विरत रहेंगे।

**अनूपपुर इकाई पटवारी संघ ने लंबित मानदेय का तत्काल भुगतान मांगा**

पटवारी संघ ने राजस्व विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन के 2 अगस्त 2026 के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए राजस्व अमले को लंबित राशि का भुगतान यथाशीघ्र किया जाना चाहिए। संघ के अनुसार अनूपपुर जिले में स्वामित्व योजना के तहत प्रति ग्राम 7,500, 11वीं



कृषि संगणना वर्ष 2020-21 तथा 6वीं लघु सिंचाई संगणना वर्ष 2017-18 का मानदेय अभी तक अप्राप्त है। संघ ने इन लंबित भुगतानों को तत्काल किए जाने की मांग की है।

**योजना से विरोध नहीं, व्यक्तिगत जवाबदेही से आपत्ति**

संघ ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण नागरिकों को अधिकार अभिलेख उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल है और इससे ग्रामीणों को ऋण संबंधी सहायता मिल सकती है। पटवारी संघ योजना के उद्देश्य के विरोध में नहीं है, लेकिन योजना के निष्पादन एवं पंजीयन में पटवारियों को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार बनाए जाने पर आपत्ति है।

**e-signature बना तो कानूनी जिम्मेदारी का डर**

ज्ञापन में पंजीयन दस्तावेजों पर पटवारी का नाम, पद, पहचान और e-signature निष्पादक के रूप में दर्ज किए जाने को लेकर चिंता जताई गई है। संघ का कहना है कि भविष्य में सीमा, क्षेत्रफल, नाम, वारिसान, हिस्सेदारी, कब्जा अथवा पुराने सर्वे-अभिलेखों में किसी त्रुटि के कारण विवाद होने पर पटवारी को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराए जाने की आशंका है।

**पंचायत विभाग से निष्पादन कराने का सुझाव**

पटवारी संघ के अनुसार ग्रामीण आबादी क्षेत्र में सर्वेक्षण एवं मानचित्रण का कार्य पंचायत राज व्यवस्था के मार्गदर्शन में किया गया है और पटवारियों की भूमिका सहयोगात्मक, अभिलेखीय एवं मैदानी सहायता तक रही है। संघ ने मांग की है कि योजना का मूल निष्पादन एवं संबंधित प्रशासनिक जिम्मेदारियां पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से कराई जाएं। पटवारियों ने आवश्यक सहयोग देने की बात कही है।

**फार्मर ID और जियो टैग गिरदावरी पर भी तेवर सख्त**

संघ ने फार्मर ID को लेकर कहा कि पटवारियों ने कम समय में बड़ी संख्या में फार्मर ID बनाकर शासन की योजना को आगे बढ़ाने में योगदान दिया है। वहीं जियो टैग गिरदावरी को संघ ने अव्यवहारिक बताते हुए इसके हटने तक गिरदावरी का कार्य नहीं करने की बात कही है। संघ ने यह भी चेतावनी दी है कि कार्रवाई की स्थिति में प्रदेश के पटवारी तत्काल आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

**पुरानी मांगें लंबित, नए काम के बढ़ते बोझ का विरोध**

पटवारी संघ ने वेतन विसंगति, ग्रेड-पे, कैडर रिव्यू, पदोन्नति सहित सेवा संबंधी समस्याओं के लंबे समय से लंबित होने का मुद्दा भी उठाया है। संघ का कहना है कि इन समस्याओं का स्थायी समाधान किए बिना पटवारी संवर्ग पर लगातार नई योजनाओं का अतिरिक्त तकनीकी और प्रशासनिक कार्यभार डाला जा रहा है।

**दबाव बनाया तो प्रदेश स्तर पर कलमबंद आंदोलन**

ज्ञापन में संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि 15 सितंबर से स्वामित्व योजना में निष्पादक के कार्यदायित्व से पटवारी विरत रहेंगे। यदि अत्यधिक दबाव बनाया गया तो प्रदेश स्तर पर कलमबंद आंदोलन किया जा सकता है। संघ ने आंदोलन की स्थिति में उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों के लिए शासन को जिम्मेदार ठहराया है।

# अनूपपुर जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा राष्ट्रव्यापी मेगा रक्तदान अभियान

## स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न संस्थानों में रक्तदान शिविरों के आयोजन की बनाई कार्ययोजना

**समाज जागरण**

अनूपपुर 15 सितंबर 2026-राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर अनूपपुर जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2026 तक राष्ट्रव्यापी मेगा रक्तदान अभियान आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला अनूपपुर द्वारा सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय अनूपपुर को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। पत्र के अनुसार जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय रक्त केंद्र, उच्च शिक्षा संस्थानों, युवा संगठनों, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद, शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों, कॉलेजों, स्वयंसेवी संगठनों, ट्रस्टों, क्लबों तथा धार्मिक संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जारी कार्यक्रम के अनुसार जिला चिकित्सालय अनूपपुर में 17 सितंबर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी में 19 सितंबर, कोतमा में 20 सितंबर, फुनगा में 22 सितंबर, पुष्पराजगढ़ में 23 सितंबर तथा अमरकंटक में 28 सितंबर 2026 को रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त आई.टी.आई. कॉलेज अनूपपुर में 21 सितंबर और मोजर बेयर पावर प्लांट जैतहरी में 1 अक्टूबर 2026 को भी शिविर आयोजित होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथियों पर आवश्यक ड्यूटी लगाने तथा शिविरों के सफल संचालन के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अभियान का उद्देश्य जिले में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए जरूरतमंद मरीजों के लिए पर्याप्त रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

# बड़ी तुम्मी के आदिवासी छात्रों के भविष्य में प्राचार्य ने फिर ठोंकी कील

## आखिरी तारीख निकल गई,नहीं हुये परीक्षा के पंजीयन

**समाज जागरण**

अनूपपुर --- सरकार कहती है आदिवासी गरीब बच्चों को पढ़ाएंगे, होनहार बनाएंगे, और बड़ी तुम्मी का प्राचार्य कहता है, मैं नहीं भरूंगा फार्म, जो करना है कर लो, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ी तुम्मी में प्राचार्य की हठधर्मी ने अपने ही विद्यालय के कक्षा आठवीं के 12 गरीब आदिवासी बच्चों का भविष्य अंधेरे में धकेल दिया है, सरकार की बड़ी महत्वाकांक्षी योजना राष्ट्रीय आय-सह-मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा जो आठवीं के बच्चों के लिए होती है और जिसमें चुने गए बच्चों को नौवीं से बारहवीं तक हर साल बारह हजार रुपये मिलते हैं, उसमें बड़ी तुम्मी के 12 छात्रों का पंजीयन प्राचार्य के लांगिग पासवर्ड से किया जाना था, लेकिन पुष्पराजगढ़ विकासखंड के हर प्रसाद तिवारी ने 22 अगस्त 2026 को जो प्रगति चिट्ठी जारी की है उसने शासन की इस मंशा की पोल खोल दी, पडमनिया संकुल के बिजौरा में 3 में से 3, चिरपानी में 1 में से 1, धुराधर में 8 में से 8, पडमनिया में 16 में से



16, खरशोल में 2 में से 2, गिजरी में 3 में से 3, सरफा में 9 में से 9, कोदार में 5 में से 5, सिलवारी में 2 में से 2, मतलब 10 स्कूलों ने पूरा का पूरा काम कर दिया, एक अकेला बड़ी तुम्मी जहाँ 12 पंजीयन के बदले जीरो, , और अब आखिरी तारीख निकल गई तो कोई रास्ता नहीं बचा, जबकि बच्चों का नाम लिखने की चाबी प्राचार्य के गुप्त संकेत शब्द के पास थी, गाँव वालों का कहना है यह भूल नहीं बदला है, पिछले साल भी प्राचार्य ने एक भी नाम नहीं लिखा था, शिकायत शहडोल के बड़े साहब आयुक्त तक और मुख्यमंत्री की मदद वाली लकीर तक गई पर शिक्षा महकमे ने आँख मूंद ली, न डांट न फटकार, उसी छूट से प्राचार्य की गर्दन और अकड़ गई और इस साल फिर वही घमंड दिखा दिया, पालक कह रहे हैं पिछले साल कुछ नहीं हुआ इसलिए बच्चों का हौसला टूट गया है और वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, अब सबकी एक ही मांग है इस घोर लापरवाही पर प्राचार्य को कुर्सी से हटाओ, पर सवाल बड़ा है क्या शिक्षा महकमा इस बार भी कागज दबाएगा, दो साल से एक प्राचार्य पूरे अमले पर भारी पड़ रहा है, सरकार की मंशा पर कुदाल चल रही है और बड़ी तुम्मी में प्राचार्य का राज चल रहा है।

# पेवर्स ब्लॉक बना भ्रष्टाचार का स्मारक

- घटिया सामग्री क्रय कर लगाया उच्च गुणवत्ता का बिल
- छह माह में ही चटकता कबाड़ पेवर

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली - कहते हैं कागज कभी झूठ नहीं बोलते, लेकिन ग्राम पंचायत बकेली में कागजों पर ही झूठ का महल खड़ा कर दिया गया है। शासन ग्राम पंचायतों को आदर्श बनाने के लिए पांचवें राज्य वित्त आयोग से लाखों रुपये दे रही है, लेकिन उमरिया जिले की जनपद पंचायत पाली की ग्राम पंचायत बकेली में भ्रष्टाचार का ही महल तैयार किया जा रहा है। पांचवें राज्य वित्त से प्राप्त राशि से पंचायत भवन के प्रांगण में पेवर्स ब्लॉक लगाने की स्वीकृति 24 जनवरी 2026 को 3 लाख 87 हजार रुपये के नाम पर तय की गई, लेकिन यह पेवर्स ब्लॉक के नाम पर एक सुनियोजित भ्रष्टाचार का खेल रचा गया है, जिसकी गवाही खुद-ब-खुद पंचायत दर्पण पोर्टल दे रहा है।

पंचायत दर्पण 5.8 पोर्टल पर दर्ज विवरण खुद कह रहा है कि पंचायत भवन में पेवर्स ब्लॉक का कार्य 3 लाख 87 हजार रुपये व्यय कर कराया गया है। जानकारों का मानना है कि इस राशि में 900 वर्ग मीटर में बेहतरीन कंपनी का पेवर लग जाता, पूरा परिसर चमक जाता। लेकिन हकीकत इसके उलट है, जो बिलों के नाम पर शासकीय राशि को हजम करने का एक बहाना मात्र रहा है। मालूम हो कि ग्राम पंचायत में एक ही फर्म माँ बिरासनी ट्रेडर्स, पाली जिला उमरिया के 99,828 रुपये के 3 अलग-अलग बिल लगाए गए हैं। बिल नंबर 2023-24/197 जैसे नंबरों से 241 वर्ग मीटर पेवर ब्लॉक, रेट 400 रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से कुल तीन बिल, प्रति बिल 99,828 रुपये, तीनों बिलों को मिलाकर 2 लाख 99 हजार 484 रुपये का 723 वर्ग मीटर पेवर दिखा दिया गया और कुल व्यय 3.87 लाख बता दिया गया। तीनों बिलों पर सरपंच और सचिव के हस्ताक्षर व मुहर लगी है और भुगतान एक ही खाता नंबर ICIC0001447 में किया गया है।

अब सवाल यह है कि मौके पर कितने मीटर पेवर लगा है, जो जांच का विषय बना हुआ है, जबकि बिल के अनुसार 723 वर्ग मीटर दिखाया



गया है? इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि एक ही फर्म से एक ही दिन एक ही रेट पर तीन अलग-अलग बिल बनाने की क्या जरूरत पड़ी? क्या 3.87 लाख की राशि को ठिकाने लगाने के लिए बिलों के टुकड़े किए गए?

पंचायत भवन में पेवर्स ब्लॉक का असली खेल परिसर में ही दिख रहा है। परिसर में लगा पेवर उबड़-खाबड़ धंसा हुआ नजर आ रहा है, लेवल कहीं भी नहीं मिल रही है, तो वहीं लाल रंग के पेवर बदरंग चटके हुए चीख-चीख कर भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रहे हैं। ब्लॉक का सच सामने है, ब्लॉक लगते ही चटक गए हैं, कोने टूट गए हैं, सीमेंट नाम की चीज नहीं है और सिर्फ रेत और गिट्टी बिखर रही है। बाजार में 400 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से तो अल्ट्रा, एचपीएल या 80 एमएम आईएसआई मार्क का पेवर आता है जो ट्रक चढ़ने पर भी नहीं टूटता। बकेली में लगा माल तो 150 रुपये वाले लोकल भट्ठा माल से भी गया-गुजरा है, जो मोटर साइकिल चलने पर ही चूरा बन रहा है। इससे साफ है कि बिल महंगे ब्रांडेड पेवर का और माल सस्ता घटिया लगाया गया है और बीच की राशि का बंदरबांट कर लिया गया है।

यहां तीन स्तरों पर भ्रष्टाचार साफ दिख रहा है। पहला, स्वीकृत राशि 3.87 लाख और मौके पर 40-50 हजार का भी काम नहीं। दूसरा, 400 रुपये का महंगा रेट दिखाकर घटिया माल लगाना और जीएसटी जोड़कर तीन-तीन बिलों में पैसा निकालना। तीसरा, बिना गुणवत्ता जांच के, बिना लेवल चेक किए टूटे-फूटे पेवर पर सरपंच-सचिव के हस्ताक्षर से भुगतान पास होना और जनपद के उपयंत्री द्वारा आंख बंद कर सत्यापन कर देना।

पंचायत भवन जो गांव का गौरव होता है, वही आज बकेली में भ्रष्टाचार का स्मारक बन गया है। पांचवें वित्त आयोग का पैसा गांव के विकास के लिए होता है, यहां उसे तीन बिलों में बांटकर हजम करने की कोशिश हुई है।

ग्रामीणों ने कलेक्टर उमरिया और जिला पंचायत सीईओ से मांग की है कि अब तो तीनों सबूत मौजूद हैं - पंचायत दर्पण का 3.87 लाख का व्यय, 99,828 के 3 बिल और मौके की टूटती तस्वीरें। इस पूरे मामले का टेप से भौतिक सत्यापन कराया जाए, पेवर के सैंपल जबलपुर लैब भेजे जाएं, बाकी 87 हजार रुपये कहां गए उसका हिसाब लिया जाए और दोषी सरपंच, सचिव, सप्लायर मां बिरासनी ट्रेडर्स और बिना जांच भुगतान करने वाले इंजीनियर पर एफआईआर दर्ज कर पूरी राशि की वसूली के साथ उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाए। अगर प्रशासन अब भी नहीं जागा तो यह तय है कि बकेली का यह घोटाला पूरे जिले की पंचायतों में चल रहे कमीशनखोरी के खेल की कलई खोल देगा।

# आवारा पशुओं के आतंक से त्रस्त नगरवासी, प्रशासनिक लापरवाही पर फूटा जनाक्रोश

**समाज जागरण**

गौरेला,। नगर पालिका परिषद गौरेला क्षेत्र में आवारा गाय, बैल एवं सांडों के बढ़ते आतंक के कारण आम नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। आए दिन सड़कों, बाजारों एवं पार्किंग स्थलों पर आवारा पशुओं द्वारा वाहनों एवं अन्य संपत्तियों को नुकसान पहुँचाया जा रहा है, जिससे नागरिकों को आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है।

आज प्रातः लगभग 10:30 बजे नगर क्षेत्र में खड़ी एक निजी चारपहिया वाहन को आवारा बैलों द्वारा बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना का वीडियो एवं फोटोग्राफ सामने आने के बाद नगरवासियों में प्रशासन के प्रति नाराजगी और अधिक बढ़ गई है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शुभम ताम्रकार ने कहा कि नगर पालिका परिषद एवं जिला प्रशासन को इस समस्या से कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज तक कोई ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। परिणामस्वरूप आज आम नागरिकों को अपनी जान एवं संपत्ति दोनों की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है।

उन्होंने कहा कि नगर की सड़कों पर खुलेआम घूम रहे आवारा पशु किसी भी समय बड़ी दुर्घटना एवं जनहानि का कारण बन सकते हैं। यदि किसी नागरिक की जान जाती है या कोई गंभीर दुर्घटना होती है, तो इसकी नैतिक एवं प्रशासनिक जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी।

श्री ताम्रकार ने प्रशासन से सवाल करते हुए कहा कि "क्या नगर पालिका परिषद और जिला प्रशासन किसी बड़ी जनहानि का इंतजार कर रहे हैं? जब नागरिकों की गाड़ियां टूट रही हैं, व्यापार प्रभावित हो रहा है और लोग भय के माहौल में जी रहे हैं, तब भी जिम्मेदार अधिकारी मौन क्यों हैं?"

उन्होंने मांग की कि आवारा पशुओं को तत्काल पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाया जाए तथा अपने पशुओं को सड़कों पर खुला छोड़ने वाले पशुपालकों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही नागरिकों की संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई सुनिश्चित की जाए।

यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं नगरवासियों के साथ व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# चिरहुलानाथ स्वामी के दरबार में चार वर्षों से हर मंगलवार जारी है विशाल भंडारा

## उपशीर्षक : प्रत्येक मंगलवार 1500 से अधिक श्रद्धालु ग्रहण करते हैं प्रसाद, जन्मदिन पर समाजसेवी संजय द्विवेदी ने भी की सेवा

**समाज जागरण**

रीवा। श्री राम काज सेवा समिति के तत्वावधान में चिरहुलानाथ स्वामी के दरबार में बीते करीब चार वर्षों से प्रत्येक मंगलवार विशाल भंडारे का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। धार्मिक आस्था और सेवा भावना से जुड़े इस आयोजन में हर मंगलवार बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। समिति के अनुसार, भंडारे में प्रत्येक मंगलवार 1500 से अधिक श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाता है।

लगातार चार वर्षों से चल रहे इस सेवा कार्य में समिति के सदस्यों के साथ स्थानीय श्रद्धालु और समाजसेवी भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभा रहे हैं। भंडारे के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रसाद उपलब्ध कराने के साथ ही सेवा, समर्पण और सामाजिक सहभागिता की भावना को भी मजबूत किया जा रहा है।

**जन्मदिन पर संजय द्विवेदी ने किया प्रसाद वितरण**

इसी क्रम में स्थानीय समाजसेवी संजय द्विवेदी अपने जन्मदिन के अवसर पर चिरहुलानाथ स्वामी के दरबार पहुंचे और श्री राम काज सेवा



समिति द्वारा आयोजित भंडारे में सहभागिता की। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया और सेवा कार्य में अपना योगदान दिया।

इस अवसर पर संजय द्विवेदी ने कहा कि जन्मदिन के अवसर पर चिरहुलानाथ स्वामी के दरबार में सेवा करने का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर भगवान की सेवा करने से उन्हें आध्यात्मिक संतुष्टि और विशेष प्रसन्नता की अनुभूति हुई।

**सेवा में जुटे हैं रामभक्त**

श्री राम काज सेवा समिति का यह निरंतर सेवा अभियान धार्मिक आयोजन के साथ-साथ सामाजिक समर्पण का उदाहरण बन रहा है। हर मंगलवार आयोजित होने वाले भंडारे में श्रद्धालुओं की बढ़ती भागीदारी लोगों की आस्था और सेवा भावना को दर्शाती है।

इस सेवा कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने और भंडारे को सफल बनाने में समिति के प्रमुख सदस्यों में नितिन प्रकाश मिश्रा, शुभम प्रताप बघेल (सिंटू मिश्रा), इंद्रजीत चतुर्वेदी, शिव द्विवेदी, ज्ञानी पाण्डेय, कुशल द्विवेदी, सुनील दत्त पांडेय, लवी सिंह और प्रिंस द्विवेदी प्रमुख रूप से जुटे हुए हैं।

इनके साथ क्षेत्र के अन्य रामभक्त और श्रद्धालु भी पूरी तन्मयता से सेवा कार्य में सहयोग कर रहे हैं। चिरहुलानाथ धाम में चल रहा यह सेवा अभियान अब रीवा शहर में आस्था, सेवा और सामाजिक सहभागिता की प्रेरणादायी मिसाल बनता जा रहा है।

# सिद्ध बाबा मंदिर पहुंच मार्ग के दोनों तरफ घास और झाड़ियां का अंबार

**समाज जागरण राजीव कुमार**

अमलाई। नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 5 में स्थित पहाड़ी पर सिद्ध बाबा मंदिर एवं एकादश मुखी हनुमान मंदिर स्थित है जहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है और पहाड़ी में मंदिर होने से श्रद्धालुओं सिढी के माध्यम से मंदिर पहुंचने हैं लेकिन सिढी के दोनों तरफ लंबे लंबे घास एवं झाड़ियां है जिसके कारण जहरीले जीव जंतु के काटने का डर भय बना रहता है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है लेकिन नगर परिषद की निष्क्रियता से कभी भी साफ सफाई नहीं कराई जाती है जब अन्य वार्ड में प्रतिदिन एक ही स्थान में सफाई होती है तो मंदिर जैसे सार्वजनिक स्थान के मार्ग पर क्या महीने में एक बार सफाई नहीं कराई जा सकती। नगर परिषद के अधिकारी नगर परिषद की अध्यक्ष, पार्षद को भी इसकी जानकारी है। अब देखना है कि स्वच्छता अभियान के नाम पर डंका पीटने वाले नगर परिषद के अधिकारियों का ध्यान इस तरफ कब तक जा पाता है।

# मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर जलेंगे 18 हजार बूथों पर आशीर्वाद के दीप

## उपशीर्षक : 17 सितंबर को सेवा पर्व के रूप में मनाया जाएगा जन्मदिन, धार्मिक और सामाजिक स्थलों पर भी होंगे विशेष आयोजन

**समाज जागरण**

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश में बड़े स्तर पर सेवा पर्व के रूप में मनाएगी। इस अवसर पर प्रदेशभर में भव्य दीपोत्सव सहित विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्टी संगठन ने आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

**18 हजार बूथों पर जलेंगे आशीर्वाद के दीप**

जानकारी के अनुसार, 17 सितंबर को प्रदेश के करीब 18 हजार बूथों पर लाभार्थी परिवारों के घरों में आशीर्वाद के दीप जलाए जाएंगे। पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क करेंगे और उनके घरों में दीप प्रज्वलित करेंगे।

इस आयोजन के माध्यम से लाभार्थी परिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं और आशीर्वाद देंगे। पार्टी का प्रयास है कि प्रदेश के प्रत्येक बूथ तक यह कार्यक्रम पहुंचे और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो।



**धार्मिक और सामाजिक स्थलों पर भी दीपोत्सव**

प्रदेश के प्रमुख धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व वाले स्थलों पर भी विशेष दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। मंदिरों, घाटों और प्रमुख चौराहों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना की जाएगी।

**भाजपा संगठन ने तेज की तैयारियां**

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा संगठन ने प्रदेश से लेकर जिला और मंडल स्तर तक तैयारियां शुरू कर दी हैं। संबंधित इकाइयों को आयोजन की रूपरेखा भेजकर कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं।

पार्टी का उद्देश्य प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा, जनसंपर्क और सामाजिक सहभागिता से जोड़ना है। इसके तहत प्रदेशभर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क करने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा को सौंपा 6 सूत्रीय मांग पत्र

- कार्यालय भवन, कैशलेस चिकित्सा, टोल टैक्स में छूट, बीमा-पेंशन एवं पत्रकार सुरक्षा की उठाई मांग
- प्रभारी मंत्री ने कैशलेस व्यवस्था पर शासन का पत्र जारी होने की दी जानकारी, जल्द भवन उपलब्ध कराने का दिया आश्वासन

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में संगठन से जुड़े पत्रकारों ने मंगलवार को प्रदेश सरकार के प्रभारी राज्य मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग हंसराज विश्वकर्मा से मुलाकात कर ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं एवं कल्याण से संबंधित छह सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा।

पत्रकारों ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार विषम परिस्थितियों में गांव-गांव तक शासन की योजनाओं, विकास कार्यों एवं आमजन की समस्याओं को समाचारों के माध्यम से शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। ग्रामीण पत्रकारिता लोकतंत्र की जमीनी आवाज को मजबूती प्रदान करती है, इसलिए पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा एवं कल्याण के लिए शासन स्तर से ठोस पहल किया जाना आवश्यक है।

ज्ञापन में छह प्रमुख मांगें रखी गई जिसमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के सोनभद्र मुख्यालय के लिए अन्य संगठनों की तर्ज पर शासन की ओर से कार्यालय भवन उपलब्ध कराने अथवा आवंटित करने की मांग की गई, जिससे दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले पत्रकारों को बैठक एवं संगठनात्मक कार्यों में सुविधा मिल सके।मान्यता प्राप्त पत्रकारों की तर्ज पर ग्रामीण पत्रकारों एवं उनके परिवारों को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिए जाने की मांग की गई। इसके लिए कार्यरत संवाददाताओं की सूची जिला सूचना कार्यालय के माध्यम से तैयार कराने का सुझाव भी दिया गया।समाचार संकलन के लिए लगातार विभिन्न क्षेत्रों में आवागमन करने वाले ग्रामीण पत्रकारों को टोल प्लाजा पर टोल टैक्स से छूट दिए जाने की मांग उठाई गई।ग्रामीण पत्रकारों को शासन स्तर पर बीमा योजना में शामिल करने तथा लंबे समय से आंचलिक पत्रकारिता कर रहे 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ ग्रामीण पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ दिए जाने की मांग की गई।पत्रकारों के विरुद्ध किसी भी प्राथमिकी से पूर्व जिला पुलिस के किसी राजपत्रित अधिकारी से अनिवार्य जांच कराए जाने की मांग की गई, ताकि पत्रकारों के अनावश्यक उत्पीड़न पर रोक लग सके और शिकायतों की निष्पक्षता से जांच हो।जिला स्तर की स्थायी समिति की तर्ज पर तहसील स्तर पर भी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीण पत्रकारों की नियमित बैठक आयोजित कराने तथा संबंधित तहसील अध्यक्षों को इन बैठकों में अनिवार्य रूप से शामिल किए जाने की मांग रखी गई। ज्ञापन लेने के बाद प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने पत्रकारों की मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि पत्रकारों के लिए कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था के संबंध में शासन द्वारा घोषणा की जा चुकी है तथा इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत भी कराया जा चुका है।उन्होंने पत्रकारों को आश्वस्त किया कि बैठकों एवं संगठनात्मक गतिविधियों के लिए भवन की व्यवस्था भी जल्द उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। मंत्री के इस आश्वासन पर पत्रकारों ने उनका आभार जताया और उम्मीद व्यक्त की कि अन्य मांगों पर भी शासन स्तर से सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

# श्रमिकों को योगी सरकार की सौगात, तीन करोड़ की अधिक धनराशि से सुकृत और डाला बाजार बनेंगे श्रमिक सुविधा केंद्र

## जिलाधिकारी ने शासन के निर्देश पर भूमि का चयन कर स्वीकृति के लिए भेजा प्रस्ताव

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले दिहाड़ी मजदूरों को बेहतर सुविधाएं और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में योगी सरकार ने एक और पहल की है। उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से प्रदेश भर में बनाए जा रहे डॉ. भीमराव अंबेडकर श्रमिक सुविधा केंद्र (लेबर अड्डा) की सौगात अब सोनभद्र के श्रमिकों को भी मिलने जा रही है। जिले में दो स्थानों पर इन आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्रों के निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई है।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि श्रमिक सुविधा केंद्रों के निर्माण के लिए ग्राम सुकृत में 253 वर्ग मीटर और डाला बाजार वार्ड नंबर चार में 200 वर्ग मीटर भूमि का चयन किया गया है। दोनों स्थानों पर निर्माण के लिए प्रस्ताव उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड को भेजा गया है। दोनों केंद्रों के निर्माण पर 3 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च होने का अनुमान है। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जाएगा।



### धूप-बारिश में भटकने से श्रमिकों को मिलेगी राहत

जिलाधिकारी ने बताया कि श्रमिक सुविधा केंद्रों का उद्देश्य दिहाड़ी श्रमिकों को काम की तलाश में सड़क किनारे अथवा खुले स्थानों पर खड़े रहने की मजबूरी से राहत देना है। केंद्रों में श्रमिकों के बैठने के लिए सुरक्षित प्रतीक्षालय और छायादार शेड की व्यवस्था होगी। इससे गर्मी, बारिश और अन्य मौसम में श्रमिकों को सुरक्षित स्थान मिल सकेगा। श्रमिक सुविधा केंद्रों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए जाएंगे। इससे विशेष रूप से महिला श्रमिकों को काम की तलाश के दौरान जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

### मोबाइल चार्जिंग से पंजीकरण तक की सुविधा

उन्होंने बताया कि इन श्रमिक सुविधा केंद्रों को केवल बैठने की जगह तक सीमित नहीं रखा जाएगा। यहां बिजली और पंखे, मोबाइल चार्जिंग जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। साथ ही श्रमिकों के लिए पंजीकरण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उन्हें श्रम विभाग और भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने में मदद मिले।

### योजनाओं की जानकारी भी मिलेगी

यह केंद्र श्रमिकों के लिए सुविधा केंद्र के साथ-साथ सरकारी योजनाओं तक पहुंच का माध्यम भी बनेंगे। पंजीकृत श्रमिकों को उनके लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा सकेगी। इस पहल से श्रमिकों को सुविधाजनक वातावरण मिलने के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया भी आसान हो जाएगी। बताया कि सुकृत और डाला बाजार में बनने वाले ये केंद्र सोनभद्र के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सुविधा, सुरक्षा और सम्मान का स्थायी ठिकाना बनेंगे। सरकार की इस पहल से काम की तलाश में प्रतिदिन निकलने वाले श्रमिकों को बुनियादी सुविधाओं के लिए इधर-उधर भटकने से राहत मिलेगी।

# सेवा संकल्प अभियान से जन-जन तक पहुंचेगा 'विकसित भारत-2047' का संदेश

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान को प्रभावी और परिणामपरक बनाने के लिए मंगलवार को प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग हंसराज विश्वकर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में एमएलसी विनीत कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता और जिलाधिकारी चर्चित गौड़ समेत जनप्रतिनिधि व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान को केवल कार्यक्रमों तक सीमित न रखते हुए इसे जनसेवा, जनकल्याण और जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाया जाए। इसका प्रभाव ग्राम पंचायत से लेकर नगरीय क्षेत्रों तक दिखाई देना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान के दौरान रक्तदान शिविर, दिव्यांगजन कल्याण शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य एवं पोषण गतिविधियां, शिक्षा व युवा संवाद, रोजगार एवं आजीविका कार्यक्रम और जनजागरूकता अभियान आयोजित करने पर जोर दिया। इन कार्यक्रमों में युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों, स्वयं सहायता समूहों, लाभार्थियों और आम नागरिकों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन की योजनाओं से लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव और लाभार्थियों की सफलता की कहानियों को भी अभियान का हिस्सा बनाया जाए। विकास कार्यों और योजनाओं से हुए बदलाव को डिजिटल माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर भी जोर दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने कहा कि अभियान को व्यापक स्वरूप देने के लिए जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और आमजन की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। सेवा और जनकल्याण की भावना गांव-गांव तक पहुंचाते हुए पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाए। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रम महज औपचारिकता बनकर न रह जाएं, बल्कि उनका सकारात्मक परिणाम धरातल पर दिखाई देना चाहिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को समय से तैयारियां पूरी करने और विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक ग्राम पंचायत, विकासखंड और जनपद स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, स्वच्छता, रोजगार, युवा सहभागिता, जनजागरूकता और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों को आपसी समन्वय और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सेवा की भावना और विकसित भारत-2047 का संकल्प जन-जन तक पहुंचना ही इसकी वास्तविक सार्थकता होगी। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।





# पूर्वांचल यात्रा बभनी पहुंची, सरकार से अधिकार देने की मांग, 20 सितंबर को वाराणसी में होगा नई पीढ़ी संवाद

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे

सोनभद्र। जवाबदेह सरकार के लिए मिर्जापुर से शुरू हुई पूर्वांचल यात्रा 15 सितंबर 2026 को सोनभद्र के बभनी ब्लॉक में पहुंची। यहां बभनी, इकदिरी, पोखरा, रनदह, चवना, बैना, घघरा, धनखोर और घघरी जैसे गांवों में संपर्क, संवाद और बैठकें की गई। सभी लोगों से 20 सितंबर को वाराणसी में आयोजित 'नई पीढ़ी संवाद' में शामिल होने और सहयोग करने की अपील की गई। यात्रा के दौरान बताया गया कि गांवों में माइक्रोफाइनेंस कंपनियां महिलाओं की आर्थिक लूट कर रही हैं। प्रदेश से बड़ी संख्या में पूंजी का पलायन हो रहा है। नौजवान लड़के और लड़कियां काम की तलाश में दूसरे प्रदेशों में जा रहे हैं। मनरेगा खत्म कर दी गई है और नई योजना में जो काम भी कराया गया, उसकी मजदूरी महीनों से बकाया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ रेफरल सेंटर बनकर रह गए हैं, वहां पर्याप्त संसाधन भी नहीं हैं। सही शिक्षा व्यवस्था न होने से लड़कियां पढ़ाई छोड़ रही हैं। यात्रा में कहा गया कि सरकारें जनता को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सम्मानजनक जीवन के संवैधानिक अधिकार देने की बजाय खैरात बांटने में लगी हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश में संसाधनों की कोई कमी नहीं है। यदि कॉर्पोरेट की संपत्ति पर टैक्स लगाया जाए और काली पूंजी की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित किया जाए, तो हर नागरिक को संवैधानिक अधिकार दिए जा सकते हैं। इस यात्रा में आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के जिला संयोजक कृपाशंकर पनिका, रोजगार-सामाजिक अधिकार अभियान पूर्वांचल यात्रा की सहसंयोजक रूबी सिंह गोंड, सविता गोंड, इंद्रदेव खरवार, राजेंद्र प्रसाद गोंड, गुंजा गोंड, सुगवंती गोंड, सुमन खरवार, मोहर सिंह गोंड, राम विचार गोंड़ और देव कुमार खरवार जैसे लोग शामिल थे।




# बभनी में विराजे भगवान गणेश: गणेश चतुर्थी पर भक्तों का लगा तांता, गणपति बप्पा मोरिया के लगे जयकारे

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे

सोनभद्र। बभनी में श्री रामेश्वर देवालय परिसर में सोमवार को गणेश पूजनोत्सव का शुभारंभ हुआ। सोमवार शाम को भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी के शुभ अवसर पर विधि-विधान से भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई और पूजा अर्चना की गई।गणेश चतुर्थी का पर्व भगवान श्री गणेश के जन्मोत्सव और बुद्धि, विवेक तथा विघ्नहर्ता के रूप में उनकी आराधना का सबसे बड़ा दिन है। बभनी मोड़ स्थित रामेश्वर देवालय प्रांगण में भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। खूबसूरत सजावट और विद्युत रोशनी से सजे पंडाल में दर्शनार्थियों की भीड़ जुटने लगी है।

गणेश उत्सव के इस मौके पर रामेश्वर देवालय समिति और श्री गणेश पूजा समिति ने भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया है। पूजा स्थल पर वेद मंत्रों के बीच भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गई और श्रद्धालुओं ने भव्य आयोजन का हिस्सा बनकर उत्सव की रौनक बढ़ाई। श्री गणेश पूजनोत्सव के आयोजन के दौरान जजमान विशुन केशरी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर विधि-विधान से पूजा की और भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की। समिति के सुनील गुप्ता, ज्ञानेश्वर कुशवाहा, श्यामलाल, देवानंद, गोलू केशरी, सुनील कुशवाहा, मनीष पांडेय। इसी के साथ सोमवार शाम को घघरा, बरवाटोला, घघरी, बभनी बाजार चपकी, भंवर सहित अन्य गांवों में हरितालिका तीज पर महिलाओं ने सामूहिक पूजा अर्चना कर कथा सुनी। साथ साथ रात भर भजन कीर्तन किया।पति के दीर्घायु की कामना की। सुबह भगवान शिव और पार्वती का पूजन अपने अपने व्रत का पारन किया।



# परसाटोला से मचबन्धवां मार्ग पर जगह जगह पटरियां हुई ध्वस्त, विभाग ने साधा चुप्पी

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे

सोनभद्र। बभनी क्षेत्र में परसाटोला मचबन्धवां मार्ग की पटरियां बारिश से जगह जगह बह रही है। और विभाग चुप्पी साधे हुए हैं पटरियों की मरम्मत नहीं कराई गई तो सड़क भी क्षतिग्रस्त हो सकता है। परसाटोला से मचबन्धवां सड़क पर जगह जगह पटरियां बारिश में बह गयी।और मरम्मत के बजाय मिट्टी द्वारा उचा बनाकर सुरक्षा किया जा रहा है हालत यह है कि पटरियों के बह जाने के कारण धड़क धंसने के कगार पर है।चौना सागोबांध मार्ग पर भी कई जगह सड़क की पटरी बह गयी है।और बड़े बड़े झाड़ी जम गये है ।पता भी नही चलता है सड़क के पटरी बह गया है। अभी तक पटरियों की मरम्मत नहीं किया गया और तो और कोई भी सुरक्षा घेरा नही बनाया गया है। लेकिन पटरियों की मरम्मत नहीं किया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। विभाग की चुप्पी के कारण कहीं सड़क ही न बह जाए। क्षेत्र के ग्रामीण गोरेलाल अर्जुन गुप्ता, दिनेश कुमार, रतनलाल, शयाम मूरारी, संजय कुमार, अवधेश कुमार ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्यवाही की मांग की है।



# बिजली बिल की समस्याओं के लिए लगा विशेष कैंप, 50 हजार धनराशि की गई वसूली

समाज जागरण मनोज कुमार चौबे

सोनभद्र। विद्युत उपभोक्ताओं की बिल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए मंगलवार को बभनी में एक विशेष कैंप का आयोजन किया जा गया। यह कैंप थाना बभनी के पास कृति ऑनलाइन सेंटर में लगा। इस कैंप में बिजली बिल से जुड़ी सभी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाना था । लेकिन उपखण्ड म्योरपुर शिवम गुप्ता और बड़े बाबू के न आने से बड़े बकाये दारों की समस्या का समाधान नहीं हो पाया उपभोक्ता इन्तजार करते रहे। लेकिन उप खण्ड अधिकारी म्योरपुर नहीं पहुंचे जिससे इन उपभोक्ताओं का बिजली बिल सम्बंधित नहीं हो सका। उपभोक्ता इन्तजार करते रहे। इनमें बिल में ज्यादा राशि आना, गलत रीडिंग, मीटर संबंधी दिक्कतें और बकाया या भुगतान से जुड़ी समस्याएं शामिल थी। इनमें विद्युत खाता संख्या, वर्तमान मीटर संख्या, वर्तमान मीटर रीडिंग का वीडियो और यदि उपलब्ध हो तो नवीनतम बिजली बिल या भुगतान रसीद शामिल हैं इस कैम्प में 50000 की धनराशि वसूली गई। इस कैंप में बभनी के अवर अभियंता महेश कुमार, बभनी और संबंधित विद्युत कर्मचारी प्रमोद कुमार, मुकेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहेंगे।



# गोकुलधाम शांति नगर-2 में दुर्गा पूजा समिति का गठन, बबन ठाकुर बने अध्यक्ष, शुभम गुप्ता को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

बीजपुर/ सोनभद्र। आगामी शारदीय नवरात्रि को लेकर गोकुलधाम शांति नगर-2, विनोद टायर गली में रविवार देर शाम एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह कल रात 8 बजे बुलाई गई थी, जिसमें मोहल्ले के सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बैठक की शुरुआत माँ दुर्गा के जयकारे के साथ हुई। इस दौरान इस वर्ष दुर्गा पूजा को कैसे और भव्य बनाया जाए, पंडाल की व्यवस्था, चंदा, लाइट-साउंड, सुरक्षा और प्रसाद वितरण जैसे कई मुद्दों पर देर रात तक गहन विचार-विमर्श चलता रहा। बैठक में युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। ऋषभ सिंह और मनीष पासवान रहे बैठक के मुख्य सूत्रधार; सूत्रों के अनुसार इस पूरी बैठक की रूपरेखा तैयार करने और लोगों को एकजुट करने में सूचना मंत्री ऋषभ सिंह और मनीष कुमार पासवान मुख्य चेहरे के रूप में सामने आए। दोनों ने बारी-बारी से सभी की राय ली और एक-एक बिंदु पर चर्चा कराई। उनके प्रयास से ही बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हो सकी।

सर्वसम्मति से हुआ चुनाव; अंत में सभी लोगों की सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। मोहल्ले के वरिष्ठ समाजसेवी बबन ठाकुर को अध्यक्ष और युवा व्यवसायी शुभम गुप्ता को उपाध्यक्ष के पद पर चुना गया। दोनों के नाम पर सभी ने तालियां बजाकर सहमति जताई।

### नई समिति इस प्रकार है:

महामंत्री के रूप में विनोद चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष के रूप में मनोज कुमार सिंह और नरेंद्र सिंह, संगठन मंत्री के रूप में पवन श्रीवास्तव, सूचना मंत्री के रूप में ऋषभ सिंह और मनीष कुमार पासवान को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं व्यवस्थापक मंडल में संजीत कुमार साह, पृथ्वीकांत ओझा, आशुतोष गुप्ता, अक्षय यादव और मनर देव नागर को शामिल किया गया है। समिति के मार्गदर्शन के लिए संरक्षक मंडल में अजीत कुमार कुशवाहा, अरुण कुमार शाह और संदीप उपाध्याय को रखा गया है।

अध्यक्ष ने जताया आभार; चुनाव के बाद नवनियुक्त अध्यक्ष बबन ठाकुर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, "आप सभी ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है, मैं पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। इस बार गोकुलधाम में दुर्गा पूजा पिछले सभी वर्षों से अधिक भव्य, आकर्षक और शांतिपूर्ण होगी। इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। हम सब मिलकर माँ के दरबार को सजाएंगे।" वहीं उपाध्यक्ष शुभम गुप्ता ने कहा कि युवाओं की टोली पूरी मेहनत से पूजा की तैयारी में लगेगी।



# स्कूली वाहन का अगला चक्का टूटा, बाल-बाल बचे करीब 20 बच्चे

समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र में मंगलवार सुबह करीब सात बजे उस समय बड़ा हादसा टल गया, जब उरमौरा ढाबे के पास वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर ग्लेनफिल स्कूल रॉबर्ट्सगंज के बच्चों को लेकर जा रहे स्कूली वाहन का अचानक अगला चक्का टूट गया। चक्का टूटने से वाहन अनियंत्रित हो गया। गनीमत रही कि वाहन में सवार करीब 20 बच्चे सुरक्षित बच गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। जानकारी मिलते ही कुछ अभिभावक और स्कूल प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद बच्चों को दूसरे वाहन से सुरक्षित स्कूल भेजा गया। घटना ने एक बार फिर स्कूली वाहनों की फिटनेस और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खासकर तब, जब परिवहन विभाग की ओर से स्कूली वाहनों की जांच को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद सड़क पर दौड़ रहे स्कूली वाहन में अचानक चक्का टूटने की घटना ने जांच और फिटनेस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभिभावकों का कहना है कि स्कूली वाहनों में बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। हादसे में किसी बच्चे के घायल होने की सूचना नहीं है। समय रहते वाहन नियंत्रित हो जाने से बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद अभिभावकों ने अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्कूली बच्चों की सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता न हो, इसके लिए जिम्मेदार विभागों को वाहनों की नियमित और कड़ाई से जांच सुनिश्चित करनी होगी।





# एनडीपीएस एक्ट में लम्बे समय से फरार 25,000/- का इनामिया वांछित अभियुक्त, बिहार से गिरफ्तार

समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित/इनामिया अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज श्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई।

थाना रॉबर्ट्सगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-705/26 धारा 8/20/27ए/29/60 एनडीपीएस एक्ट में वांछित एवं लम्बे समय से फरार चल रहे 25,000/- के इनामिया अभियुक्त मुकेश साह उर्फ अमित कुमार पुत्र सत्यानारायण साह, निवासी राम शहर, थाना बड़हरा, जनपद भोजपुर, बिहार, उम्र करीब 25 वर्ष को इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर जनपद भागलपुर, बिहार से दिनांक 14.09.2026 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# अनपरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता; इलेक्ट्रिक दुकान से चोरी के मामले का सफल अनावरण

## 01 अभियुक्त गिरफ्तार एवं 02 बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में

समाज जागरण/ अकबर अली

अनपरा/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करने व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना अनपरा प्रणव प्रसून श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में थाना अनपरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

थाना अनपरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-187/2026 धारा 305(a), 331(4) बीएनएस से संबंधित चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त सुरेन्द्र कुमार को गिरफ्तार तथा 02 बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्त/बाल अपचारियों के कब्जे से चोरी किया गया इलेक्ट्रिक केबिल तार 11 बोरियों में तथा चोरी में प्रयुक्त व्लस ई-रिक्शा बरामद किया गया है। प्रकरण में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है।

घटना का संक्षिप्त विवरण; दिनांक 13.09.2026 को थाना अनपरा क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं0-03 स्थित एक इलेक्ट्रिक की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा इलेक्ट्रिक केबिल तार चोरी किए जाने के संबंध में थाना अनपरा पर मु0अ0सं0-187/2026 धारा 305(a), 331(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। कृत कार्यवाही; विवेचना एवं चोरी के माल की बरामदगी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे थे। दिनांक 15.09.2026 को मुखबिर की सूचना एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के आधार पर दुल्लापाथर रोड स्थित जियो टावर के पास व्लस ई-रिक्शा से चोरी के केबिल तार को ले जाते हुए एक अभियुक्त एवं दो बाल अपचारियों को पकड़ लिया गया। मौके पर बरामद चोरी के सामान की पहचान वादी मुकदमा द्वारा अपने दुकान से चोरी हुए सामान के रूप में की गई। गिरफ्तार अभियुक्त व दो बाल अपचारियों को विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

पूछताछ में अभियुक्त एवं बाल अपचारियों द्वारा बताया गया कि दिनांक 13.09.2026 को वे चोरी करने के उद्देश्य से ई-रिक्शा से सिनेमा रोड की तरफ घूम रहे थे। वार्ड नं0-03 में सुनसान स्थान देखकर इलेक्ट्रिक की दुकान का ताला तोड़कर भोर के समय दुकान से केबिल तार बोरियों में भरकर ई-रिक्शा से अपने साथ ले गए थे। रास्ते में कुछ बोरियां गिर गई थीं, जिन्हें वे उठा नहीं सके। शेष चोरी के माल को ई-रिक्शा में छिपाकर रख दिया था तथा बाद में चोरी के सामान को बेचने के उद्देश्य से ले जा रहे थे, तभी पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया।



# पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

जुगैल/ सोनभद्र। स्थानीय पुलिस ने कोर्ट के वारंट पर दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। दोनों को मंगलवार सुबह करीब आठ बजे उनके घर से पकड़ा गया। यह कार्रवाई अपराध रोकने और फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे एक खास अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देश पर यह अभियान चल रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय की देखरेख में यह गिरफ्तारी हुई। पुलिस के मुताबिक, सोनभद्र के उखरऊअउखट कोर्ट ने मुकदमा नंबर 9720/20 से जुड़ा वारंट जारी किया था। यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 504 और 506 से संबंधित था, जिसमें राज्य बनाम सुमित्रा देवी वगैरह आरोपी थे। जुगैल पुलिस इन वारंटियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम चतरवार गांव पहुंची। वहां से हरिनंद की पत्नी सुमित्रा देवी (करीब 55 साल) और हरिनंद की बेटी कुमारी मुनिया (करीब 32 साल) को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को मंगलवार सुबह करीब आठ बजे पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी की जानकारी दोनों के परिवार वालों को दे दी गई थी। कार्रवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के नियमों का पालन किया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों वारंटियों के खिलाफ जरूरी कानूनी कार्रवाई पूरी कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। इस कार्रवाई में जुगैल थाने के प्रभारी निरीक्षक शिव प्रताप वर्मा, उपनिरीक्षक रामनयन यादव, महिला कांस्टेबल अंकिता सिंह और महिला कांस्टेबल सरिता सरोज शामिल थे।



# निगरानी की दोहरी कार्रवाई, 28 हजार रुपये रिश्वत लेते पंचायती राज पदाधिकारी गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



पटना। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार ने मंगलवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ दो बड़ी कार्रवाई की। लखीसराय जिले के चानन प्रखंड में 28 हजार रुपये रिश्वत लेते प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ब्रजेश कुमार को उनके कार्यालय कक्ष से रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। वहीं, वर्ष 2015 के रिश्वत मामले में तत्कालीन राजस्व कर्मचारी अमरेन्द्र कुमार सिन्हा को विशेष न्यायालय निगरानी, पटना ने दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

निगरानी ब्यूरो के अनुसार, ब्रजेश कुमार प्रखंड हलसी के प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी तथा चानन के अतिरिक्त प्रभार में थे। उनके खिलाफ राम नारायण साव ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि ग्राम पंचायत राज महेशलेटा के बसमतिया गांव में संजू यादव के घर से कुशो पासवान के घर होते हुए पईन तक ढक्कन सहित नाला निर्माण कार्य के भुगतान के लिए मापी पुस्त तैयार करने के एवज में रिश्वत की मांग की जा रही थी।

शिकायत का सत्यापन कराया गया, जिसमें रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद निगरानी थाना कांड संख्या 108/2026 दर्ज कर पुलिस उपाधीक्षक रणजीत कुमार निराला के नेतृत्व में धावादल गठित किया गया। टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए ब्रजेश कुमार को 28 हजार रुपये रिश्वत लेते उनके कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उन्हें विशेष न्यायालय निगरानी, भागलपुर में प्रस्तुत किया जाएगा। मामले में आगे की जांच जारी है।

**नामांतरण के लिए मांगी थी 10 हजार रिश्वत**

दूसरी कार्रवाई में विशेष न्यायालय निगरानी, पटना के न्यायाधीश अतुल कुमार सिंह ने निगरानी थाना कांड संख्या 07/2015 में तत्कालीन राजस्व कर्मचारी अमरेन्द्र कुमार सिन्हा को दोषी करार दिया। मामला फुलवारीशरीफ प्रखंड के हल्का संख्या-06 में जमीन का नामांतरण कराने के लिए रिश्वत मांगने से जुड़ा था। परिवादी अरुण कुमार की शिकायत पर निगरानी टीम ने 23 जनवरी 2015 को अमरेन्द्र कुमार सिन्हा को 9 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था।

अदालत ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत तीन वर्ष के सश्रम कारावास और 9 हजार रुपये अर्थदंड तथा धारा 13(2) सहपठित धारा 13(1)(डी) के तहत चार वर्ष के सश्रम कारावास और 9 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अर्थदंड जमा नहीं करने पर तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

निगरानी ब्यूरो के मुताबिक, वर्ष 2026 में अब तक भ्रष्टाचार के 21 मामलों में न्यायालय द्वारा सजा सुनाई जा चुकी है। वहीं, वर्ष 2025 में कुल 30 भ्रष्टाचार के मामलों में सजा हुई थी। ब्रजेश कुमार की गिरफ्तारी के साथ वर्ष 2026 में निगरानी ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी की संख्या 108 हो गई है। इनमें 100 ट्रैप कांड शामिल हैं। अब तक इन मामलों में 101 अभियुक्तों को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया जा चुका है और कुल 36 लाख 94 हजार 800 रुपये की रिश्वत राशि बरामद की गई है।

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने लोगों से अपील की है कि किसी सरकारी पदाधिकारी या कर्मी द्वारा रिश्वत की मांग किए जाने पर तत्काल निगरानी ब्यूरो को इसकी सूचना दें।

# कोचाधामन की तीन पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित, 67 आवेदन प्राप्त; 30 दिनों में होगा निष्पादन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



कोचाधामन प्रखंड की डेरामारी, पाटकोई कला एवं तेघरिया पंचायत में सोमवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। तीनों पंचायतों में कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें पोर्टल पर दर्ज कर संबंधित विभागों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के लिए भेजा गया है। प्राप्त आवेदनों का 30 दिनों के भीतर निष्पादन किया जाना है।

डेरामारी पंचायत में जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने शिविर में पहुंचकर विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत सरकार भवन के पूरे परिसर का जायजा लेने के बाद परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए काउंटरों पर पहुंचकर आम लोगों से प्राप्त आवेदनों और उनके निष्पादन की प्रक्रिया की जानकारी ली।

तेघरिया पंचायत में संयुक्त सचिव सह जिला पंचायत राज पदाधिकारी जफर आलम तथा पाटकोई कला पंचायत में अपर समाहर्ता (राजस्व) अमरेंद्र कुमार पंकज जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी के रूप में शिविर में शामिल हुए। तेघरिया में सात, पाटकोई कला में 26 तथा डेरामारी में 34 आवेदन प्राप्त हुए।

शिविर को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता सभी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है। आम लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने में किसी तरह की परेशानी न हो, इसी उद्देश्य से सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीराम पासवान ने कहा कि शिविर समाप्त होने के बाद भी आवेदन की प्रक्रिया जारी रहेगी। किसी भी आमजन को अपना काम कराने में कठिनाई हो या किसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़े तो सहयोग पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

प्रशासन के अनुसार डेरामारी पंचायत में दो जून 2026 को आयोजित पहले सहयोग शिविर में कुल 111 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनका गुणवत्तापूर्ण निष्पादन कर दिया गया है। इसके बाद भी आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया लगातार जारी रही। 15 सितंबर 2026 तक पंचायत में 167 आवेदन प्राप्त हुए। दूसरे शिविर की तैयारी से पूर्व विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 164 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 130 का निष्पादन हो चुका है, जबकि 34 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं।

शिविर में अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी आदित्य कुमार, अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार पंकज, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, आपूर्ति पदाधिकारी, आवास पर्यवेक्षक राम प्यारे समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। पंचायत स्तर के कर्मियों के अलावा जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी शिविर में भाग लिया।

डेरामारी पंचायत के मुखिया शाहबाज आलम ने सहयोग शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए प्रशासन के इस प्रयास को आम लोगों के लिए उपयोगी बताया और शिविर में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं ग्रामीणों के प्रति आभार जताया।

# गलगलिया थानाध्यक्ष राकेश कुमार निलंबित, संदिग्ध आचरण व कर्तव्यहीनता के आरोप में कार्रवाई

## मादक पदार्थ के खिलाफ छापेमारी के दौरान कार्य में शिथिलता की मिली थी सूचना, एसडीपीओ-2 की जांच रिपोर्ट के बाद एसपी ने की कार्रवाई

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने गलगलिया थानाध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक राकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उनके विरुद्ध संदिग्ध आचरण, अनुशासनहीनता, कर्तव्यहीनता, मनमानेपन तथा वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना करने के आरोप में यह कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार, 12 सितंबर 2026 को गलगलिया थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही छापेमारी के दौरान थानाध्यक्ष राकेश कुमार के संदिग्ध आचरण एवं कार्य में शिथिलता बरते जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2, किशनगंज से जांच कराई।

एसडीपीओ-2 द्वारा सौंपे गए प्रारंभिक जांच प्रतिवेदन के आधार पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने राकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में उन्हें सामान्य जीवन-यापन भत्ता देय होगा। साथ ही विभागीय कार्रवाई के संबंध में उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

किशनगंज पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कर्तव्य निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा भ्रष्ट आचरण को लेकर शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जा रही है। पुलिस ने कहा कि जांच में दोषी पाए जाने वाले किसी भी पदाधिकारी या कर्मी के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने आम नागरिकों से मादक पदार्थों की तस्करी अथवा इससे जुड़े अपराधों की सूचना देने की अपील की है। इसके लिए किशनगंज पुलिस के एएनटीएफ हेल्पलाइन नंबर 9031816150 पर सूचना दी जा सकती है। पुलिस के अनुसार, सूचनादाता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

इसके अलावा साइबर ठगी या फ्रॉड का शिकार होने अथवा ठगी से संबंधित कॉल आने पर तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर संपर्क करने तथा cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई है।

# कनकई नदी पार सुदूर इलाकों में पहुंचे डीएम, कटाव व मूलभूत सुविधाओं के समाधान के निर्देश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**




जिलाधिकारी नवीन कुमार ने मंगलवार को दिघलबैंक प्रखंड की सिंघीमारी पंचायत के कनकई नदी पार स्थित सुदूरवर्ती क्षेत्रों का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने वार्ड संख्या 1 से 4, डाकूपाड़ा, पलसा एवं बैजनाथ पलसा का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान का निर्देश दिया।

भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने कनकई नदी के कटाव, आवागमन, सड़क व पुल-पुलिया, बिजली, स्वास्थ्य, पेयजल और जनवितरण प्रणाली सहित विभिन्न समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। वार्ड संख्या 1, 3 और 4 में नदी कटाव की गंभीर समस्या सामने आने पर डीएम ने बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण विभाग (FCD) के अधिकारियों को प्रभावित स्थलों का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कर आवश्यक कटावरोधी कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आबादी, कृषि भूमि और सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए।

ग्रामीणों ने डाकूपाड़ा में सड़क मरम्मत, बलुवाडांगी टोला में ग्रामीण सड़क, बैजनाथ पलसा प्राथमिक विद्यालय तक पहुंच पथ व कलवर्ट, इंडो-नेपाल सीमा क्षेत्र में सड़क निर्माण तथा पलसा ताल टोला तक सड़क एवं कलवर्ट की जरूरत बताई। डीएम ने संबंधित विभागों को स्थल निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा।

विद्युत व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने कई स्थानों पर बांस के सहारे तार खींचे जाने और बाढ़ में पोल क्षतिग्रस्त होने की समस्या बताई। डीएम ने विद्युत विभाग के अभियंताओं को पूरे क्षेत्र का सर्वे कर असुरक्षित तार-पोल की समस्या दूर करने तथा नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

नदी पार के चारों वार्डों में जनवितरण प्रणाली की दुकान नहीं होने से बाढ़ और बारिश के दौरान राशन लेने में होने वाली परेशानी, स्वास्थ्य सुविधा की कमी और पेयजल संकट का मुद्दा भी ग्रामीणों ने उठाया। पलसा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में आर्सेनिक मुक्त पेयजल के लिए आरओ, कंप्यूटर लैब तथा पलसा ताल टोला में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग पर भी डीएम ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय डाकूपाड़ा और उत्क्रमित मध्य विद्यालय पलसा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, पठन-पाठन और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। डाकूपाड़ा विद्यालय में कक्षा एक और दो के बच्चों से पहाड़ा भी सुना। बच्चों के सही उत्तर देने पर उन्होंने उनका उत्साहवर्धन किया।

बैजनाथ पलसा प्राथमिक विद्यालय तक पहुंच पथ और पुलिया की समस्या को लेकर भी संबंधित विभाग को स्थल निरीक्षण कर आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने दुगीपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र में चिकित्सक की नियमित उपलब्धता, नदी पार स्वास्थ्य सुविधा, पीडीएस व्यवस्था, आंगनबाड़ी केंद्र में बिजली तथा भूमिहीन परिवारों को नियमानुसार वासगीत पर्चा देने की मांग रखी। डीएम ने सभी शिकायतों की जांच कर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सुदूरवर्ती और सीमावर्ती क्षेत्रों तक सरकारी योजनाओं एवं बुनियादी सुविधाओं का लाभ पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को भ्रमण के दौरान सामने आए मामलों को विभागवार सूचीबद्ध कर कार्रवाई की नियमित समीक्षा करने तथा जनहित के जरूरी मामलों में अनावश्यक देरी नहीं करने का निर्देश दिया।

इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता (आपदा), बीडीओ एवं सीओ दिघलबैंक सहित ऋछऊ RWD, PHED, विद्युत विभाग और अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# खेत में पैर फिसलने से वृद्ध की मौत, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के मुरौली खुर्द गांव में एक खेत में पैर फिसलने से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई।मृतक की पहचान कुलदीप




शर्मा (75 वर्ष), पिता- स्व. मुनेश्वर शर्मा, ग्राम- पंचपोखरी, थाना- टंडवा, जिला- औरंगाबाद के रूप में की गई है।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि वृद्ध खेत की ओर गए थे, इसी दौरान पैर फिसलने से गंभीर चोट लग गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। थानाध्यक इमरान आलम ने बताया कि घटना की सूचना पर पहुंची कुटुंबा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पटना के पालीगंज पूर्वी मंडल में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत कार्यशाला आयोजित

## पीएम मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल पर हुई चर्चा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत पटना के पालीगंज पूर्वी मंडल की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लवकुश कुमार ने की, जबकि कार्यक्रम का कुशल संचालन मंडल महामंत्री रविकान्त शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी कुमुद रंजन ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना एक दिन की छुट्टी लिए पिछले 25 वर्षों तक लगातार देश की सेवा की है। उनका पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा है। वहीं, जिला उपाध्यक्ष विनोद शर्मा ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे अभियान के तहत हर घर में प्रधानमंत्री मोदी के आशीर्वाद के रूप में एक दीया अवश्य जलाएं।



कार्यशाला के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने संगठनात्मक अभियानों की जानकारी दी। विधानसभा संयोजक नारायण कुमार ने 'आंगन मिलन सेवा' अभियान के बारे में विस्तार से बताया, जबकि जिला युवा मोर्चा के महामंत्री राजू सिंह ने समाज हित में रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यकताओं से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इसके अलावा जिला मंत्री जितेंद्र यादव ने भी अपने विचार रखे। इस कार्यशाला में पालीगंज पूर्वी मंडल के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल महामंत्री राजकुमार वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष संजय शर्मा, जितेंद्र सिंह, जयराम प्रसाद, मंडल मंत्री नीरज कुमार, शिवउदय शर्मा, महेश बिंद, रामचंद्र, आयुष राज और कुंदन कुमार समेत अन्य स्थानीय कार्यकताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक के अंत में सभी ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों और अभियानों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# पटना के पालीगंज में लोजपा (आर) ने किया संगठन का विस्तार

## नए पदाधिकारियों की घोषणा; सुनील यादव ने दी बधाई

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने अपने संगठन को और अधिक मजबूत व धारदार बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया है। इसी कड़ी में पटना पश्चिमी के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राम लखन यादव द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए कई नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इस आशय की घोषणा पालीगंज प्रखंड क्षेत्र के जिनपुरा गांव स्थित राम लखन सिंह यादव के आवास पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान की गई।

पार्टी के जनाधार को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने और जमीनी स्तर पर संगठन को सक्रिय करने के उद्देश्य से जयमंगल सिंह को प्रधान जिला महासचिव, गुलफान हुसैन को प्रखंड अध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ), उमेश यादव को प्रखंड अध्यक्ष (पिछड़ा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ) व जितेंद्र यादव को जिला महासचिव (पिछड़ा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ) की जिम्मेदारी दी गयी है।

इन नई नियुक्तियों के अवसर पर पालीगंज विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के पूर्व प्रत्याशी और वरिष्ठ नेता सुनील कुमार यादव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में उम्मीद जताई कि सभी नए पदाधिकारी पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि ये सभी नेता पार्टी कार्यकताओं को एकजुट करने और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर कार्यक्रम में मौजूद पार्टी के अन्य कार्यकताओं और स्थानीय समर्थकों ने भी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया और उनके उज्ज्वल व सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

# पटना के बिहटा में निर्माणाधीन खुले नाले में मिला व्यक्ति का शव

## नगर परिषद की लापरवाही से परिजनों में भारी आक्रोश

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बिहटा चीनीमिल ओपी क्षेत्र के राघोपुर गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक और सनसनीखेज मामला सामने आया। गांव में स्थित नगर परिषद के एक निर्माणाधीन खुले नाले में पानी के बीच एक व्यक्ति का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। मृतक की पहचान राघोपुर गांव निवासी कृष्णा महतो के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राघोपुर क्षेत्र में नगर परिषद की ओर से नाले का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जो अभी अधूरा पड़ा है। इस निर्माणाधीन नाले में काफी पानी जमा था। मंगलवार को इसी जमे हुए पानी के बीच कृष्णा महतो का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलते ही चीनीमिल ओपी की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने नगर परिषद पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि नाले का निर्माण कराने के बाद उसे खुला छोड़ दिया गया था, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और इस लापरवाही के लिए जो भी दोषी हैं, उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए बिहटा थानाध्यक्ष अमित कुमार ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का जायजा लिया और स्थिति की जांच शुरू की। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। परिजनों की ओर से अभी लिखित आवेदन मिलना बाकी है, आवेदन प्राप्त होते ही प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर गहनता से जांच कर रही है।

# बारिश में मलेरिया का खतरा, 14 मरीज मिले

## पोठिया में 12 और कोचाधामन में दो मामले, सभी का सफल उपचार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



बारिश के मौसम में जलजमाव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से मलेरिया का खतरा भी बढ़ जाता है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और बुखार होने पर समय पर जांच कराने की अपील की है। जिले में जनवरी 2026 से अब तक मलेरिया के 14 मरीज मिले हैं। इनमें 12 मरीज पोठिया और दो कोचाधामन प्रखंड के हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सभी मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार किया जा चुका है।

जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने लोगों से घर और आसपास पानी जमा नहीं होने देने तथा नियमित साफ-सफाई रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बुखार को सामान्य समझकर स्वयं दवा लेने के बजाय नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करानी चाहिए। समय पर जांच और उपचार से बीमारी को गंभीर होने से रोका जा सकता है।

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. मंजर आलम ने बताया कि मलेरिया को लेकर जिले में लगातार निगरानी की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सदर अस्पताल सहित पीएचसी, एपीएचसी, रेफरल अस्पताल और अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मलेरिया की जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध है।

जिला वेक्टर जनित सलाहकार अविनाश रॉय ने बताया कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मलेरिया की जांच निःशुल्क की जाती है तथा पर्याप्त जांच किट उपलब्ध हैं। उन्होंने लोगों से लक्षण दिखाई देने पर सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच कराने की अपील की।

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि पुराने टायर, कूलर, गड्ढों, टूटे बर्तनों और पानी की टंकियों सहित अन्य स्थानों पर जमा पानी मच्छरों के प्रजनन का कारण बन सकता है। इसलिए पानी जमा नहीं होने देना और नालियों की नियमित सफाई जरूरी है। उन्होंने रात में मच्छरदानी का इस्तेमाल करने तथा शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनने की सलाह दी।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार ठंड लगकर बुखार आना, कंपकंपी, तेज बुखार, पसीना आना, सिरदर्द, शरीर में दर्द और अत्यधिक कमजोरी मलेरिया के संभावित लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर बिना देरी किए जांच करानी चाहिए। समय पर पहचान और उपचार से मलेरिया को गंभीर होने से रोका जा सकता है।

# प्रतियोगी छात्रों का पटना में उग्र प्रदर्शन

## दारोगा और बीपीएससी 70वीं परीक्षा रद्द करने की मांग

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ राजधानी पटना में मंगलवार को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। दारोगा भर्ती और बीपीएससी 70वीं परीक्षा को रद्द करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में छात्र जेपी गोलंबर पर एकजुट हुए और वहां से रामगुलाम चौक तक सड़क को पूरी तरह जाम कर दिया। इसके बाद छात्रों का हुजूम विधानसभा की ओर कूच कर गया। छात्रों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आई। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने आर ब्लॉक से जीपीओ और जीपीओ से आर ब्लॉक जाने वाले मुख्य मार्ग को बंद कर कड़े बैरिकेडिंग व घेराबंदी की। विधानसभा से महज 50 मीटर पहले पुलिस ने छात्रों को रोकने का कड़ा प्रयास किया। इस दौरान कुछ छात्र पुलिस का घेरा तोड़कर आगे निकल गए, जिन्हें पुलिस ने बलपूर्वक रोकते हुए कई छात्रों को हिरासत में ले लिया। कुछ छात्र विधानसभा का घेराव करने पहुंचे, जिन्हें पुलिस ने खदेड़ते हुए यारपुर की ओर भेज दिया। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के तहत सत्यमूर्ति के पास विधानसभा का मुख्य गेट भी पूरी तरह बंद कर दिया गया था। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल, दंगा रोधी दस्ता और रैपिड एक्शन फोर्स (RAF) के जवान तैनात रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी कार्तिकेय शर्मा लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। छात्रों की प्रमुख मांगों में 1799 पदों वाली दारोगा मुख्य परीक्षा को तुरंत रद्द किया जाए, बीपीएससी 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा को रद्द किया जाए, बिहार पुलिस अधीनस्थ सेवा आयोग (BPSSC) की इंटर स्तरीय परीक्षा की नई तिथि जल्द घोषित हो। तथा सभी प्रतियोगी परीक्षाओं का एक पारदर्शी वार्षिक कैलेंडर जारी किया जाए शामिल है।

छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस विरोध प्रदर्शन के कारण शहर के कई हिस्सों में ट्रैफिक व्यवस्था भी कुछ देर के लिए प्रभावित रही।

# चांडिल गांगुडीह कैनाल में गिरा बालू लदा टीपर, बड़ा हादसा टला

**समाज जागरण**

चांडिलः थाना क्षेत्र के गांगुडीह कैनाल में मंगलवार तड़के करीब 3:30 बजे एक बालू लदा टीपर अनियंत्रित होकर जा गिरा. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया.



प्रारंभिक जानकारी के अनुसार टीपर बालू लेकर जा रहा था. इसी दौरान गांगुडीह कैनाल के समीप चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और टीपर सीधे कैनाल में जा गिरा. राहत की बात यह है कि फिलहाल इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है.

हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है. वाहन की रफ्तार अधिक थी या दुर्घटना के पीछे सड़क की स्थिति अथवा कोई अन्य कारण था, इसकी जानकारी जांच के बाद ही सामने आ सकेगी. वहीं, तड़के बालू लदे टीपर के परिचालन को लेकर यह सवाल भी उठ रहा है कि वाहन में लदा बालू वैध चालान के साथ परिवहन किया जा रहा था या नहीं. संबंधित विभाग और पुलिस की जांच में इसकी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

# पटना के पालीगंज में सरकारी योजना की खुली पोल

## वार्ड 20 में लगे 'जन सहयोग शिविर' से कई विभागों के अधिकारी रहे नदारद, खाली मिले काउंटर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार सरकार द्वारा आम जनता की समस्याओं का समाधान उनके वार्ड और पंचायतों में ही करने के लिए 'जन सहयोग शिविर' आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत सभी प्रखंडों में बीडीओ और नगर पंचायतों में कार्यपालक अधिकारियों को शिविर लगाकर विभिन्न विभागों के



माध्यम से त्वरित निष्पादन का आदेश है। लेकिन, पालीगंज नगर पंचायत क्षेत्र में इस योजना की पोल खुलती नजर आ रही है। मंगलवार को पालीगंज नगर पंचायत के वार्ड संख्या 20 स्थित मध्य विद्यालय खपुरा में जन सहयोग शिविर का आयोजन किया गया था। जब एक पत्रकार इस शिविर की कवरेज करने पहुंचे, तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग और नगर पंचायत के कुछ कर्मियों को छोड़कर अधिकांश विभागों के पदाधिकारी या कर्मी पूरी तरह अनुपस्थित थे। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, पंचायती राज विभाग, गृह विभाग, उत्पाद विभाग और बैंकों से जुड़े काउंटर पूरी तरह खाली पड़े थे और उन पर एक भी प्रतिनिधि मौजूद नहीं था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जब पालीगंज एसडीएम को मोबाइल पर वस्तुस्थिति की जानकारी दी गई और मीडियाकर्मी वीडियो-फोटो बनाने लगे, तो इसकी सूचना नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी भावना को दी गई। सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचीं। जब उनसे खाली काउंटरों और अधिकारियों की अनुपस्थिति के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि सभी विभागों को इसकी जानकारी दी गई थी, अगर विभाग से कोई नहीं आया तो वे क्या कर सकती हैं। वहीं, उत्पाद विभाग और जीविका के कर्मियों के बारे में उन्होंने कहा कि वे आए थे और चले गए। गौर करने वाली बात यह है कि शिविर का समय शाम 4 बजे तक निर्धारित था, ऐसे में दोपहर में ही कर्मियों के चले जाने और कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा संतोषजनक जवाब न दे पाने से प्रशासनिक व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। इस लचर व्यवस्था ने सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना की जमीनी हकीकत को उजागर कर दिया है।

# प्रदेश में आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा 'सेवा संकल्प अभियान'

**- सीएम योगी के निर्देश पर एक माह तक होंगे 12 प्रमुख कार्यक्रम**
**- सभी जनपदों में प्रत्येक कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी नामित होगा**
**- जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाने पर जोर**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 15 सितंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सभी जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों को निर्देशित किया है कि आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर, 2026 तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पिछले वर्षों में हुए विकास कार्यों से जनजीवन में आए सकारात्मक बदलावों को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही प्रत्येक नागरिक को ह्यविकसित भारत-2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित विभागों को अपनी महत्वपूर्ण परियोजनाओं, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं का विधानसभा क्षेत्रवार, विकासखंडवार तथा ग्राम पंचायतवार विस्तृत विवरण तैयार करने को कहा गया है। इस अभियान के दौरान लाभार्थियों की जानकारी भी विधानसभा, ब्लॉक और ग्राम पंचायतवार तैयार की जाएगी। विकास कार्यों के ह्यपहले और बादह्ण के फोटो, वीडियो, ड्रोन फुटेज तथा रील्स का डाटा बैंक तैयार किया जाएगा, ताकि विकास कार्यों के प्रभाव को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया जा सके।

**उटकर पोर्टल पर प्रतिदिन दर्ज होगी प्रगति**

अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों और विकास कार्यों की प्रगति का विवरण फोटो एवं वीडियो सहित राज्य स्तरीय उटकर पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा। इसकी प्रगति प्रतिदिन दर्ज की जाएगी, जिससे अभियान की गतिविधियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित हो सके। अभियान शुरू होने से पहले सभी विभागों एवं जनपदों को कार्यक्रमों की समय-सारणी निर्धारित करने, लाभार्थियों का डेटाबेस तैयार करने, कार्यक्रम स्थलों का चिन्हांकन, यात्रा रूट तय करने, व्यवस्थापन टीमों का गठन, नोडल अधिकारियों की तैनाती तथा आवश्यक बजट की समय से व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

**12 प्रमुख कार्यक्रमों का होगा आयोजन**

अभियान के अंतर्गत 12 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनके लिए कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य, गतिविधियां, क्रियान्वयन एवं संबंधित विभागों की जिम्मेदारियों का विस्तृत विवरण तैयार किया गया है। संबंधित विभागों और जनपदों को निर्धारित समय-सारणी के अनुसार इन कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**साप्ताहिक समीक्षा से होगी निगरानी**

अभियान की प्रगति की नियमित समीक्षा के लिए विभिन्न स्तरों पर व्यवस्था की गई है। विभागीय अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव स्तर पर संबंधित कार्यक्रमों की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। मंडलायुक्त मंडल के समस्त जनपदों की तथा जिलाधिकारी अपने-अपने जनपद के सभी कार्यक्रमों की साप्ताहिक समीक्षा करेंगे।

# नीमडीह में दिनदहाड़े चेन स्नैचिंग!

## 'मौसी' कहकर बुजुर्ग महिला को बातों में उलझाया, बाइक सवारों ने झपटी सोने की चेन

**समाज जागरण**

चांडिल। सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह थाना क्षेत्र में सोमवार को दिनदहाड़े चेन झपटमारी की घटना से ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई। लुपुंगडीह पंचायत के बुरुडूंगरी लेंगडीह गांव में बाइक सवार दो युवकों ने 72 वर्षीय बावली सेन को बातचीत में उलझाकर उनके गले से सोने की चेन झपट ली। वारदात के बाद दोनों युवक तेज रफ्तार में मौके से निकल गए।











जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 10:45 बजे बावली सेन अपने घर के पास तालाब की ओर थीं। इसी दौरान बाइक से पहुंचे दो युवकों ने उन्हें ह्यमौसीह्ण कहकर बातचीत शुरू की। महिला कुछ समझ पातीं, इससे पहले ही एक युवक ने उनके गले में पहनी सोने की चेन पर झपट्टा मार दिया।

अचानक हुई इस घटना में महिला ने चेन पकड़ने का प्रयास किया। छीना-झपटी के दौरान चेन टूट गई और उसका कुछ हिस्सा महिला के हाथ में रह गया। इसके बाद दोनों युवक बाइक से न्यू बायपास-18 हाईवे की ओर भाग निकले। महिला के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें पकड़ नहीं सके। पीड़िता ने बताया कि सोने की उक्त चेन उन्होंने वर्ष 2021 में करीब 66 हजार रुपये में खरीदी थी। घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी।

सूचना मिलते ही नीमडीह थाना प्रभारी दिलशन बिरुआ और एसआई रतन लाल मुर्मू पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। पुलिस ने पीड़िता से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। आरोपियों की पहचान के लिए आसपास के संभावित रास्तों और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

दिन के उजाले में गांव के भीतर हुई इस वारदात के बाद स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बाहरी बाइक सवारों की गतिविधियों पर नजर रखने की जरूरत है। फिलहाल पुलिस आरोपियों तक पहुंचने के लिए उनके भागने के रास्ते और उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

# पटना के पालीगंज में बस संचालकों के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक टाइम-टेबल और यात्री सुविधाओं की समीक्षा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुचारू और व्यवस्थित बनाने की दिशा में प्रशासन ने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 15 सितंबर 2026 को अनुमंडल सभा कक्ष, पालीगंज में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता और कार्यपालक दंडाधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के सभी प्रमुख बस मालिकों और ट्रांसपोर्ट संचालकों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य एजेंडा बसों के टाइम-टेबल (समय-सारणी) से जुड़े विभिन्न विषयों की गहन समीक्षा करना और परिचालन में आ रही व्यावहारिक बाधाओं को दूर करना था। वर्तमान समय-सारणी के क्रियान्वयन, बसों के आवागमन में होने वाली देरी, और यात्रियों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए आवश्यक समायोजन पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।



प्रशासनिक अधिकारियों ने बस मालिकों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए इस बात पर विशेष जोर दिया कि सभी बसें निर्धारित टाइम-टेबल का सख्ती से पालन करें। कई बार यह शिकायतें मिलती हैं कि बसें तय समय पर न चलकर अपनी मर्जी से संचालित होती हैं, जिससे दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों और कामकाजी लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसे गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने चेतावनी दी कि मनमाने तरीके से बसों का संचालन अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक के दौरान बस चालकों और मालिकों की समस्याओं को भी सुना गया, जिस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए प्रशासन ने हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। अंत में, सभी बस संचालकों को आपसी समन्वय स्थापित करने और यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा को ध्यान में रखते हुए नियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक एवं कड़े दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासन के इस कदम से उम्मीद जताई जा रही है कि पालीगंज क्षेत्र में बस सेवा और अधिक समयबद्ध व सुगम हो सकेगी।

# ईचागढ़ की जनसमस्याओं को लेकर राजभवन पहुंचे पप्पू वर्मा, समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

**समाज जागरण**

चांडिल। ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जनसमस्याओं को लेकर भाजपा के सरायकेला-खरसावां जिला मंत्री रूपेश वर्मा उर्फ पप्पू वर्मा के नेतृत्व में सामाजिक कार्यकताओं ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सरकार और संबंधित विभागों से शीघ्र कार्रवाई की मांग की।



मांग पत्र में स्वर्णरेखा परियोजना के विस्थापितों के लंबित मुआवजे का भुगतान, विस्थापित परिवारों को जमीन का पट्टा और रोजगार उपलब्ध कराने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। इसके अलावा पुनर्वास क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं दुरुस्त करने की मांग की गई है।

प्रतिनिधिमंडल ने चांडिल डैम के जलाशय में डूब चुके पारंपरिक श्मशान घाट, छठ घाट और आदिवासी भूमिज-मुंडा समाज से जुड़े समाधि स्थलों के संरक्षण एवं पुनर्वास का मुद्दा भी उठाया। मांग की गई कि इन धार्मिक एवं सामाजिक महत्व वाले स्थलों के संरक्षण के लिए सरकार ठोस पहल करे।

वहीं, ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे हाथी उत्पात को लेकर भी वन विभाग से स्थायी समाधान की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि हाथियों के कारण ग्रामीण इलाकों में जान-माल और फसलों को नुकसान हो रहा है। ऐसे में प्रभावित गांवों में प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था और मानव-हाथी संघर्ष को रोकने के लिए दीर्घकालिक योजना बनाई जानी चाहिए।

चौका क्षेत्र में औद्योगिक प्रदूषण का मुद्दा भी मांग पत्र में शामिल रहा। स्पंज आयरन उद्योगों से कथित प्रदूषण के कारण ग्रामीणों को हो रही परेशानी की जांच कराने और प्रदूषण नियंत्रण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई।

स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में डॉक्टर, नर्स, एंबुलेंस और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाया। साथ ही 50 बेड वाले अनुमंडल अस्पताल को जल्द शुरू करने तथा अस्पताल में चिकित्सकों, नर्सों, टेक्नीशियन सहित जरूरी स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति करने की मांग की गई।

भाजपा नेता रूपेश वर्मा उर्फ पप्पू वर्मा ने कहा कि ईचागढ़ की जनता वर्षों से विस्थापन, प्रदूषण, हाथी समस्या, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और अन्य बुनियादी समस्याओं से जूझ रही है। इन मुद्दों को अब सरकार के समक्ष मजबूती से रखा गया है। उन्होंने कहा कि यदि मांगों पर समय रहते सकारात्मक पहल नहीं हुई तो जनहित में आंदोलन शुरू किया जाएगा। आंदोलन के माध्यम से क्षेत्र की जनता की समस्याओं को व्यापक स्तर पर उठाया जाएगा।

# योगीवीर पहाड़ी से बासुकीनाथ धाम के लिए निकली 54 फिट कांवर यात्रा, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

**समाज जागरण**

गोड्डा मेहरमा के अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित योगीवीर पहाड़ी से बाबा बास्कीनाथ धाम के लिए निकली 54 फीट पैदल कांवड़ यात्रा मंगलवार की सुबह जैसे हीं मेहरमा प्रखंड कार्यालय के नजदीक अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित हरिहर मंदिर पहुंची तो बोलबम,हरहर महादेव, जय शिव, जय बाबा बासुकीनाथ, जय श्रीराम, जय बजरंग बली,जय माता दी के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया।इस दौरान लोगों के बीच कांवर के दर्शन और पूजन के लिए होड़ मच गई। इस दौरान कांवर स्पर्श और उसके साथ सेल्फी लेने के लिए हर कोई बेताब था।यहां से पैदल कांवर यात्रा को ईशीपुर-बाराहाट थानाध्यक्ष मनीष कुमार, पूर्व मुखिया संजय साह, व्यवसायी भोला साह, अमित साह,पकाश शुक्ला, अमरजीत भारती व अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर रविना किया गया।इसमें पीरपैंती विधायक मुरारी पासवान भी शामिल हुए।इस दौरान स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का शुद्ध पेयजल व जलपान से स्वागत किया गया।कांवर यात्रा मेहरमा, सुरनी, डोय, घोरीचक, ललमटिया, महागामा, पथरगामा, गोड्डा, पोडैयाहिट, हंसडिहा होते हुए गुरुवार



17 सितंबर)को बासुकीनाथ धाम पहंचेगी। जहां बाबा बासुकीनाथ पर जल अर्पित किया जाएगा। घोरीचक में कावरियों का हुआ स्वागत घोरीचक पेट्रोल पंप के नजदीक पंप मालिक मयंक कुमार, जिप सदस्य कदमी देवी, समाजिक कार्यकर्ता अरूण राम, रजनीश आनंद, रमेश कुमार, डिम्पल रंजन, प्रभाष सिन्हा, शत्रुघ्न सिंह,जयप्रकाश यादव सहित अन्य के द्वारा कांवर की पूजा अर्चना के पश्चात कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत शुद्ध व शीतल पेयजल, फल, मिष्ठान, चाय व अन्य जलपान से किया गया। कांवर यात्रा में मुख्य रूप से राजा राजपूत, संजय ठाकुर, अभय पासवान, रामू सिंह, व्यास मुनि, राधे राम, सहित अन्य शामिल हैं।

# पटना के बिक्रम अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ 17 सितंबर से आंदोलन करेगा भारतीय किसान संघ मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री को भेजा जाएगा मांग पत्र

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिक्रम प्रखंड स्थित महजपुरा पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को भारतीय किसान संघ पटना जिला की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष विश्वामित्र शर्मा ने की, जिसमें अंचल कार्यालयों में लगातार बढ़ रहे भ्रष्टाचार, परिमार्जन, दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) और भूमि अधिग्रहण जैसी गंभीर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। किसानों से जुड़े इनलंबित और जटिल मामलों पर रोष व्यक्त करते हुए संघ ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार, बिहार प्रदेश के निर्देश पर किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए आगामी 17 सितंबर से चरणबद्ध आंदोलन का आगाज किया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान और राजस्व संबंधी सभी कार्यालयों में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित कराने के लिए यह आंदोलन बेहद आवश्यक हो गया है। बता दें कि 17 सितंबर को भगवान बलराम की जयंती 'किसान दिवस' के रूप में मनाई जाती है। इसी पावन अवसर पर प्रदेशभर में ग्राम समिति पूजन एवं उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत, राज्य के मुख्यमंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री तथा संबंधित जिलाधिकारियों को मांग पत्र भेजने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। योजना के तहत बिहार प्रदेश के करीब पांच हजार गांवों की ग्राम समितियों द्वारा मांग पत्र भेजने का संकल्प लिया गया है। वहीं अकेले पटना जिले के लगभग 250 गांवों में ग्राम समितियों के माध्यम से विशेष प्रस्ताव पारित कर अधिकारियों व मंत्रियों को मांग पत्र भेजने की पुख्ता तैयारी की गई है। बैठक में उपस्थित तमाम जिला कार्यकारिणी सदस्यों, प्रखंड अध्यक्षों और मंत्रियों ने इस आंदोलन की रूपरेखा पर अपनी पूरी सहमति जताई। इस महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्र संगठन मंत्री हेमराज, दक्षिण बिहार प्रांत अध्यक्ष पवन कुमार, प्रांत मंत्री अशोक कुमार, उपाध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद यादव, पटना जिला युवा प्रमुख राजू कुमार, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार, जिला मंत्री श्याम किशोर शर्मा और टुनटुन कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में किसान प्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आंदोलन की घोषणा से प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है।





# पूर्व सैनिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा की राह आसान, 13 जिलों में ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक के लिए मुफ्त जमीन

**- योगी सरकार की बड़ी पहल, 18 लाख पूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य लाभ के लिए बढ़ेगा ईसीएचएस नेटवर्क**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 15 सितंबर। योगी सरकार ने पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के तहत प्रदेश के 13 जिलों में पॉलीक्लीनिक की स्थापना/निर्माण के लिए ग्राम पंचायतों और स्थानीय प्राधिकरणों की भूमि स्थानीय सैन्य प्राधिकरण (एलएमए), सेंट्रल कमांड और भारत सरकार को निःशुल्क हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव को सीएम योगी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इससे संबंधित पॉलीक्लीनिक के निर्माण की राह आसान होगी और पूर्व सैनिकों को अपने नजदीक बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी।

**करीब 18 लाख पूर्व सैनिकों को मिलेगा स्वास्थ्य सुविधा का लाभ**

उत्तर प्रदेश में करीब 18 लाख भूतपूर्व सैनिक हैं। ईसीएचएस के माध्यम से इन्हें बेहतर चिकित्सा लाभ शीघ्र प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध होगी। योजना में लाभार्थियों को कैशलेस उपचार प्रदान करने का प्रयास है। ऐसे में प्रदेश में नए पॉलीक्लीनिक स्थापित होने से पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का दायरा बढ़ेगा।

**13 जिलों में पॉलीक्लीनिक के लिए भूमि की जरूरत**

ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक की स्थापना/निर्माण के लिए प्रदेश के 13 जिलों में भूमि की आवश्यकता बताई गई है। इनमें इटावा, जालौन, लखीमपुर खीरी, बिजनौर, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर, बांदा, गाजीपुर, मिजार्पुर, देवरिया, सुल्तानपुर, आजमगढ़ और गोंडा शामिल हैं। इन जिलों में ग्राम पंचायतों अथवा स्थानीय प्राधिकरणों की उपलब्ध भूमि को पॉलीक्लीनिक निर्माण के लिए निःशुल्क हस्तांतरित किए जाने की योजना है।

**केंद्र सरकार की ईसीएचएस योजना से कैशलेस इलाज**

पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना, भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग की प्रमुख योजना है। इसे 1 अप्रैल 2003 को शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य ईसीएचएस पॉलीक्लीनिकों, सशस्त्र सेना चिकित्सा सुविधाओं, सरकारी और पैनलबद्ध निजी अस्पतालों के नेटवर्क के माध्यम से भूतपूर्व सैनिक पेंशनभोगियों और उनके आश्रितों को निःशुल्क बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना है।

**जमीन मिलने से निर्माण प्रक्रिया होगी आसान**

पॉलीक्लीनिकों के निर्माण के लिए स्थानीय स्तर पर भूमि उपलब्ध कराने की व्यवस्था से परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। प्रस्ताव के तहत ग्राम पंचायतों और स्थानीय प्राधिकरणों की भूमि को स्थानीय सैन्य प्राधिकरण (एलएमए), सेंट्रल कमांड, भारत सरकार को निःशुल्क हस्तांतरित किया जाना है। इससे चिन्हित जिलों में ईसीएचएस स्वास्थ्य ढांचे को विस्तार देने का रास्ता तैयार होगा।

# किसानों को छह प्रतिशत ब्याज पर लंबी अवधि के लिए छह लाख तक का ऋण

लखनऊ, 15 सितंबर। मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत लघु एवं सीमांत किसानों को रियायती ब्याज दर पर दीर्घकालिक ऋण उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड के माध्यम से किसानों को छह लाख रुपये तक का ऋण छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर लंबी अवधि के लिए दिया जाएगा।

# योगी सरकार में शिक्षक बनने का सुनहरा मौका, यूपी में 15,012 पदों पर भर्ती शुरू

**समाज जागरण**

लखनऊ, 15 सितंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक भर्ती का बड़ा अवसर उपलब्ध कराया है। आयोग ने सहायक अध्यापक और प्रवक्ता संवर्ग (पीजीटी) के कुल 15,012 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के लिए दो महत्वपूर्ण विज्ञापन जारी किए हैं। इससे प्रदेश के हजारों शिक्षित युवाओं को शिक्षक बनने का अवसर मिलेगा।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी के 897 रिक्त पदों तथा बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत सहायक अध्यापक, शहरी के 11,508 रिक्त पदों का विज्ञापन जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त माध्यमिक शिक्षा विभाग के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रवक्ता संवर्ग (पीजीटी) के 2,607 रिक्त पदों के लिए भी विज्ञापन प्रकाशित किया गया है।

**15,012 पदों के लिए दो विज्ञापन, आवेदन प्रक्रिया अलग-अलग**

आयोग द्वारा जारी विज्ञापन के अंतर्गत सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी और सहायक अध्यापक, शहरी के पदों पर भर्ती की जाएगी। इन दोनों श्रेणियों में कुल 12,405 पद शामिल हैं। वहीं विज्ञापन संख्या-06/2026 के तहत प्रवक्ता संवर्ग (पीजीटी) के 2,607 पदों पर भर्ती होगी। इस प्रकार दोनों विज्ञापनों के माध्यम से कुल 15,012 रिक्त पदों को भरा जाएगा।

**12,405 सहायक अध्यापक पदों के लिए 16 सितंबर से आवेदन**

सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी एवं सहायक अध्यापक, शहरी के पदों के लिए विज्ञापन के तहत 15 सितंबर, 2026 को विज्ञापन जारी किया गया है। ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन की प्रक्रिया 16 सितंबर, 2026 से शुरू होगी। अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर, 2026 निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 19 अक्टूबर, 2026 होगी। इन पदों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 3 एवं 4 दिसंबर, 2026 को प्रस्तावित है। भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत 897 सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी तथा बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत 11,508 सहायक अध्यापक शहरी के पदों पर चयन किया जाएगा।

**पीजीटी के 2,607 पदों के लिए 18 सितंबर से आवेदन**

अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रवक्ता संवर्ग (पीजीटी) के 2,607 रिक्त पदों के लिए आयोग ने विज्ञापन जारी किया है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन प्रक्रिया 18 सितंबर, 2026 से प्रारम्भ होगी। पीजीटी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर, 2026 निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर, 2026 होगी। प्रवक्ता संवर्ग के पदों के लिए परीक्षा 15 एवं 16 दिसंबर, 2026 को आयोजित की जाएगी।

**वन टाइम रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था लागू**

अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आयोग ने वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) व्यवस्था लागू की है। संबंधित पदों के लिए आवेदन करने से पहले अभ्यर्थियों को ओटीआर प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। इसके बाद ही वे विज्ञापित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।